सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 08 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 302, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 836 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में जारी तेजी का रुख थम गया जिससे सेंसेक्स 836 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 285 अंक नीचे आ गया। } 14

## सशस्त्र बलों की भलाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ओआरओपी

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू करना देश की अपने नायको के प्रति कृतज्ञता की पुष्टि करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। } 16

# छठ पर्व पर सूर्य को दिया अर्घ्य

विशेष संवाददाता



लखनऊ स्थित लक्ष्मण मेला मैदान में सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं फोटो : अमित वर्मा

लखनऊ। कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाये, कइलीं बरतिया तोहार हे छठ मइया, केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेडराय..., पहिले पहिल हम कइनी छठ मइया बरत तोहार...,छठ पर्व पर ऐसे ही मनमोहक गीतों से लखनऊ शहर गुंजायमान रहा। अवसर था छठ पूजा पर्व का, जिसको शहर में धूमधाम के साथ मनाया गया। व्रती महिलाओं ने गुरुवार शाम को सूर्यास्त के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और नदी व तालाब के किनारे बनी बेदियों पर पूजन-अर्चन किया। छठ पूजा के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को व्रती महिलाएं उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। सूर्य की किरणें दिखने के साथ ही कोसी भरने के बाद सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जायेगा, जिसके बाद व्रत का पारण किया जायेगा।

दोपहर बाद व्रती महिलाएं परिवार व ढोल-ताशा के साथ घरों से निकलकर घाटों की तरफचल पड़ीं। छठ मइया को रिझाने के लिए महिलाएं जोड़ा कल सुपवा लिहले वरती पुकारे, कोपि-कोपि बोलेली छठीय माई, सुपली में नरियर नीमुवा सेउवा, छठी माई दिहले बाड़ी गोदी में लालनवा... जैसे गीत गाते हुए चल रही थीं। उनके हाथ में गन्ना और प्रसाद की थाली थी, साथ चल रहे पुरुषों के सिर पर बांस की टोकरी थी। टोकरी में सूप, फल, सब्जी व पूजन की अन्य सामग्री थी। घाट पहुंचने पर व्रती महिलाएं स्वयं की बनाई वेदी के पास बैठकर उसके चारों ओर गन्ने का मंडप तैयार कराया। फिर मंडप के अंदर बैठकर छठ मइया का विधिवत पूजन किया। सूर्य के अस्त होते समय हाथ में लोटा व प्रसाद लेकर महिलाएं पानी में खड़ी होकर ओम घृणि सूर्य देवाय नमः, ओम दिवाकराय नमः आदि मंत्र का जप करते हुए उनको अर्घ्य दिया।

# जाति-मजहब में बंटे तो दूसरे करेंगे राज

## छठ पर्व पर लक्ष्मण मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने सबको दी बधाई

विशेष संवाददाता



लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान में जलाभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक ओर जहां हम इन पर्व और त्योहारों के साथ जुड़ रहे हैं और लोगों को जोड़ रहे हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो भारत में रहकर भारत के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे लोगों को किसी भी भारतीय को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। जब हम जाति, मत-मजहब से बंटे होते हैं तो दुनिया के दूसरे लोग हम पर राज करते हैं, लेकिन जब हम 140 करोड़ एक साथ बोलेंगे तो भारत की तरफ कोई नजर उठा कर नहीं देख पाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा छठ पर्व पर लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा-370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर कड़ा प्रहार किया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित धारा-370 और 35ए की बहाली के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उनके साथ देश और घाटी को फिर से आतंकवाद की आग में झोंकना चाहते हैं। इनसे जम्मू-कश्मीर का विकास और वहां के बच्चों का उज्वल भविष्य नहीं देखा जा रहा है। अगर कांग्रेस इस प्रस्ताव का विरोध नहीं करेगी तो उसका भी वही हाल होगा जो धारा 370 और 35ए का हुआ है। उन्होंने छठ पर्व की महिमा का बखान करते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की विघटनकारी नीतियों को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। 140 करोड़ भारतवासी हर हाल में देश की एकता और अखंडता के पक्षधर हैं और जो इससे खिलवाड़ करेगा उसको मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 अगस्त 2019 को पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा-370 और 35ए समाप्त कर घाटी से आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोंकने का काम किया। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अब शाहरुख को मिली जान से मारने की धमकी



मुंबई/रायपुर। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है और उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक वरिष्ठ पुलिस शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने आज रायपुर में एक वकील फैजान खान से पूछताछ की तथा उसे नोटिस दिया है। अभिनेता को फैजान के नाम पर दर्ज फोन नंबर से धमकी दी गई थी।

### छप्पर में लगी आग, दो बच्चों की झुलसकर मौत

जालौन। जिले के रामपुरा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को शॉर्ट सर्किट के कारण एक छप्पर में आग लगने से दो बच्चों की झुलसकर मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने बताया आज पूर्वाह्न लगभग 10 बजे रामपुरा थाना क्षेत्र के बहराई गांव में किसान दयाशंकर के घर में लगे छप्पर में आग लग गयी। इसमें झुलसकर उसके चार साल के बेटे कन्हैया और एक वर्षीय बेटे सूरज की मौत हो गयी। मोहल्ले के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझायी।

# आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ बढ़ रही सरकार

## आतंकवादियों और उनके पूरे तंत्र से लड़ने के लिए जल्द लायेंगे राष्ट्रीय नीति : अमित शाह

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है।

शाह ने यह भी कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन आतंकवाद की कोई क्षेत्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों - केंद्रीय और राज्य - को निकट समन्वय के साथ काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के रूप में एक मॉडल दृष्टिकोण पेश किया है, जिसे यदि अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा। गृह मंत्री ने आतंकवाद-निरोधक सम्मेलन में कहा, आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा, और इसीलिए हम जल्द ही एक नई राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति लाएंगे जिसमें आप सभी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि नई नीति से राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों को आतंकवाद से निपटने में निकट समन्वय से काम करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हर किसी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को युवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करना पड़ेगा और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा। शाह ने कहा 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सरकारी नौकरियों के लिए बीच में नहीं बदले जा सकते भर्ती के नियम

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के नियमों में तब तक बीच में बदलाव नहीं किया जा सकता जब तक कि ऐसा निर्धारित न किया गया हो।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन जारी करने से शुरू होती है और रिक्तियों को भरने के साथ समाप्त होती है। पीठ ने कहा भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभ में अधिसूचित सूची में दर्ज पात्रता मानदंड को भर्ती प्रक्रिया के बीच में तब तक नहीं बदला जा सकता जब तक कि मौजूदा नियम इसकी अनुमति न दें या विज्ञापन मौजूदा नियमों के विपरीत न हो।

पीठ में न्यायमूर्ति ह्रषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने सर्वसम्मति से कहा कि यदि मौजूदा नियमों या विज्ञापन के तहत मानदंडों में बदलाव की अनुमति है तो इन्हें संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होना चाहिए, मनमाना नहीं पीठ ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अब पराली जलाने पर दोगुना जुर्माना

## खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर सरकार का फैसला

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के लिए जुर्माने की राशि दोगुनी कर दी है। पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों के लिए पराली जलाने पर अब जुर्माना राशि 30,000 रुपये तक हो गई है। बुधवार को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब पराली जलाने पर 2,500 रुपये की जगह 5,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। वहीं दो से पांच एकड़ के बीच भूमि वाले किसानों पर 5,000 रुपये के बजाय 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

वाहनों से निकलने वाले धुएं, धान की पराली जलाने, पटाखों और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के साथ प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के चलते शरद ज्तु के अंत में और सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खतरनाक हो जाता है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के विश्लेषण के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## निर्माणाधीन ब्रिज के गार्डर के नीचे दबकर इंस्पेक्टर की मौत

गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत नकहा रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास गुरूवार को हुए दिल दहला देने वाले दर्दनाक हादसे से सभी लोग सहम उठे। निमार्णी ब्रिज के लिए ट्राला से गार्डर उतारने के दौरान क्रेन के चेन का हुक टूट जाने से गार्डर गिर गया और उसके नीचे बाइक सवार एसएसबी इंस्पेक्टर की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। गार्डर से दबकर शव जमीन से चिपक गया था, जिसे खुरचकर निकालना पड़ा। बाइक पर बैठे दूसरे इंस्पेक्टर मनये कुंडू (42) भी गंभीर रूप से घायल हैं। मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरहरी संवाददाता के अनुसार, नकहा रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज के लिए ट्राला से गार्डर पहुंचाया जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हाथापाई

## राज्य को विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर हंगामा, सदन स्थगित

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर विधानसभा में पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के विरोध और हंगामे के कारण, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिन भर के स्थगित कर दी। इस दौरान भाजपा विधायकों की मार्शलों के साथ हाथापाई भी हुई।

विरोध जता रहे भाजपा विधायक आसन के समीप आ गए और अध्यक्ष ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के निर्देश पर कम से कम तीन विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया, लेकिन विपक्षी सदस्यों के विरोध के कारण हंगामा बढ़ता गया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा सदस्यों ने बुधवार को पारित किए गए प्रस्ताव को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। प्रस्ताव में केंद्र से पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने का ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** स्थानीय लोगों को अपने मकानों का होटल के रूप में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है पर्यटन विभाग

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को मिलेगी पेइंग गेस्ट की सुविधा

जिला संवाददाता



प्रयागराज। महाकुम्भ मेले में देश विदेश से आने वाले लोगों को घर जैसा माहौल और खानपान उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग स्थानीय लोगों को अपने मकानों का पेइंग गेस्ट के तौर पर उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पर्यटन विभाग के माध्यम से अपना पंजीकरण कराकर अच्छे आचरण, स्वच्छता और आवभगत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनके मुताबिक, अधिक से अधिक लोगों को इस व्यवस्था से जोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर और व्हाट्सऐप नंबर भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से ना सिर्फ श्रद्धालुओं को महंगे होटलों के बजाय पेइंग गेस्ट की बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार का साधन मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि हो सकेगी। सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से फिलहाल 2000 मकानों में पेइंग गेस्ट सुविधा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और पंजीकरण के लिए क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय में महज 50 रुपये के शुल्क के साथ फार्म जमा करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जिन मकानों को पेइंग गेस्ट की सुविधा के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा, उनकी सूची मेला प्रशासन की वेबसाइट और ऐप पर भी प्रदर्शित की जाएगी।

वहीं रेलवे के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के आवागमन आदि के बारे में 10 अलग-अलग क्षेत्रीय भाषाओं में उद्घोषणा की जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज रेल मंडल, महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा देने के सभी संभव प्रयास कर रहा है। इन माध्यमों से पर्यटक और श्रद्धालु पेइंग गेस्ट की सुविधा के लिए संपर्क कर सकेंगे। सिंह ने बताया कि पेइंग गेस्ट के लिए लाइसेंस तीन साल के लिए मान्य होगा। इस सुविधा के लिए कम से कम दो और अधिकतम पांच कमरे का पंजीकरण कराने की योजना है। लाइसेंस ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग की लास्ट कम फर्स्ट आउट की नीति को किया निरस्त

विधि संवाददाता

- बेसिक शिक्षा विभाग में टीचरों के स्थानांतरण का मामला

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक छात्र अनुपात बनाए रखने के लिए जून 2024 में लायी गई लास्ट कम फर्स्ट आउट की स्थानांतरण नीति को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने इस संबंध में सरकार द्वारा जारी 26 जून 2024 के शासनादेश और बेसिक शिक्षा विभाग के 28 जून 2024 के सर्कुलर के संबंधित प्रावधानों को मनमाना व जूनियर शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया है। यह निर्णय जस्टिस मनीष माथुर की बेंच ने पुष्कर सिंह चंदेल समेत सैकड़ों अभ्यर्थियों की ओर से अलग-अलग दाखिल 21 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया है। याचिकाओं में 26 जून 2024 के शासनादेश और 28 जून 2024 के सर्कुलर के क्लास 3, 7, 8 और 9 को चुनौती देते हुए कहा गया कि उक्त प्रावधान समानता के मौलिक अधिकार के साथ-साथ शिक्षा के अधिकार अधिनियम के भी विरोधाभासी हैं। याचियों की ओर से दलील दी गयी थी कि उक्त प्रावधानों के अनुपालन में जो शिक्षक बाद में किसी प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त होता है, उसका ही ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- छात्रों को राज्य निर्माण की होनी चाहिए जानकारी (पृष्ठ-02)
- काशी की देव दीपावली को भव्य रूप दे रही सरकार (पृष्ठ-02)
- भारतीय निवेशकों को भूटानी पीएम का निमंत्रण (पृष्ठ-14)
- जेट एयरवेज की बंद संपत्तियों को बेचने का आदेश (पृष्ठ-14)
- सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नहीं होगी नीलामी (पृष्ठ-14)

C M Y K

# काशी की देव दीपावली को भव्य स्वरूप दे रही सरकार

## अयोध्या के दीपोत्सव के बाद अब देव दीपावली के जरिए पूरे विश्व को प्रभावित करेगी सनातन धर्म की आभा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/वाराणसी।** योगी सरकार सनातन धर्म की आभा को पूरे विश्व में प्रसारित रही है। अयोध्या के दीपोत्सव के बाद काशी की देव दीपावली को भव्य बनाने की तैयारी की

- **देव दीपावली पर सनातन संस्कृति, परंपरा व विरासत के साथ ही आधुनिकता का भी होगा समावेश**
- **ग्रीन क्रैकर्स के जरिए भव्य ईको-फ्रेंडली आतिशबाजी से सराबोर होगा वाराणसी का आकाश, 12 लाख दीयों से दैदीप्य होंगे काशी के घाट व कुंड**

जा रही है। देव दीपावली पर संस्कृति, विरासत और परंपरा के संरक्षण के साथ ही अब आधुनिकता का समावेश भी दिखेगा।

योगी सरकार काशी के ऐतिहासिक घाट की दीवार पर सनातन धर्म के अभिन्न अध्यायों का 3डी प्रोजेक्शन के जरिए चित्रण करेगी। प्रक्रिया के अंतर्गत, चेत सिंह घाट पर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग लेजर शो के माध्यम से आधे घंटे का शिव महिमा व मां गंगा के अवतरण पर आधारित शो का आयोजन होगा। योगी सरकार प्रांतीय मेले में शुमार करके देव दीपावली की भव्यता और बढ़ा दी है। प्राचीन संस्कृति की परंपरागत आयोजन और आधुनिकता के तालमेल ने देव दीपावली का आकर्षण पूरे विश्व में और बढ़ा दिया है। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि चेत सिंह घाट पर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग लेजर शो आयोजित होगा। ये शो माँ गंगा के अवतरण और भगवान शिव की महिमा पर आधारित होगा। प्रक्रिया के अंतर्गतए आधे घंटे का शो होना निर्धारित है एजो तीन बार प्रसारित होना प्रस्तावित है। काशी में 15 नवंबर को देव दीपावली मनाई जाएगी। देव दीपावली की शाम उत्तरवाहिनी गंगा के तट के पक्के घाट से लेकर पूर्वी तट तक दीपों की रोशनी में सराबोर होंगे। इसके अलावा कुंडों, तालाबों और सरोवरों के किनारे भी दीपों की रोशनी से जगमग होंगे। काशी में जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए करीब 12 लाख दिये जलाये जायेंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने उस पार रेत पर ग्रीन आतिशबाजी शो का भी आयोजन होगा जो कि ईको-फ्रेंडली होने के साथ ही काशी के आकाश रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर करने का माध्यम बनेगी।



# यूपी उपचुनाव में 'खामोश' रहने वाली कांग्रेस अब हुई एक्टिव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है मतदाताओं को रिझाने के लिए लगातार सियासी दिग्गज रैली और सभा कर वोट मांग रहे हैं। उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक साथ चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि सभी की नजरें इस बात पर हैं कि आखिर कांग्रेस इस चुनाव में कब उतरेगी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी उप चुनाव में संयुक्त रूप से प्रचार करेगी।

लोकसभा चुनाव के तर्ज.पर दोनों दलों के नेता एक मंच एक प्रत्याशी एक स्लोगन के साथ मैदान में उतरेंगे। छठ के बाद दोनों पार्टियों के कैम्पेन का शेड्यूल मीडिया के सामने रखा जाएगा। कांग्रेस उपचुनाव में पूरी ताकत के साथ लगेगी ताकि गठबंधन के वोटर्स में कोई संदेह ना रहे। इसके साथ ही दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्षों की संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उपचुनाव वाले जिलों के समजवादी जिलाध्यक्ष के साथ एक ही गाड़ी में बैठकर चुनाव प्रचार पर निकलेंगे। कांग्रेस ये संदेश देना चाहती है कि जो मोमेंटम लोकसभा चुनाव में बना था वो बना रहे 2027 तक, ताकि भाजपा विरोधी वोट गठबंधन के साथ एकजुट रहे। कांग्रेस और सपा के बीच टिकट बंटवारे को लेकर जो संशय पैदा हुआ था और जो गठबंधन के अंदर विरोधाभास दिखा था उसे खत्म करने के लिये दोनों दलों के हाईकमान ने मिलकर ये फैसला लिया है। बता दें, कि यूपी चुनाव में कांग्रेस ने भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़ने की मंशा जताई थी। हालांकि समाजवादी पार्टी से सीट बंटवारे पर बात नहीं बनने पर कांग्रेस ने उपचुनाव में न उतरने का फैसला किया है। इसको लेकर कई जगह कांग्रेस नेताओं में विरोध भी देखने को मिला। गौरतलब है कि यूपी की सभी 9 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होना था, लेकिन अब वोटिंग एक हफ्ते बाद यानी 20 नवंबर को होगी और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। प्रदेश की फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, , सीसामऊ, , करहल और कुंदरकी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है।

# लंदन में रोड शो से हुआ महाकुम्भ अयोध्या और काशी का प्रचार

## वर्ल्ड ट्रेवेल मार्केट में आकर्षण का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश पर्यटन का स्टाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन ने लंदन में आयोजित तीन दिवसीय वर्ल्ड ट्रेवेल मार्केट डब्ल्यूटीएम के अंतिम दिन रोड शो के माध्यम से ब्रिटेन के साथ-साथ अन्य देशों के टूर-ट्रेवेल आपरेटर्स को महाकुंभ, अयोध्या, काशी, मथुरा की महिमा से परिचित कराया। आगामी महाकुंभ में संगमनगरी प्रयागराज आने के लिए आग्रह किया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लंदन में 5 नवम्बर से 7 नवम्बर तक टूरिज्म एक्सपो वर्ल्ड ट्रेवेल मार्केट का आयोजन किया गया। इसमें विश्व के अधिकतर देशों से हजारों लोग हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश में स्थित महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर प्रचारित और प्रसारित करने के लिए बहुत अच्छा मंच साबित हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने स्टाल लगाया था। जहां पर अयोध्या, काशी, महाकुम्भ, सारनाथ, कुशीनगर सहित प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया गया। विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों को विभिन्न माध्यमों से इन स्थलों के बारे में जानकारी दी गई। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि आगंतुकों ने प्रशंसा करने के साथ-साथ भ्रमण करने की इच्छा भी जताई।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रचार-प्रसार के क्रम में अंतिम दिन सात नवंबर को रोड शो निकाला गया। जिसमें लगभग 100 लोग शामिल हुए। इसमें विभिन्न देशों के आगंतुकों को बताया गया कि यूपी भगवान राम और कृष्ण की धरती है। यही पर भगवान शिव के त्रिशूल पर विराजमान काशी है। इसी तरह अनेक ऐसे आध्यात्मिक स्थल हैं। यहां के नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के बारे में भी लोगों को बताया गया। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में अभी पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास जारी है। इसी क्रम में विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस वर्ष डब्ल्यूटीएम से पहले आइटीबी एशिया सिंगापुर, जाटा टोक्यो जापान, आईएफटीएम टाप रेसा पेरिस फ्रांस, पाटा थाइलैंड बैंकाक, केआईटीएस-कोरिया इंटरनेशनल टूरिज्म शो-2024 आदि में प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जा चुका है।

# डिजिटल युग ने संसदीय लोकतंत्र का स्वरूप बदला : महाना

## सिडनी में आयोजित 67वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस में विस अध्यक्ष ने भाग लिया

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित 67वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि डिजिटल युग ने संसदीय लोकतंत्र का स्वरूप बदल दिया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा दिया है और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के दायरे को व्यापक बनाया है, लेकिन इसके साथ ही लोकतांत्रिक संस्थाओं को डिजिटल दबाव और इसके दुरुपयोग को भी समझना होगा।

सम्मेलन में उन्होंने कहा, कि संसद और विधायिका को इन प्लेटफॉर्म्स की असाधारण भूमिका को समझते हुए जन विश्वास बनाए रखने के लिए प्रयास करने होंगे। महाना ने जोर देकर कहा कि फर्जी खबरों के प्रभाव से संसदीय प्रक्रिया को बचाने के लिए विधायिकाओं को सशक्त तंत्र विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाइक और शेयर कभी भी वोटों का स्थान नहीं ले सकते। वोट वास्तविक होते हैं, जबकि डिजिटल सपोर्ट अक्सर वास्तविकता से परे हो सकता है। इसलिए, लोकतंत्र में असल मुद्दों और वोटिंग प्रक्रिया का महत्व हमेशा रहेगा। महाना ने यह भी उल्लेख किया कि भारत की संसद ने पारदर्शिता और तकनीकी उन्नति के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कई प्रयास किए हैं। उत्तर प्रदेश और अन्य भारतीय राज्यों ने एआई जैसी प्रौद्योगिकियों को अपनाकर नागरिकों की पहुंच को आसान बनाया है, ताकि वे विधायी प्रक्रियाओं में भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रगति के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं पर संसद को नजर रखनी होगी। लोकतांत्रिक सिद्धांतों की सुरक्षा और मीडिया के सिंथेटिक तत्वों के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करना सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देश में, प्रदेश में, समाज में, यहां तक कि अपने परिवार में भी होती है। इसके विभिन्न आयाम होते हैं पर इसकी भी एक लक्ष्मण रेखा होनी चाहिए। इस संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोशिएशन (सीपीए), का वार्षिक सम्मेलन, जो 5 से 8 नवंबर तक सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में हो रहा है, में लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही है। विभिन्न देशों और राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, यह सम्मेलन लोकतंत्र की स्थिरता और मजबूती के लिए विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का यह वार्षिक सम्मेलन है। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता है।



# महाकुम्भ में कई दलित बनेंगे महामंडलेश्वर, महंत और थानापति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/प्रयागराज।** संगम की रेत पर लगने जा रहे महाकुम्भ मेले में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि की अगुवाई में कई दलित सन्यासियों का पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर, महंत और थानापति बनाया जाएगा। स्वयं दलित समाज से आने वाले और जूनागढ़ के पीठाधीश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि ने बताया कि अभी तक उन्होंने 907 लोगों को सन्यास दीक्षा दिलाई है जिसमें 370 सन्यासी दलित समाज से हैं।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज के महाकुम्भ मेले में दलित समाज से आने वाले कई सन्यासियों का पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत, पीठाधीश्वर, श्रीमहंत, थानापति और सचिव आदि पदों पर आसीन किया जाएगा। स्वामी महेंद्रानंद गिरि ने बताया कि सनातन धर्म से वंचित लोगों को जोड़ा जा रहा है और उन्हें सनातन धर्म की शुचिता और आचार व्यवहार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके अनुसार, सनातन धर्म में इन लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा रही है ताकि ये भटके हुए लोगों की सनातन धर्म में वापसी करा सकें। उन्होंने बताया कि चार माह पूर्व प्रयागराज में यमुना तट पर स्थित मौजगिरि आश्रम में दलित संत कैलाशानंद को महामंडलेश्वर बनाया गया था। अखाड़ा परिषद के महामंत्री और जूना अखाड़ा के संरक्षक महंत हरि गिरि के नेतृत्व में दलितों को सनातन धर्म से जोड़ने की जिम्मेदारी महेंद्रानंद गिरि को सौंपी गई है।



# छठ महापर्व के साक्षी बन रहे मनरेगा के तहत बने अमृत सरोवर

## छठ पूजा के लिए तालाबों का किया गया सौंदर्यीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक आस्था के महापर्व छठ को प्रदेश भर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है।। उपासकों द्वारा डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण किया जाता है। इस दौरान सभी व्रती भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। प्रदेश भर में जहां-जहां पर इस पर्व को मनाया जाता है, वहां मनरेगा योजना के अंतर्गत विकसित किये गये तालाब/अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण किया गया है। छठ पूजा से पहले ही इसकी स्थानीय स्तर पर तैयारी कर तालाबों का सौदर्यीकरण किया गया। तालाबों का रंग.रोगन एवं लाइटिंग कर सौंदर्यीकरण का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के तहत बनाए गए अमृत सरोवरों पर छठ की छटा दिखाई भी दे रही है। बड़ी संख्या में अमृत सरोवरों पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित अमृत सरोवरों पर साफ-सफाई, पक्की सीढ़ियों के निर्माण और स्वच्छ पानी होने से छठ पूजा करने में लोगों को मदद मिल रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिशा-निर्देशन में छठ महापर्व शुरू होने से पूर्व ही सभी घाटों, नदियों, तालाबों और अमृत सरोवरों पर साफ-सफाई कर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित किए गए अमृत सरोवरों पर बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा को मना रहे है। छठ महापर्व पर अमृत सरोवरों पर महिलाओं द्वारा विधिपूर्वक घाट बांधकर पूजा की जा रही है। अमृत सरोवरों पर छठ पूजा करने की सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ साफ-सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था भी कराई गई। घाटों की सुंदरता बढ़ाने के लिए रंगीन लाइटों का भी प्रयोग किया गया।

### 'गांवों में गूंज रहे छठ मइया के गीत'

बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश में भी छठ का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। खासकर पूर्वांचल में बड़ी संख्या में विकसित अमृत सरोवरों पर छठ महापर्व की पूजा और छठी मइया के गीतों से माहौल भक्तिमय हो रहा है। वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, बलिया, सोनभद्र, देवरिया, आजमगढ़, गोरखपुर, कुशीनगर के साथ-साथ कई जनपदों में अमृत सरोवरों पर आस्था का जन सैलाब उमड़ रहा है। अमृत सरोवरों पर मनाई जा रही छठ पूजा को लेकर आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण इलाकों में विकसित अमृत सरोवरों पर बड़ी संख्या में छठ पूजा का सफल आयोजन बड़ी उपलब्धि है तथा इससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा भी मिल रहा है। तथा लोग जल संरक्षण से जुड़ी विभागीय योजना का लाभ भी उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई ग्राम पंचायतों द्वारा छठ पूजा को लेकर तालाबों का किया गया सौंदर्यीकरण का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।



# छात्रों को होनी चाहिए राज्यों के निर्माण की जानकारी : राज्यपाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सामान्यतः दक्षिण भारत की संस्कृति को जानने का प्रयास कम होता है और इस तरह के कार्यक्रमों से इन राज्यों की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न प्रदेशों के युवा विद्यार्थीगण परस्पर एक-दूसरे राज्य में जाकर वहां की

- **राजभवन में कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य का स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न**

भाषा और संस्कृति सीखते हैं, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने में मदद मिलती है।

राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों के स्थापना दिवस में भाग ले रही थी। इस अवसर पर कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य की प्रस्तुति के साथ-साथ राज्यों की सांस्कृतिक विविधता एवं अद्यतन विकास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जानें, क्योंकि जब तक हम विभिन्न भाषाएं नहीं सीखेंगे, हम क्षेत्रीय साहित्य और ज्ञान तक नहीं पहुंच सकते। उन्होंने अपनी भाषा का महत्व समझने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में कर्नाटक और तमिलनाडु के लोक नृत्यों की ऊजार्वान प्रस्तुति करने वाले कलाकारों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कलाकारों की अभिव्यक्तियों और भावभंगिमाओं से उनके संदेश को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इन कलाकारों की मुद्राओं और भाषाओं को सीखें, जो सांस्कृतिक अध्ययन का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने तमिलनाडु में स्थित 'विवेकानंद स्टैचू' को महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केन्द्र बताया और 'काशी तमिल' समागम का उल्लेख करते हुए कहा कि इन स्थलों से लोगों को एकजुट करने और हमारी साझा संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने तमिलनाडु के विश्व धरोहर स्थल महाबलीपुरम का भी जिक्र किया, जहां पांच पांडवों का मंदिर स्थित है। राज्यपाल ने रामेश्वरम, कांचीपुरम और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को दर्शनीय तथा ऐतिहासिक बताया। रामेश्वरम और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रामेश्वरम न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह हमारे देश के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम को मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है और उनके योगदान से भारत की सामरिक शक्ति सुदृढ़ हुई। उन्होंने भारतीय प्राचीन ग्रंथों में हुए आविष्कारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास अत्यधिक समृद्ध था, लेकिन एक कालखंड ऐसा आया जब कई महत्वपूर्ण जानकारियां नष्ट हो गईं। आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण का प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल ने कर्नाटक राज्य की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैसूर महल एक स्वर्ण महल था, जो कर्नाटक की ऐतिहासिक महिमा का प्रतीक है।





# सपा ने मैनाठेर के थानाध्यक्ष को निलम्बित करने की उठायी मांग

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र यादव और राधेश्याम सिंह ने सौंपकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन देकर मांग की है कि मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र में आन ड्यूटी और पुलिस ड्रेस में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने व भाजपा पदाधिकारी के साथ पुलिस ड्रेस में फोटो खिंचवाने वाले पुलिस थाना मैनाठेर के पुलिस थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाए, मतदाताओं में भय का वातावरण बनाने वाले पुलिस थाना कुंदरकी के पुलिस थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत व कुंदरकी पुलिस चौकी के प्रभारी राजनाथ का स्थानान्तरण तत्काल प्रभाव जनपद से बाहर किया जाये जिससे निष्पक्ष, स्वतंत्र, भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। ज्ञापन के अनुसार मुरादाबाद 29-कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना मैनाठेर के पुलिस थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह पुलिस ड्रेस में ऑन ड्यूटी खुलेआम भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे है और पुलिस ड्रेस में भाजपा पदाधिकारी के साथ फोटो खिचवां रहे है (किरनपाल सिंह की भाजपा पदाधिकारी के साथ फोटो साक्ष्य के रूप में संलग्न है।), पुलिस थाना कुंदरकी के पुलिस थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत व पुलिस चौकी कुंदरकी के प्रभारी राजनाथ सिंह सपा के परम्परागत मतदाताओं विशेष रूप से मुस्लिम मतदाताओं से मतदान नहीं करने के लिए दबाव बनाकर उन्हें भयभीत व प्रताड़ित कर रहे है। पुलिस कर्मियों द्वारा प्राइवेट फोन नम्बरों से सभ्रांत व प्रतिष्ठित नागरिकों, ग्राम प्रधानों, राशन डीलरो, ट्रांसपोर्ट मालिकों को पुलिस थानों में बुलाकर भाजपा के पक्ष में प्रचार व मतदान के लिए दबाव बनाया जा रहा है। चुनाव प्रचार के लिए प्रशासन द्वारा वैधानिक रूप से अनुमति प्राप्त चुनाव प्रचार वाहनों को पुलिस कर्मियो द्वारा जगह-जगह रोककर ड्राइवरों को मारा-पीटा जा रहा है। वैधानिक रूप से अनुमति प्राप्त प्रचार वाहनों को भी पुलिस थानों में बन्द किया जा रहा है। 29-कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र में पुलिसकर्मी सिविलियन ड्रेस में घूम-घूम कर सपा समर्थक मतदाताओं में भय का वातावरण बना रहे है।

संक्षेप

## अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

प्रतापगढ़। मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के भेभौंरा निवासी कमलापति शुक्ल 45 पुत्र राधाकांत शुक्ल बुधवार शाम करीब सात बजे घर से पैदल घरेलू सामान की खरीददारी करने वर्मा नगर चौराहे की ओर जा रहे थे। रास्ते में सड़क पर टहल रहे सांड़ ने अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग भागकर वहां पहुंचे और घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी सुधार न होने पर परिवार के लोग घायल को इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज ले गये। यहां इलाज के दौरान घायल कमलापति की गुरूवार सुबह मौत हो गयी। बिना पीएम कराये परिजन शव लेकर घर आ गये। इसके बाद परिजनों ने श्रृंगवेरपुर में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के एक छः वर्षीय पुत्र है। वह घर पर रहकर खेतीबारी का काम करता था। पत्नी पिंकी देवी समेत परिवार के लोगों का रो-रो कर बुराहाल है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

प्रतापगढ़। हाईड्रा से हुई टक्कर में बाइक सवार की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव की अनीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार की शाम करीब साढ़े छः बजे उसके पति रामकेश सरोज बाइक से घर आ रहे थे। जलेसरगंज के पास हाईड्रा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे पीड़िता के पति रामकेश की मौत हो गयी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## बाइक की टक्कर से तीन घायल, रेफर

प्रतापगढ़। अनियंत्रित बाइक की टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। लालगंज कोतवाली के सराय संग्राम सिंह निवासी पचपन वर्षीय उपदेश गौतम अपने पुत्र पचीस वर्षीय नोखेलाल गौतम के साथ बाइक से घर से अपने खेत के लिए जा रहे थे। इसी बीच उनकी बाइक अनियंत्रित होकर रामपुर बावली के समीप नहर की पुलिया से टकरा गयी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं इसी दौरान उधर से पैदल बाजार जा रहे पूरे चोप सिंह रामपुर बावली निवासी पचास वर्षीय सुनील धुरिया पुत्र अनंतलाल धुरिया भी अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दो घरों में हुई चोरी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दो घरों में हुई चोरी की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर निवासी विनायक पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीन नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर करीब बीस हजार रुपए की नकदी व लाखों के जेवरात चुरा ले गये। वहीं धामापुर गांव के प्रवेश कुमार शुक्ल ने भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दो नवंबर की रात अज्ञात चोर उसके घर से लाखों के जेवरात व कीमती सामान उठा ले गये। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर चोरी की दोनों घटनाओं पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बैंकों को किया चैक

इटावा। एसएसपी के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष व चैकी प्रभारियों ने थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने बाले बैंकों में पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बैंक के बाहर एवं अंदर आने-जाने एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य सुरक्षा उपायों की पूर्ति करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

## टक्कर के बाद दो डंपरों में लगी आग, चालक-खलासी जिंदा जले

फतेहपुर। जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में लखनऊसड़क मार्ग पर असनी के पास बुधवार की देर रात आमने-सामने की टक्कर के बाद दो डंपरों में आग लग गई जिसमें एक डंपर का चालक और खलासी जिंदा जल गए। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र में फतेहपुर-लखनऊसड़क मार्ग में असनी के पास बुधवार की देर रात दो डंपरों में आमने-सामने की टक्कर हो गई जिससे दोनों डंपरों में आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक डंपर के चालक और खलासी की जिंदा जलकर मौत हो गई जिनकी पहचान चालक विनय शुक्ला (35) और खलासी रामराज यादव (23) के रूप में हुई है। दोनों मृतक अमेठी जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के खेरवा गांव के रहने वाले थे। दूसरे डंपर के चालक और खलासी ने कूदकर जान बचा ली। दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। चालक और खलासी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## ट्रक और कार की टक्कर, दो लोगों की मौत, तीन जख्मी

गोंडा। जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य जख्मी हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी क्षेत्र) मनोज कुमार रावत ने बताया कि जिले के मनकापुर थाना क्षेत्र के नवाबगंज-उतरौला मार्ग पर मरौचा गांव के पास बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक सामने से आ रही कार से टकरा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार रमाकांत वर्मा (55) और अश्वनी मिश्रा (41) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अश्विनी मिश्रा की बेटियां प्रतिज्ञा मिश्रा (12) प्रज्ञा मिश्रा (15) और बेटा प्रियांशु मिश्रा (10) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रावत ने कहा कि बलरामपुर जिले के रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्वालियर ग्रंट निवासी अश्वनी मिश्रा अपने मित्र रमाकांत वर्मा की कार से परिवार के साथ डुमरिया डीह स्थित अपनी ससुराल से देर रात घर वापस लौट रहे थे। मृतक के भाई तरुण कुमार मिश्रा की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# हर संकट से उबरकर आगे बढ़ता है भारत : मोहन भागवत

जिला संवाददाता

- सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को दूर करेंगे स्वयंसेवक
- विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हो जाये हर हिंदू
- विश्व में सबसे सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र है भारत



बांदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को संघ के स्वयंसेवक डंडा लेकर दूर करेंगे।

संघ प्रमुख ने बुधवार को चित्रकूट के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित युग तुलसी पंडित रामकिंकर उपाध्याय के जन्मशताब्दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग उभरते भारत को दबाने की कोशिश रहे हैं। यह सत्य भारत है, जो कभी दबता नहीं है। यह हर संकट से उबर कर आगे बढ़ता रहेगा। सनातन और संतों के काम में आने वाली बाधाओं को संघ के स्वयंसेवक डंडा लेकर दूर करेंगे।

भागवत ने देश की वर्तमान स्थिति को लेकर देश विरोधी ताकतों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कठोर परिश्रम के बाद देश का निर्माण हुआ है। विश्व में चल रहे युद्ध में धर्म की ही जीत होगी। धर्म और सत्य की ताकत के आगे अधर्म को हार का सामना करना पड़ेगा। हर हिंदू के लिए आगे बढ़ने के लिए रामायण और महाभारत प्रेरणा है। हर हिंदू देश निर्माण में अपना धर्म निभाए।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि तमाम ताकतें अयोध्या में राम मंदिर बनने में अड़ंगा लगा रही थीं, लेकिन भगवान की ताकत के आगे किसी की नहीं चली और साढ़े पांच सौ साल बाद आखिरकार सत्य और धर्म की जीत हुई। इसी प्रकार संघ को भी शुरुआत के दिनों में खाने-पीने, रहने और बैठक को लेकर कठिन संघर्ष करना पड़ा लेकिन आज स्थिति बदल गई है।

भागवत ने कहा कि सनातन धर्म विरोधी देशों के खिलाफ भारत एकजुट होकर संघर्ष कर जीत की ओर बढ़ता रहेगा तथा भारत सबको जोड़ने वाला देश है। संघ प्रमुख ने कहा कि नई उम्मीद और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट हो जाएं। किसी से डरने या अन्याय सहने की जरूरत नहीं है। विश्व में हमेशा धर्म व अधर्म रहा है। धर्म के पक्ष में ही खड़े रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब पूरा समाज तैयार होता है, तब भगवान की कृपा रूपी अंगुली उठती है। ऋषि और मुनियों के कठोर परिश्रम से राष्ट्र की नींव रखी गई है। अलग-अलग रंग रूप होते हुए भी मूलरूप से हम सभी एक हैं। भारत विश्व में सबसे सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र है।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनायी गयी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जयंती




प्रतापगढ़। सर्वोदय सदभावना संस्थान द्वारा गुरूवार को यहां तहसील सभागार में सदभावना सभा समारोहपूर्वक आयोजित हुआ। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गांधीवादी विचारक आचार्य विनोबाभावे के शिष्य तथा अधिवक्ता रहे स्व0 पं. सूर्यबली पाण्डेय का 103वाँ जन्मदिवस सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि अधिवक्ता रामसेवक त्रिपाठी ने अतिथियों के साथ स्वर्गीय पाण्डेय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य अतिथि रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने कुर्बानियां दी हैं। उन्होनें कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मन में स्वयं के लिए कुछ प्राप्त करने की कभी इच्छा जागृत नही हुई। उनकी सदैव देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने की ही लालसा रही। उन्होंने कहा कि स्व. सूर्यबली पाण्डेय दयालुता व करूणा के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने एक संत के रूप में जीवन जीते हुए ईमानदारी व कर्मठता से अधिवक्ता धर्म भी निभाया। वे सर्वोदयी विचाराधारा से जुड़कर भूदान आंदोलन में आचार्य विनोबा के साथ प्रतापगढ़ से गौरा व शाहगंज तक पैदल यात्रा भी किया था। वह मीसाबंदी में जेल भी गये। कार्यक्रम के आयोजक ओमप्रकाश पाण्डेय अनिरूद्धरामानुजदास ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र तिवारी, राममोहन सिंह, राधारमण शुक्ल, टीपी यादव, देवी प्रसाद मिश्र आदि रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा है ज्ञान, यज्ञ व वैराग्य का संगमः आचार्य आनन्द शुक्ल



प्रतापगढ़। विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत आमीशंकरपुर गांव में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास आचार्य आनन्द शुक्ल महराज ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा ज्ञान भक्ति और वैराग्य का संगम है। कथा आचार्य आनन्द शुक्ल जी ने बताया कि ज्ञान यज्ञ ही वास्तविक पुण्य कर्म है जो मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाता है। कथा प्रसंग में आचार्य ने आगे कहा कि श्रीमदभागवत कथा के शब्दों की ध्वनि मात्र सुनने में ही इतना प्रताप है कि वह सभी दोषों का शमन कर देता है। मुख्य यजमान इन्दू पाण्डेय पत्नी स्व0 सूबेदार मेजर शीतला प्रसाद पाण्डेय से आचार्य विष्णुदेव शुक्ल ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन कराया। संयोजक अजय पाण्डेय ने श्रद्धालुओं का स्वागत व सह संयोजक अमित पाण्डेय ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर शिवप्रसाद पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, सुरभी पाण्डेय, मधू पाण्डेय, आशीष तिवारी, संगीता पाण्डेय, अंश, अनिल, अरविन्द पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, अक्षत, तरू, रवि दुबे आदि मौजूद रहे।

## नारायन कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा के विशाल ऑडीटोरियम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा एवं पूनम शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के चारों हाउस से 4-4 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर दो वर्गों में किया गया। प्रतियोगिता में साइंस एवं जनरल नॉलेज से संबंधित प्रश्नों को प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से छात्र-छात्राओं से पूछा गया। प्रतियोगिता चार राउण्ड में आयोजित की गई जिसमें पहला रेपिड फायर राउण्ड, दूसरा सब्जेक्ट केटेगरी राउण्ड, तीसरा बजर एवं चैथा विजुअल राउण्ड था। हर राउण्ड के साथ चारों हाउसेस के स्कोर में उतार-चढ़ाव होता रहा तथा अंतिम राउंड में जूनियर वर्ग से फेथ हाउस एवं करेज हाउस विजयी रहे साथ ही सीनियर वर्ग से फेथ हाउस ने बाजी मारी। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने विजयी टीम को ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया और भाविष्य में उत्तम शिक्षा के लिये उन्हें आशीवार्द दिया।

## मेला प्राधिकरण के हॉल में अखाड़े के प्रतिनिधियों के बीच हाथापाई

प्रयागराज। कुम्भ मेले में विभिन्न अखाड़ों को जमीन आबंटन पर विचार के लिए बृहस्पतिवार दोपहर बुलाई गई बैठक में अखाड़ा परिषद के प्रतिनिधियों के बीच हाथापाई हो गई। प्रतिनिधियों के मुताबिक, एक संत द्वारा अखाड़ा परिषद के सभी अध्यक्षों (पूर्व और वर्तमान) को कथित तौर पर अपशब्द कहने के बाद यह घटना हुई। एक अखाड़े के प्रतिनिधि ने बताया कि बैठक शुरू होने से पहले निरंजनी अखाड़ा के राजेंद्र पुरी, अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि, बड़ा उदासीन अखाड़ा के दुर्गादास सहित विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि बैठक कक्ष में उपस्थित थे।

# झारखंडी मंदिर घाट और राप्ती नदी घाट का निरीक्षण



बलरामपुर। छठ पूजा को सकुशल, शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम श्री पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा झारखंडी मंदिर स्थित तालाब घाट तथा राप्ती नदी घाट का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने घाट पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश की व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की घाट पर नाव एवं नाविक, गोताखोर की ड्यूटी लगा दिया जाए तथा लाइव जैकेट आदि की व्यवस्था का भी निर्देश दिया। डीएम ने अपील किया कि छठ पूजा में पानी में जाते समय सावधानी बरते। गहरे या तेज बहाव वाले स्थान पर ना जाएं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर संजीव यादव, खंड विकास अधिकारी बलरामपुर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# बीडीओ श्वेता गर्ग ने समस्याओं को सुनकर निस्तारण का दिया भरोसा



जसवन्तनगर, इटावा। बीडीओ श्वेता गर्ग ने महिला मेटों की मनरेगा में होने वाली समस्याओ के निस्तारण के लिए महिला मेट की बैठक शासन के आदेश पर बुलाई। बैठक लेकर शासन की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी।

बीडीओ श्वेता गर्ग ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जो महिला मेटो की समस्याएं आ रहीं हैं महिला मेटों की मनरेगा में होने वाली समस्याओ के निस्तारण के लिए महिला मेट, की बैठक शासन के आदेश पर बुलाई गई है। बैठक में महिला मेटों को मनरेगा कार्य मे आने वाली समस्याओं को बड़ी ही गहनता से सुना गया और निस्तारण करने का भरोसा दिया गया। बैठक में उपस्थित अलग अलग ग्राम पंचायत की महिला मेटो ने बताया कि मनरेगा के श्रमिकों का पैसा आधार कार्ड लिंक होने के बाद भी अभी तक नहीं आया है, जिससे हम लोगों को परेशानियां हो रही हैं। हाजरी लग जाने के बाद भी खातों में पैसा नहीं आ रहा है त्यौहार भी निकल गया मान देय नहीं मिला है इसलिए हम लोगों को परेशानियां हो रही है। महिला मेटो ने कहा ड्रेस कोड मिलना चाहिए इस बैठक में महिला मेट कंचन, सावित्री, मीना देवी, शीतल देवी, विनीता, गीता देवी, सुनीता देवी, शशि, रूबी आदि दर्जन भर महिला मेट मौजूद रही।

# कबड्डी प्रतियोगिता में दतिया की टीम विजेता बनीं



बकेवर, इटावा। बकेवर महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बागपत की टीम को पछाड़ कर मध्यप्रदेश के दतिया की टीम विजेता बनी दतिया की टीम के 36 पॉइन्ट के मुकाबले बागपत की टीम मात्र 15 पॉइंट ही बना सकी। विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किया गया। बेस्ट रेडर मंजीत सिंह गुर्जर व बेस्ट कैचर विक्की को चुना गया। बकेवर के सत्यादेवी बिट्टा कुंअर मन्दिर पर बकेवर महोत्सव में बुधवार को अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच मध्यप्रदेश की दतिया की टीम व उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद की टीमों के बीच देर शाम खेला गया। दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। दतिया की टीम ने 36 पॉइंट बनाकर जीत हासिल की बागपत की टीम मात्र 15 पॉइंट ही बना सकी। इसके पहले सेमीफाइनल में बागपत का मैच अहेरीपुर की टीम से हुआ था जिसमें अहेरीपुर को हराकर बागपत विजेता बनी थी। दतिया को बाई मिला था। दतिया बाई से फाइनल में पहुंची थी। तीन क्वार्टर फाइनल मैच में बागपत की टीम फिरोजाबाद से भिड़ी थी जिसमें बागपत विजेता हुई थी। दूसरे क्वार्टर फाइनल में औरैया व दतिया क्लब की टीम के बीच हुआ था जिसमें दतिया क्लब टीम औरैया को पराजित कर जीती थी तीसरा क्वार्टर फाइनल अहेरीपुर शातिर क्लब अहेरीपुर व अहेरीपुर एसबीजेआई के बीच हुआ था जिसमें शातिर क्लब अहेरीपुर की टीम विजेता हुई थी। बेस्ट रेडर का पुरस्कार दतिया टीम के कप्तान मनदीप गुर्जर को दिया गया वहीं मैच की रनर रही बागपत टीम के कप्तान विक्की को बेस्ट कैचर का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया।

# पुलिस कर रही नारी सुरक्षा दल को जागरूक

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु *नारी सुरक्षा दल* द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व *हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098* व *साइबर अपराधों जैसे- डळढ शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड* आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना आदि की भी जानकारी दी गई।

## जयगोपाल व गायत्री की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

भरथना, इटावा। स्व. जयगोपाल व गायत्री देवी पोरवाल की पुण्यतिथि पर जयोत्री एकेडमी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की गई। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ माँ सरस्वती व दिवंगतजनों के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, अपराध निरीक्षक दिनेश मिश्रा, निरीक्षक अरिमर्दन सिंह आदि ने शिरकत की। तदुपरान्त छात्र-छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र, प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता, वन्देमातरम्का सामूहिक गायन, ग्रुप डांस, राजस्थानी संस्कृति पर आधारित समूह गीत पेश किया।

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज पुलिस तानाशाही की पराकाष्ठा

## गाजियाबाद पहुंचा रूरल बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमण्डल



गाजियाबाद। कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज का विरोध दर्ज कराने गुरूवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमण्डल गाजियाबाद पहुंचा। पूर्वांचल के लखनऊ, प्रतापगढ़, प्रयागराज, वाराणसी आदि जनपदों के बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे अधिवक्ताओं ने पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में जमकर नारेबाजी कर गुस्से का भी इजहार किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में पहुंचे अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने बार एसोशिएसन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा तथा महामंत्री अमित नेहरा से मिलकर उन्हें जारी आंदोलन को लेकर एसोशिएसन का समर्थन पत्र सौंपा। धरना स्थल पर अधिवक्ताओं की हुई आमसभा को संबोधित करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि गाजियाबाद में कोर्ट रूम से लेकर न्यायालय परिसर तक पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज तानाशाही की पराकाष्ठा है। उन्होनें कहा कि न तो उत्तर प्रदेश सरकार एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर पा रही है और न ही केंद्र सरकार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक संसद में पारित करा पा रही है। उन्होनें कहा कि अधिवक्ताओं पर बेखौफ अपराधी हमलावर हैं तो अब पुलिस भी लखनऊ, कानपुर के बाद अब गाजियाबाद में लाठीचार्ज कर वकीलों के मौलिक अधिकारों को खुलेआम ठेंगा दिखा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रशासन व सरकार को आगाह किया कि अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों पर वह चौतरफा हमले में विराम नही लगा सकी तो देश को अब आजाद भारत में दूसरी क्रांति के रूप में अधिवक्ता क्रांति से बचाया नही जा सकता। एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि गाजियाबाद जिला जज के साथ लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों की बर्खास्तगी न होने पर प्रदेशव्यापी अधिवक्ता आंदोलन तेज होगा। उन्होनें यह भी कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान अधिवक्ता संसद भवन का लोकतांत्रिक ढंग से घेराव भी करेंगे।

## घर में लगायी आग, पिता-पुत्री गंभीर रूप से झुलसे

बहराइच। जिले के नानपारा क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के दो युवकों ने कथित रूप से पारिवारिक विवाद के चलते अपने चाचा के फूस के बने घर में आग लगा दी और इसमें गृह स्वामी व उसकी बेटी गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस के अनुसार पिता-पुत्री को उपचार के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। नानपारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि आज सुबह नानपारा कोतवाली क्षेत्र के अगैया गांव में एक घर में आग लगाए जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृह स्वामी रामफेर (45) और उसकी बेटी पूनम (18) गंभीर रूप से झुलस चुके थे। घर का ज्यादातर सामान भी जल गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्याः
SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T21,
दिनांक:06-11-2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
क्रम सं.-01, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के प्रयागराज-वाराणसी खंड में (रेलवे किमी. 315/14-315/16) पर एनएचआई (किमी.-55 + 983) द्वारा प्रस्तुत किये गये अनुमोदित जीएडी के अनुसार आरओबी के प्रावधान के संबंध में 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T21, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 47,43,881.38, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 94,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 28-11-2024 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 03 माह।
• खुली ई-निविदा दिनांक 28-11-2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-167 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान

इटावा। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के शहर अध्यक्ष साजिद अली राईन अशरफी ने कहा कि तीन जजों की सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के मदरसा शिक्षा कानून को असंवेधानिक करार देने वाले फैसले को खारिज करते हुए, कहा कि मदरसा एक्ट में कोई संशोधन की जरूरत नहीं है और यह एक्ट संवेधान के अनुकूल बनाया गया है। कोर्ट के इस फैसले को तहेदिल से व पूरे मुस्लिम समाज की तरफ से शुक्रिया अदा करते है।

## कोहरे में टकराये ट्रक, ड्राइवर घायल

जसवंतनगर, इटावा। हाईवे पर कोहरे की धुंध में अनियंत्रित एक ट्रक सामने जा रहे ट्रक में बुरी तरह जा घुसा जिससे राजस्थान का रहने वाला ट्रक ड्राइवर गंभीर हालत में काफी देर तक केबिन में फंसा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस व अन्य लोगों ने बमुश्किल केबिन से निकाल कर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना अलख सुबह की है जब राजस्थान प्रदेश के अजमेर जिले के अंतर्गत ब्यावर का रहने वाला ट्रक ड्राइवर सिकंदर ट्रक में लोहे के पोल झारखंड से लादकर जयपुर ले जा रहा था यहां हाईवे पर नगला कन्हई से निकलकर सराय भूपत फाटक से पहले पहुंचा ही था कोहरे की घनी धुंध के बीच उसे सामने जा रहा ट्रक दिखाई नहीं पड़ा और उसका ट्रक अनियंत्रित होकर सामने वाले ट्रक में जा घुसा हादसा इतना भयंकर था कि दोनों ही ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ट्रक चालक सिकंदर गंभीर अवस्था में केबिन में बुरी तरह फंस हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही सीओ नागेंद्र चैबे, इंस्पेक्टर रामसहाय सिंह व हलका इंचार्ज शिवशंकर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों के सहयोग से गंभीर अवस्था में केबिन में फंसे ट्रक चालक सिकंदर को बाहर निकलवा कर एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां उसका उपचार अभी जारी है। हालत गंभीर बताई गई है। सामने वाला ट्रक उड़ीसा प्रदेश के बड़खोरी गंजोंग का रहने वाला गजाधर दौड़ा चला रहा था उसको भी हल्की चोट आई हैं।

## सफाईकर्मी सड़क का कचरा नाली में फेंक रहे

जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं हालांकि बायरल वीडियो की हिंदुस्तान समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है। जब वार्ड नंबर 10 की रेल मंडी पश्चिमी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि सफाई कर्मचारी सड़क पर झाड़ू लगाने के बाद सारा कचरा नाली में फेंक रहे हैं जिससे न केवल नालियों की सफाई प्रभावित हो रही है बल्कि इलाके में बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है वहीं रहने वालों में सफाई को लेकर काफी नाराजगी। स्थानीय निवासियों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताई है और नगर पालिका से दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर होती हैं और नगर पालिका की ओर से इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता यह घटना नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती है और लोगों में असंतोष पैदा कर रही है।

# कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...

## छोटी अयोध्या उपनगर गोला में छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब



गोला, गोरखपुर। ..कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...आदि छठ मइया की सुरीली गीत गाते हुए जब छोटी अयोध्या उपनगर गोला की सड़कों पर महिलाओं का रेला निकला तो हर तरफ आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। उपनगर समेत आस-पास के गांवों घाटों पर व्रती महिलाएं घाटों एवं जलाशयों आदि में खड़े होकर सूयोर्पासना के साथ अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। गुरूवार की अपरान्ह जब छठ व्रती अपने-अपने घरों से छठ मइया के गीत गाते हुए निकली तो उपनगर का माहौल छठमय हो गया। छठ व्रती परिवार के एक सदस्य सिर पर दउरा लिए हुए आगे-आगे चल रहे थें तो वहीं बाकी व्रती महिलाएं नाक तक सिंदूर लगाए पीछे-पीछे छठ घाट की ओर बढ़ीं जा रही थीं। तो छठ व्रतीयों के साथ ही चलने वाली महिलाएं लोकगीत गाते हुए हुए घाट तक पहुंची तो अर्घ्य देने के बाद गीत गाते हुए घर को वापस गई। अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती अपने-अपने घरों को लौट गई तथा पुनः शुक्रवार की सुबह सभी व्रती फिर घाट पर पहुंचेंगे और उगते हुए सूर्य भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के साथ ही छठ व्रत संपन्न हो जाएगा। छठ पर्व पर उपनगर गोला के विभिन्न घाटों पक्का घाट, रामजानकी घाट, शीतला घाट, गुप्ता घाट, बाबा घाट, रामामऊ घाट सहित क्षेत्र के जलाशयों पर भी मेले जैसा माहौल था। व्रतियों के साथ पारिवारिक सदस्य, मुहल्लेवासी व रिश्तेदार भी घाट पर पहुंचे तो घाटों पर खिलौने व चाट आदि की भी दुकानों पर लोगों की भीड़ भी जमी रही और बच्चों ने भी घाटों पर अर्ध्य देने के बाद जमकर आतिशबाजी किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजू कुमार तहसीलदार वृज मोहन शुक्ल सीओ रत्नेश्वर सिंह थाना प्रभारी गोला मधुप नाथ मिश्र व अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी सहित पुलिस व नगर पंचायत प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

## छठ घाटों पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब



सरहरी, गोरखपुर। आस्था का पावन पर्व छठ त्यौहार पर गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देकर मंगल कामनाएं की। इस दौरान लोगों ने छठ घाटों को खूब सजाया था।

पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह के पैतृक गांव महराजगंज जमिनारा स्थित छठ घाट (पोखरे) को गांव के प्रधान अरविंद सिंह एवं प्रेमानंद सिंह ने सहयोगियों के साथ फूल एवं गुब्बारे से विधिवत सजाया था। घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए भजन गायक दीपक सिंह एवं नेहा साक्षी ने छठ माता का गीत प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने छठ घाट पर मौजूद रहकर लोगों को शुभ कामनाएं दी।

## गगहा क्षेत्र में घाटों पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के गांवो-कस्बों में छठ पर्व का जबर्दस्त उत्साह रहा। क्षेत्र के गांव-कस्बों में नदी, तालाबों और पोखरों पर छठी व्रतियों ने विधि-विधान से छठी मैया की पूजा-अर्चना डूबते सूर्य को अर्ध्य दिया। गुरूवार की अपराह्न में नदी और तालाबों के घाटों पर व्रती महिलाओं का समूह उमड़ पड़ा। शाम 5 बजकर 9 मिनट पर व्रती महिलाएं पूजन सामग्री सूप में रखकर पानी में खड़े होकर परिक्रमा करने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ देकर अपने पुत्र और परिवार के लिए मंगल कामना की। गगहा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तालाबों और नदी के घाटों पर छठी व्रत्ति महिलाओं ने अस्तगामी सूर्य को अर्घ दिया। इनमें डिहुलपार, गेरुआखोर, गगहा, हाटा बाजार, करवल मझगांवा, ,अतायर, राउतपार, सीहाईजपार, गरयाकोल, असवनपार, रकहट, भलुवान, मजुरी और कोठा शामिल हैं।

छठ पर्व की भव्यता और श्रद्धा का यह पर्व गगहा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण त्योहार के रूप में मनाया जाता है।

## व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देकर की मिन्नतें



उरुवा, गोरखपुर। दो दिवसीय छठ पर्व के लिए व्रती महिलाएं गुरुवार की शाम को किशुनपुर, देवापार, रामपुर सनाथ गांव के पोखरों के किनारे बने छठ घाट भी छठ गीतों से गूंज उठे। छठ वेदियों की पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अ ?र्घ्य देकर घर की तरफ रुख किया। रात भर घरों में कोशी भरने और पूजन का क्रम चलता रहेगा। और शुक्रवार की सुबह सूर्योदय के पश्चात दुसरा अर्ध देकर व्रत का समापन करेंगी।

## व्रती महिलाओ ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य



पिपरौली, गोरखपुर। छठ महापर्व पर पिपरौली क्षेत्र अमटौरा गांव स्थित जलाशय पर जुटीं व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं, पुरूष और बच्चों की भीड़ रही।

नहाय खाय से शुरू होने वाली डाला छठ बुधवार से शुरू हुआ। इस पर्व का बड़ा महत्व है। प्रत्येक वर्ष की तरह यहां व्रती महिलाओं ने गुरुवार को ढलते सूर्य को अर्ध्य देकर आशीष मांगा। शुक्रवार को प्रातः व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्ध्य देकर पारण करेंगी। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू शर्मा, शिव शंकर सिंह, जुगल किशोर गुप्ता, राणा विजय सिंह, धीरज साहनी सहित अन्य की संख्या में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक किया निर्जला व्रत



चौरीचौरा, गोरखपुर। छठ महापर्व के पावन पर्व पर चौरीचौरा तहसील क्षेत्र स्थित भोपा बाजार, आमकोल, तरकुलहा आदि जगहों पर व्रती महिलाओं ने छठ भैया की पूजा अर्चना कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। बताते चलें कि गुरुवार की सायंकाल पुत्र की मंगल कामना लिए निर्जला व्रती महिलाएं सुमधुर पकवान, सहित भिन्न भिन्न प्रकार के फलों व पूजा सामग्री आदि से भरी सुसज्जित बांस की टोकरी सिर पर लिए, छठ भैया की गीत गाते गाजे बाजे के साथ क्षेत्र के भोपा बाजार, तरकुलहा, तथा आमकोल स्थित पोखरे पर पहुंची। तथा घाट पर पहुंच कर विधि विधान से सूयोर्पासना किया। उसके बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर नमन किया। भोपा बाजार पोखरे पर नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता, वरिष्ठ सभासद मुन्ना भूज जैसे तमाम समाज सेवियों द्वारा पांडाल लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा व सहयोग करते देखा गया। घाटों पर प्रकाश तथा बैरिकेटिंग की व्यवस्था भरपूर की गई थी। उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशान्त वर्मा, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग सिंह तथा थाना प्रभारी संजय मिश्रा दल बल के साथ क्षेत्र के घाटों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लेते रहे।

## किन्नरों ने भी की छठ पूजा



मझगांवा, गोरखपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पर्व में किन्नर समाज के गुरु मुस्कान किन्नर ने छठ व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अस्त होते हुए सूर्य देवता को अर्घ दिया और जन कल्याण और अपने जजमानो के लिए मंगल कामना किया। कौड़ीराम क्षेत्र के कौड़ीराम चौराहे पर रहने वाले मुस्कान किन्नर ने छठ व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर आमी नदी के छठी घाट पर सूप में पूजन सामग्री लेकर पानी में खड़े होकर अस्त होते हुए सूर्य देव को अर्घ दिया।

## दो पक्ष आपस में भिड़े

उरूवा, गोरखपुर। उरुवा थाना क्षेत्र के नकौझा गांव में बृहस्पतिवार को दो पक्ष आपस मे भीड़ गए। जिसमे एक पक्ष की तरफ से कट्टे से फायर कर दिया गया। लेकिन फायरिंग से कोई हताहत नही हुआ।

## सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे-19 पर गुरुवार सुबह साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड रामशरण (55) की मौत हो गई। प्रतिदिन की तरह ड्यूटी पर जा रहे रामशरण को पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामशरण शान्ती कालोनी के रहने वाले थे और श्रुति ग्लोबल पब्लिक स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करते थे हादसे के बाद सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। रामशरण के परिवार में उनकी मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। उनके बेटे आदर्श ने बताया कि वह परिवार के अकेले कमाने वाले थे। रामशरण की दो बेटियां मोना और जोना है जिनकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिवार के लोग बदहवासी में है और उनका रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस सिविल लाइन थाने की पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी है। इस दर्दनाक हादसे ने लोगों में आक्रोश भर दिया है और वे हाइवे पर वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग कर रहे है।

## घायल चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

चकरनगर, इटावा। अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से सोमवार को क्वारी सेतु के पास घायल हुए चालक ने उपचार के दौरान दिल्ली के एक निजी हॉस्पिटल में गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। नव युवक चालक की मौत से पूरा गांव आहत है। पुलिस तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कह रही है। सहसों थाना के गांव सिंडौस निवासी 22 वर्षीय पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र हाकिम राजावत सोमवार शाम करीब चार बजे महेंद्रा ट्रेक्टर लेकर लखना सिंडौस मार्ग से सिंडौस गांव की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान क्वारी सेतु निकलते ही ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिसमें दबकर उक्त चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर दौड़े स्वजन घायल को एमपी के ग्वालियर निजी हॉस्पिटल ले गए। यहां दो दिन उपचार के बाद गंभीर हालत में डॉक्टर ने घायल को दिल्ली हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। दिल्ली में उपचार के दौरान घायल ने घटना के चैथे दिन गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। नव युवक की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुला हाल है और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। बताते चलें कि हादसा इतना गंभीर था कि ट्रैक्टर बीच से टूटकर दो हिस्सों में बट गया। कुछ लोगों में दूसरे ट्रैक्टर के अचानक ब्रेक लगाने से, तो कुछ लोगों में कट लगने से ट्रैक्टर के पलटने की चचाएं चल रही है। राम प्रकाश सिंह प्रभारी निरीक्षक सहसों ने बताया कि सड़क हादसे में घायल युवक की दिल्ली में मौत हो गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## सास - ससुर को मारपीट कर घायल किया

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौली में पुत्र वधू के मायके वालो ने आकर पुत्री की ससुराल से घर से सामान निकालने का विरोध करने पर सास ससुर को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल किया। पुलिस ने तीन नामजद लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया। थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौली निवासी विनोद कुमार ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके पुत्र विकल्प की शादी औरैया जनपद के अयाना थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ी निवासी राम दर्शन की पुत्री अमृता उर्फ सीता के साथ 2016में विवाह हुआ था विवाह के बाद पति पत्नी का आपसी मनमुटाव के कारण आपस में विवाद होने लगा था उसी के चलते पुत्र वधू ने न्यायालय से मुकदमा दर्ज करा दिया। 4नवम्वर की दोपहर पुत्रवधू के परिजन ग्राम बिजौली पुत्री की ससुराल आये और घर में रखा सामान निकालने लगे जब विनोद कुमार ने सामान निकालने का विरोध किया तो नामजद लोग एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए विनोद कुमार की मार पीट करने लगे पति की चीख पुकार सुनकर पत्नी मीना बचाने आयी तो उन्हे भी मारपीट कर घायल कर दिया पति पत्नी को पिटता देख पास पड़ोस के लोग मौके पर बचाने आये तो नामजद हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पीड़ित घायल विनोद कुमार के शिकायती पत्र पर राम दर्शन पुत्र नन्दकिशोर प्रेमबाबू पुत्र राम दर्शन व राघवेन्द्र उर्फ छोटे पुत्र सीता राम निवासीगण ग्राम मुढी थाना अयाना जिला औरैया के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

## अपहरण के मामले में दोषी को 10 साल की सजा

इटावा। जिला न्यायालय ने 11 साल पुराने एक अपहरण मामले में अपना फैसला सुनाते हुए दोषी बृजमोहन को 10 वर्ष की कठोर कैद और 10 हजार के जुमार्ने की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2013 का है, जब फिरोजाबाद की निवासी सुलेखा ने अपने पति प्रदीप कुमार के अपहरण की शिकायत थाना बलरई में दर्ज कराई थी। सुलेखा की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस की गहन जांच और अभियोजन अधिकारी वीरेन्द्र कुमार वर्मा की सख्त पैरवी के चलते आरोपी को सजा दिलाने में सफलता मिली। पुलिस ने गवाहों और सबूतों के आधार पर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की जिस पर एडीजे-11 ने मामले में सुनवाई करते हुए बृजमोहन को दोषी ठहराया। कोर्ट ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए बृजमोहन को 10 साल की सजा और 10 हजार का रूपए जुमार्ने का आदेश दिया।

## लोहे के चद्दर का ढोल गिरने से किशोर घायल

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे मानिकपुर मोड़ के बम्बा के पास चाय के टपरी में ट्रक से लोहे के पट्टी का ठोल गिरने चाय पीने गया किशोर घायल हो गया। जिला हमीरपुर थाना चिकासी गांव परौलीखरला के रहने वाले भागीरथ अपने परिवार के साथ शहर इटावा में मानिकपुर क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करते हैं। उनका का 16 साल का बेटा विजय हाइवे किनारे एक चाय की टपरी पर गुरुवार सुबह तड़के चाय पीने के लिए गया था। तभी कानपुर के तरफ से आ रहे लोहे की कॉइल चद्दर से लोड ट्रक अनियंत्रित हो गया उसके ऊपर लदी लोहे की चद्दर का ठोल खुलने ने एक श्रमिक का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

## पुराने कूड़ा घर की जगह बनेगा मिनी स्टेडियम

### अब शहरवासियों की सेहत सुधरेगी

इटावा। शहर के बीचों बीच स्थित सालों से बंद पड़े मिनी स्लॉटर हाउस (कट्टी खाना) की 56 बीघा बेशकीमती भूमि जोकि वर्तमान में कूड़ा घर में तब्दील हैं। सालों से शहर की हवा खराब किए है और आसपास के लोगों को दुर्गंध के बीच रहने को मजबूर करती चली आ रही है। लेकिन अब यहीं मिनी स्लाटर हाउस कूड़ा घर लोगों की सेहत सुधारने का काम करेगा। पालिका अध्यक्ष व प्रशासन इस भूमि पर शहरवासियों के लिए मिनी स्टेडियम जिसके अंदर तरण ताल, ओपन जिम, स्केटिंग फ्लोर, इनडोर गेम्स हाल और भव्य पार्क का निर्माण करवाने जा रहा है। जिसके लिए जिलाधिकारी से स्वीकृति मिल गई है। पहले चरण में 2 करोड़ 61 लाख की लागत से तैयार किया जाएगा। लगभग सभी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। करोड़ों की बेशकीमती भूमि करीब 25 वर्षों से कूड़ाघर के रूप में पड़ी हुई थी और लोगों के लिए मुसीबत सबब बनी हुई थी।



शहर के बीचों बीच स्थित 56 बीघा भूमि जो सालों से बंद पड़े मिनी स्लाटर उस के कारण कूड़ाघर में बदल गई थी अब एक मिनी स्टेडियम के रूप में तब्दील होने जा रही है। वर्षों से यहां जमा कूड़ा और दुर्गध आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था लेकिन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता और जिला प्रशासन के प्रयासों से इस स्थान को नए प्रोजेक्ट के लिए स्वीकृति मिली है जिससे शहरवासियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण सुधार होगा। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी विनयमणि त्रिपाठी के अनुसार शहर में वर्तमान में एक स्टेडियम है लेकिन वह सुंदरपुर मोड़ क्षेत्र के लोगों के लिए काफी दूर है। इस मिनी स्टेडियम के बन जाने से न केवल आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को लाभ मिलेगा बल्कि यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए एक अच्छी सुविधा भी प्रदान करेगा। जिला प्रशासन ने भी इसे एक वर्ष के भीतर तैयार करने का लक्ष्य रखा है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता सन्टू ने कहा कि उनके कार्यकाल में भी इस भूमि पर पार्क बनाने का विचार था लेकिन यह कार्य उस समय पूरा नहीं हो सका। अब प्रशासन और नागरिकों के सहयोग से मिनी स्टेडियम बनने की हरी झंडी मिल गई है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा, विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी

पत्रांक /मेमो/स्वच्छ भारत मिशन (एस.एल.डब्लू.एम.)/निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2024-25/

दिनांक- 07.11.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा में वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (एस.एल.डब्लू.एम.) योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थायी फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बंद निविदा दिनांक 08.11.204 से 13.11.2024 को अपराह्न 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 13.11.2024 को समय 04 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सीमेन्ट | ईंटा एम. 150 | बालू | मौरंग | गिट्टी | रोड़ा 40 एम.एम. | टीन सेड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन केन्द्र का निर्माण कार्य। | 62 बैग | 4685 नग | 3.29 घन मी. | 4.767 घन मी. | 4.1 घन मी. | 4.210 घन मी. | 47.06 स्क्वायर मी. |
| | | स्टेक्चर स्टील | प्राइमर | डिस्टम्पर | पेन्ट | पी.वी.सी. पाइप | सरिया | |
| | | 3.870 कु. | 8 ली. | 19 ली. | 13 ली. | 2 मी. | 2.170 कु. | |

**नियम शर्तः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा के कार्यालय में 08.11.2024 से 13.11.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 08.11.2024 से दिनांक 13.11.2024 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.11.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**आलोक कुमार चौधरी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**चन्द्रशेखर यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत राजापुर भज्जा**
**विकास खण्ड धौरहरा**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बाँदा

पत्रांक मेमो/एस0बी0एम0/न०पा०परि०बाँदा/2024-25 दिनांक 14/06/2024

**आवश्यक सूचना**

भारत सरकार राजपत्र संख्या 178 नई दिल्ली शुक्रवार 18 मार्च 2016 अपशिष्ट प्लास्टिक अधिनियम-2016 तथा भारत सरकार का राजपत्र संख्या 459 नई दिल्ली 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक प्रबन्धन (संशोधन) नियम 2021 द्वारा एवं सरकारी गजट उत्तर प्रदेश के 15 जुलाई 2018 एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारत सरकार के पत्रांक No. B17011/ 7/UPC-IIPWM (SUP)/2022 Date 30.06.2022 एवं राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) लखनऊ उ.प्र. के पत्र सं. पी.एम.यू./6142/524/2020.21 दिनांक 20 जुलाई 2022 द्वारी जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पालिका परिषद बाँदा सीमान्तर्गत प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थर्माकोल के सामग्री के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण बिक्री और उपयोग पर निम्नानुसार प्रतिबन्ध लागू है।

01. 75 माईक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग और वस्तु 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबन्धित है तथा 120 माईक्रोन से कम मोटाई के समस्त प्रकार की एकल उपयोग प्लास्टिक 31 दिसम्बर 2022 से पूर्णता प्रतिबन्धित है ।
02. 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबन्धित है।
(1) पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, ब्रिकी और उपयोग को पूर्णतः निषेध किया गया है।
(2) प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम की डंडिया, पोलीस्टाइरीन (थर्माकोल) की सजावट सामग्री ।
(3) जो कम्पोस्टिक योग्य न हो ऐसी प्लास्टिक से बनी प्लेंटे, कप, गिलास, कोटे, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बे के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 100 माईकोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर ट्रे का भी 01 जुलाई 2022 से प्रयोग प्रतिबन्धित है।
इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करना प्रतिबन्धित है पायें जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध अधिसूचना के निर्धारित नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बाँदा**

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के खुखुड़ीपुर गांव के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। दुर्घटना के समय वह साइकिल से ससुराल जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के जमुड़ी गांव निवासी 40 वर्षीय रमेश राजभर मजदूरी करता था। उसकी पत्नी छठ पर अपने मायके खुखुड़ीपुर गांव गई थी। रमेश राजभर रात करीब नौ बजे साइकिल से ससुराल जा रहा था। खुखुड़ीपुर गांव के पास सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। लोहरा पुलिस चैकी प्रभारी प्रमोद यादव पहुंचे और पहचान का प्रयास किया। देर रात उसकी पहचान हुई। रमेश की एक बेटी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से कंबाइन के चालक की मौत

**आजमगढ़।** बरदह क्षेत्र के बेला मोड़ के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से कंबाइन मशीन के चालक की मौत हो गई, खलासी घायल हो गया। दुर्घटना के समय दोनों पैदल सड़क पार कर रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मथुरा जनपद के दरगाह निवासी 30 वर्षीय रामकिशन कंबाइन मशीन का चालक था। 35 वर्षीय दिगंबर खलासी है। दोनों बरदह क्षेत्र में कंबाइन मशीन चलाने के लिए आए थे। बुधवार की रात बेला मोड़ के पास पैदल जा रहे थे। सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ठेकमा में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने रामकिशन को मृत घोषित कर दिया, दिगंबर की हालत गंभीर देख मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर रामकिशन के परिजन गुरुवार को सुबह बरदह पहुंचे। रामकिशन के भाई बलराम ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है।

## महिला आयोग की सदस्य सुनेंगी समस्याएं

**सोनभद्र।** उप्रराज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात 13 नवम्बरको ब्लाक राबर्ट्सगंज के मीतापुर के पंचायत भवन में महिलाओं की समस्याओं के निराकरण हेतु जन सुनवाई करेंगी, महिलाओं के उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं के सुगमता के दृष्टि से जन सुनवाई करेंगी। महिला उत्पीड़न के रोक थाम एवं महिलाओं के न्याय दिलाने के दृष्टिगत जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने घाटों पर उमड़ा रेला



**जौनपुर।** सूर्योपसना के चार दिवसीय छठ पूजा उत्सव का शुक्रवार को तीसरा दिन है। आज माताएं सूर्य नारायण और छठी मईया की पूजा कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सांय काल षहर के गोमती नदी पी स्थित हनूमान घाट, गोपी घाट, विसर्जन घाट, अचला देवी घाट सहित विभिन्न घाटों पर व्रती महिलाओं की भारी एकत्रित रही और सूर्य का अर्घ्य देकर विधिवत पूजन किया। घाटों पर सफाई , टेण्ट और सजावट तथा बचाव की व्यापक व्यवस्था प्रषासन द्वारा की गयी थी और अधिकारियों तथा पुलिस का भी इन्तजाम रहा। मान्यता है कि इससे संतान की प्राप्ति होती है और संतानवान लोगों की संतान और परिजनों का कल्याण होता है। मान्यता है कि जल में दूध डालकर सूर्य की अंतिम किरण को अर्घ्य देने से विशेष लाभ होता है। मान्यता है यह अर्घ्य सूर्य की पत्नी प्रत्यूषा को दिया जाता है। इस समय अर्घ्य देने से नेत्र ज्योति बढ़ती है, लम्बी आयु मिलती है और आर्थिक संपन्नता आती है। यह भी माना जाता है कि विद्यार्थियों को भी अर्घ्य देना चाहिए, इससे उन्हें उच्च शिक्षा में लाभ मिलता है। अर्घ्य देने के लिए एक लोटे में जल लेकर उसमें कच्चा दूध मिलाया जामा है इसी पात्र में लालचंदन, चावल, लालफूल और कुश डालकर सूर्य की ओर मुंह करके कलश को छाती के बीचों-बीच लाकर सूर्य मंत्र का जप करते हुए जल की धारा धीरे-धीरे गिरायां जाता है। भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी दृष्टि को कलश की धारा वाले किनारे पर रखाजाता है इससे सूर्य का प्रतिबिम्ब एक छोटे बिंदु के रूप में दिखाई देगा और एकाग्रमन से देखने पर सप्तरंगों का वलय नजर आता है। अर्घ्य के बाद सूर्यदेव को नमस्कार कर तीन परिक्रमा किया जाता है। टोकरी में फल और ठेकुवा आदि सजाकर सूर्यदेव की उपासना किया जाता है। सूर्य नारायण की पूजा प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल, तीनों समयों में विशेष फलदायी होती है। प्रातःकाल सूर्य की आराधना उत्तम स्वास्थ्य का फल देती है तो मध्याह्न की पूजा यश देती है। जबकि सायंकाल पूजा सम्पन्नता प्रदान करती है। अस्ताचलगामी सूर्य अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं, और इन्हें अर्घ्य देना प्रभावशाली होता है। हालांकि जो लोग अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना करते हैं, उन्हें प्रातःकाल की उपासना भी जरूर करनी चाहिए।

## छठ पूजा घाट का डीएम ने किया निरीक्षण

**जौनपुर।** जफराबाद कस्बे के गोमती नदी पर स्थित नाव घाट पर बनाये गए छठ पूजा घाट का जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने औचक निरीक्षण किया उन्होंने निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिया जिलाधिकारी घाट पर पहुंच कर स्थानीय लोगों से बात किया वहां पर उन्होंने घाट पर प्रकाश के लिए लगाये गए लाइट की व्यवस्था, सुरक्षा के दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरे, तथा महिलाओं के लिए बनाये गए चेंजिंग रूम इत्यादि की व्यवस्था को देखकर संतुष्टि व्यक्त किया इसके अलावा उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रख कर विशेष निर्देश दिये महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया नदी में कोई डूबने की घटना न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने को कहा सारी व्यवस्था को शाम तक पूरी करने का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व जोगिंदर निषाद आदि मौजूद रहे।



## एनटीपीसी विंध्याचल में धूमधाम से मनाया गया एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस

**सोनभद्र।** प्रशासनिक-भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख ई0सत्य फणि कुमार ने एनटीपीसी ध्वजारोहण किया और सभी ने एनटीपीसी गीत गाया। साथ ही परियोजना प्रमुख( विंध्याचल ) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक( चिकित्सा ) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक सुजय कर्माकर, महाप्रबंधकए जे राजकुमार, महाप्रबंधक राजशेखर पाला, महाप्रबंधक डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने केक काटकर हवा मे गुब्बारे छोड़े और अपना हर्षोल्लास व्यक्त किया। इस भव्य अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष, अध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा सारिका चतुर्वेदी एवं सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण, कमांडेंट सीआईएसएफ पंकज बलियान एवं उनकी टीम, यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, सभी स्कूलों के प्राचार्यगण एवं अध्यापकगण, सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें। सर्वप्रथम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी-लिमिटेड, गुरदीप सिंह ने लाइव टेलिकास्ट के जरिये एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं के सभी कर्मचारियों को संबोधित किया। श्री सिंह ने कर्मचारियों से पर्यावरण और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इनोवेटिव, उच्च दक्षता, उच्च विश्वसनीयता और उच्च उपलब्धता प्रदर्शित करने की अपील की। श्री सिंह ने सभी को एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। श्री सिंह ने देश की सेवा के लिए समर्पित कंपनी के अद्वितीय विकास में एनटीपीसी के प्रत्येक सदस्य की अटूट प्रतिबद्धता और योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में, श्री सिंह ने कंपनी की उपलब्धियों, विशेषज्ञताओं, भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया और इसमें ऊर्जा, आत्मनिर्भर भारत और एनटीपीसी की भूमिका के बारे में भी चर्चा की। अपने संबोधन में, उन्होंने 24/7 बिजली आपूर्ति, बिजली स्टेशनों पर सुरक्षा, स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र, ईएसजी अनुपालन, ऊर्जा संक्रमण, डिजिटलीकरण और मानव संसाधन विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके सम्बोधन को सुना एवं उनकी सराहना की। अपने उद्बोधन में परियोजना प्रमुख ई0सत्य फणि कुमार नें कहा कि भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र की बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापना 07 नवंबर, 1975 को की गई थी।

## हमहूं अरघिया देबई हे छठी मइया..



**आजमगढ़।** चारों तरफ लोक आस्था के महापर्व की धूम मची रही। तमसा तट पर हमहूं अरघिया देबई हे छठी मइया.. पहिले-पहिले हम कइली छठी मइया बरत तोहार, करिह क्षमा छठी मइया भूल-चूक गलती हमार.. जैसे गीत बुधवार को घर-घर गूंजने लगे। शाम को खरना के साथ ही महिलाओं ने 36 घंटे के कठिन छठ व्रत की शुरूआत कर दी। सत्य, साधना और आत्मसंयम के इस अनुष्ठान में गुरुवार को उगते सूर्य को पहली अर्घ्य दी जाएगी। शाम को छठ पूजा करने के लिए महिलाएं परिवार के साथ नदी और सरोवरों के किनारे घाटों पर जाएंगी। बुधवार को महापर्व की शुरूआत होते ही छठ के गीत घर-आंगन में गूंजने लगे। मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुए चार दिवसीय छठ के महापर्व के पहले दिन महिलाओं ने स्नान कर भगवान सूर्यदेव को नमन किया। बुधवार को खरना के साथ 36 घंटे का कठिन व्रत भी शुरू हो गया। इस तरह के सात्विक भोजन से व्रतियों को तीन दिन तक चलने वाली पूजा के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का विधान रहा। छठ के महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना को लेकर सुबह से उत्साह रहा। संतान व परिवार की खुशहाली के लिए रखे जाने वाले व्रत के दूसरे दिन खरना पर महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रहीं। वहीं, परिवार की अन्य महिलाएं पूजन-सामग्री और प्रसाद बनाने की तैयारी में जुटी रहीं। चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाकर शाम को विधि विधान से खरना पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किया। छठ मइया और कुल देवता को ठेकुआ का प्रसाद अर्पित कर संतान सुख की कामना की। घरों में छठ मइया के निमित्त अखंड ज्योति दीप जलाकर मनौती मांगी।

## हे दीनानाथ! सुन ल अरजिया हमार

**सोनभद्र।** नगर समेत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सूर्य षष्ठी डाला छठ का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रती महिलाएं जलाशय में पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि एवं मंगल कल्याण के लिए प्रार्थना कीं। इस दौरान घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। व्रती महिलाओं ने वृहस्पतिवार की सायंकाल चार बजे से ही गाजे-बाजे के साथ घाटों की ओर जाती देखी गयीं। आगे-आगे इनके परिजन नंगे पांव डलिया, सूप में पूजन सामग्री व ईख लिए जा रहे थे। इय दौरान महिलाएं भी छठ मइया के गीत कांचहि बांस के बहंगियां, बहंगी लचकत जाय व कल सुमवा चढ़इबा छठिय मइया, छठी मइया के सुहाय आदि गाती हुई जा रही थी। अर्घ्य के बाद व्रती महिलाएं अपने-अपने वेदी पर गन्ने का मण्डप बनाकर उसके मध्य देशी घी के जलते दीप को रखा। इसके साथ ही डलिया, सूप में पूजन सामग्री रखकर पूजन-अर्चन कीं। कुछ व्रतियों ने घर से घाट तक जमीन पर लेटकर सफर को पूरा किया। छठ पर्व पर नगर के रामसरोवर, मेहुड़ी नहर, पकरी, बढ़ौली के अशोक नगर अकड़वा पोखरा पर, बभनौली के अलावां ग्रामीणांचलों के लसड़ा, कैथी द्वितीय, शाहगंज, ढुटेर, खजुरी, बालडीह, धर्मदासपुर, अरौली, पसही, खजुरौल बंधा आदि गावों के छठ घाटो पर मेले जैसे दृष्य रहा। इस दौरान आतिशबाजी भी हुई। सुरक्षा हेतु पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

## छठी मइया के गीतों से घाट गुलजार रहे

**सोनभद्र।** सृष्टि के नियंता सूर्य देव के उपासना डाला छठ पर पूजन के दौरान छठी मइया के गीतों से घाट गुलजार रहे। डूबजे सूर्य को अर्घ्य के समय घाट तट पर बैठी सामुहिक रूप से गा रही महिलाएं काफी उत्साहित नजर आ रही थीं। मां की महिमा की गीत सुनकर अन्य लोग भी अपने गीत गुनगुनाने से नहीं रोक पाये। वैसे छठी मइया के गीतों की गुंज दीपावली बाद से ही ज्यादा सुनाई देने लगी है।

## जाति छुपाकर जमीन का कराया बैनामा डीएम ने दिया जांच का आदेश

**सोनभद्र।** जाति छिपाकर अवैध तरीके से जमीन की बिक्री का मामला तूल पकड़ लिया है। जिसको लेकर क्रेता-बिक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर हड़कम्प मंचा हुआ है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत लसड़ा के अन्तर्गत आराजी संख्या 253 रकबा 3 विस्वा जमीन को अनुसूचित जाति के व्यक्ति ने जाति छुपाकर विना संक्षम अधिकरी के अनुमति के पिछड़ी जाति के व्यक्ति को बिक्री कर दिया। जिसे बाद में पूर्व नियोजित योजना के अनुसार सामान्य व्यक्ति द्वारा क्रय कर लिया गया। स्थानीय ग्रामीण ने डीएम को उपरोक्त प्रकरण की जानकारी देकर जॉच कराने तथा अवैध तरीके से अनुसूचित जाति के व्यक्ति द्वारा जाति छुपाकर जमीन की बिक्री पिछड़ी जाति, तत्पश्चात सामान्य जाति को की गयी बिक्री को अवैध घोषित कर राज्य सरकार की सम्पति घोषित करने की मांग की है।

# युवक की हत्या कर दफन करने में दो गिरफ्तार

**जौनपुर।** एक युवक की निर्मम हत्या करने के बाद उसके शव को दफन करने करने के दो आरोपियों को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य हत्यारोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। पुलिस ने घटना के पीछे के कारणों का रहस्य का खुलासा पुलिस नही किया है। बीते 30 अक्टूबर को सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव में मिट्टी से दबी हुई एक अज्ञात युवक का शव मिलने इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, जिससे स्पष्ट हुआ कि उक्त युवक की हत्या करने के बाद लाष को जमीन में गाड़ दिया गया था। बदमाशों ने इतनी बेरहमी से हत्या किया था कि ग्रमीणों की छोड़िए उसका परिवार भी नही पहचान पाया। जिसके कारण चार दिन बाद पता चल पाया कि मृतक इसी गांव का सत्यम बिंद हैं। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल किया तो हत्यारे लपरी गांव के ही निवासी चार लोग है। अपर पुलिस अधीक्षक देहात शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया था। सरायख्वाजा थाने की टीम ने दो हत्यारोपी नौशाद अहमद पुत्र अब्दूल मन्नान , अरसद पुत्र छोटक अली निवासीगण लपरी थाना सरायख्वाजा को मुखबिर की सूचना पर कोईरीडिहा से मल्हनी जाने वाली रोड के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## कबीरुद्दीनपुर हत्याकाण्ड का छठा आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव हत्याकांड का छठवां आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया , उसके पास हत्या में प्रयोग किया गया तलवार, एक रिवाल्वर भी बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है। इससे पूर्व इस जघन्य हत्याकांड के पांच आरोपी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। ज्ञात हो कि बीते 30 अक्टूबर को गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव निवासी ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की जमीनी विवाद में दबंग पड़ोसियों ने तलवार से वार करके उसके शरीर को दो टुकड़ों में काट दिया था। जिसके चलते नवोदित खिलाड़ी की पलभर में जान चली गई । नवयुवक का सिर धड़ से अलग होने की खबर मिलते ही पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई थी। परिवार वालो ने इस दिल दहला देने वाली घटना में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमे मुख्यारोपी समेत पांच लोगों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है । सीओ केराकत अजित कुमार ने बताया कि इस मामले के छठवें आरोपी लालमोहन यादव पुत्र स्व. फेरु यादव निवासी ग्राम कबीरुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर को अमरा व असवारा जाने वाले मार्ग पर नहर की पटरी से पुलिस ने बीती रात मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया है । अभियुक्त लालमोहन के बताये गये स्थान से घटना मे प्रयोग किया गया 1 तलवार मय म्यान व एक नाजायज रिवाल्वर प्रतिबन्धित बोर .38 बोर बरामद किया गया । इसी के साथ हत्याकांड में शामिल सभी 6 नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गयी है.

## नौकरी के नाम पर 90 हजार ठगा, केस दर्ज

**जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी एक युवक पर सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर 90 हजार रुपये ठगी करने का मुकदमा दर्ज हुआ ।उसके ऊपर आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी कमलेश कुमार ने आरोप लगाया है ।आरोपी की शिकायत पर एसपी डॉ अजय पाल शर्मा के आदेश पर पुलिस ने यह मुकदमा दर्ज किया। ज्ञात हो उक्त गांव निवासी कमलेश कुमार पुत्र लक्षिराम राम ने स्थानीय मोहद्दीपुर गांव निवासी क्षेत्र के संतोष कुमार पुत्र लल्लन राम ने सऊदी अरब में नौकरी वीजा के नाम पर 90 हजार रुपये ले लिया। संतोष कुमार ने कमलेश कुमार को काम की बीजा की जगह टूरिस्ट वीजा पकड़ा दिया ।कमलेश उसी बीजा से जब सऊदी अरब पहुंचा तो उसको इस बात का जानकारी हुई कि उसे टूरिस्ट बीजा देकर बेवकूफ बनाया गया है ।कमलेश को जब अपने ठगे जाने की जानकारी हुई तो वह विदेशी अधिकारियों से वापस अपने देश जाने की गुहार लगाई ।जहां पर उसके द्वारा वीडियो सबूत दिए जाने पर उसे वापस इंडिया भेज दिया गया ।घर वापस आने के बादकमलेश कुमार ने जौनपुर के एसपी डॉ अजय पाल शर्मा से प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाया ।उसकी तहरीर के आधार पर एसपी ने थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव को मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया ।एस पी के आदेश पर आरोपी पर संतोष कुमार के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## यात्री से भरी बस पलटी, एक महिला घायल

**मीरजापुर ।** जनपद के पहाड़ी इलाकों के दूरुह क्षेत्रों में निजी वाहनों का सफर आफत साबित हो रहा है, जो कब घातक साबित हो सकता है कहा नहीं जा सकता है। बुधवार को देर शाम जिला मुख्यालय से तकरीबन 50 किमी दूर लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा-देवघटा गांव में मिजापुर से कुशियरा जा रही सवारियों से भरी बस ब्रेक फेल होने की वजह से पलट गई। बस में सवार एक दर्जन यात्री बाल बाल सुरक्षित बच गए किन्तु एक बुजुर्ग महिला को मामूली चोटे आई हैं, जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया है। लालगंज थाना प्रभारी ने बताया कि, सूचना होने पर फौरन दल बल के साथ पहुंचकर पुलिस टीम बचाव व राहत कार्य में लग गई थी ।जानकारी के अनुसार मीरजापुर से हलिया के कुशियरा गांव में जा रही बस दीपनगर, संतनगर, ददरी होकर जैसे ही धोबहा देवघटा गांव में देर शाम 7:00 बजे पहुंची थी कि अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने के बाद बस पलट गई, जिससे मौके पर चीख पुकार के साथ अफरातफरी मच गई थी। इस हादसे में बस में सवार एक दर्जन यात्री बाल-बाल सुरक्षित किसी प्रकार बच गए हैं ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे लालगंज थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह अपने दल बल के साथ यात्रियों को बस से बाहर निकाल उनका हाल जाना है कुछ लोगों का प्राथमिक उपचार कराया गया है. थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि बस में एक दर्जन यात्री सवार थे. बस का ब्रेक फेल होने की वजह से बस पलट गई जिसमें सभी यात्री सुरक्षित हैं यात्रियों के घर सूचना दे दिया गया है।

## मिठाई की दुकान में अगलगी से सामान खाक

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्रांतर्गत ककराही गांव में आनंद केसरी की दुकान में विती रात लगभग 1 बजे अचानक आग लग गई। जिससे दुकान में मीठा, फ्रिज, कूलर, आलमारी, सहित अन्य सामानें जलकर खाक हो गयीं। जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ककराही गांव स्थित आनंद केसरी पुत्र स्व0संकटा प्रसाद व उनके भाई बाबू केसरी की दुकान है। जिसमें आनंद केसरी की मीठा की दुकान है। उनके भाई बाबू केसरी की अंडे की दुकान है रात में दुकान बंद करके रोज की तरह वे अपने घर सिलखोरा चले गए। रात करीब 1 बजे के लगभग दुकान में अचानक आग जलने लगी और धुएं के गुबार उठने लगी। किसी ने फोन कर पीड़ित को सूचना देकर आग दुकान में आग लगने की बात बताया। तत्काल उन्होंने आकर देखा तो आवक रह गया। पीड़ित ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक सबकुछ जलकर खाक हो गया था।


## कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़

पत्रांक- 321 / न.पं.लालगंज-2024    दिनांक- 20 अक्टूबर, 2024

**ODF+ खुले में शौच से मुक्त हेतु आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ की सीमान्तर्गत समस्त वार्डो को नगर के सम्मानित नागरिक के बहुमूल्य प्रयासों से खुले में शौच से मुक्त करते हुए तथा निकाय द्वारा ODF+ के मानकों को पूर्ण करते हुए एवं स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ के समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में सेप्टिक टैंक मय सोकपिट निर्मित व संचालित करते हुए समस्त वार्डो को ODF+ घोषित किया जाता है निम्नलिखित वार्डो से सम्बन्धित यदि किसी व्यक्ति/ सामाजिक संस्था को कोई आपत्ति/ सुझाव है तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ के कार्य दिवस में लिखित रूप से अपनी आपत्ति / सुझाव दे सकता है।

ODF+घोषित वार्डो का विवरण

| Ward Number | Ward Name | Remark |
|---|---|---|
| 1 | AJHARA | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 2 | PANDIT KA PURVA | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 3 | KHALSA SADAT | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 4 | SAI KI KUTI | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 5 | JAINPUR | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 6 | PURE HARIKISHUN | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 7 | GAUTAMPUR | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 8 | DIVANI | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 9 | POORE NEVAJ KHAN | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 10 | SANGIPUR | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 11 | SALEM BHANDARI | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 12 | KHANAPATTI | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 13 | NETAJI PURAM | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 14 | BAZAR KHAS | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 15 | PANDEY KA PURVA | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 16 | POORE TIKARAM | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 17 | SHITALMAU | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |
| 18 | UMAPUR | ओ.डी.एफ.+ घोषित किया जाता है। |

अधिशासीअधिकारी
नगर पंचायत लालगंज
प्रतापगढ़


# मण्डी समिति में धान क्रय केन्द्र का किया गया शुभारम्भ

● प्रथम किसान को पुष्प गुच्छ भेंटकर किया सम्मानित



**मीरजापुर ।** जनपद में कृषको के धान मक्का व बाजरा के सुविधानुसार क्रय करने के लिए मण्डी समिति मीरजापुर में खाद्य विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र का डीएम प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डीएम ने क्रय केन्द्र पर अपने धान को विक्रय करने के लिए लाए प्रथम कृषक को पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित भी किया। उद्घाटन के पश्चात डीएम ने किसानों धान बेचने हेतु रजिस्ट्रेशन हेतु प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि रजिस्ट्रेशन हेतु सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को एडीएम शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक कराकर प्रशिक्षित भी किया जाए ताकि केन्द्रो पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने धान नपी मापक यंत्र पंखा बोरा एवं कांटा आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर आरएफसी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 99 क्रय क्रेन्द्र स्थापित किए गए है जिनमें से खाद्य विभाग के 32ए पीसीएफ के 20ए पीसीयू के 25ए यूपीएसएस के 19ए मण्डी समिति का 1 एवं भारतीय खाद्य के द्वारा 2 केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने समर्थन मूल्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेड धान 2320 रु. प्रति कुन्तल साधारण धान 2300 रु. प्रति कुन्तल व मक्का 2225 रुपया प्रति कुन्तलए बाजरा 2625 रूपया प्रति कुन्तल हैं। उन्होंने बताया कि सभी केन्द्रो पर किसानों के लिए बैठने के साथ ही पेयजल आदि की व्यवस्था भी कराई गई हैं सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसानों के फसलों की खरीद पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। इस अवसर पर एडीएम शिव प्रताप शुक्लए आर0एफ0सी0ए जिला खाद्य विपणन अधिकारीए सचिव मण्डी समिति के अलावा अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहें।

## ईवीएम की जांचोपरान्त सील किए गये रिकार्ड

मीरजापुर। 397-मझवां विसभ उप निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत उपयोग में लाए जाने वाली ईवीएम को मतदान के लिए कमिशनिंग प्रक्रिया के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन व विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में एसएलयू को सील किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप जिला मजिस्ट्रेट गुलाब चन्द्र के अलावा भाजपा, सपा, बसपा व राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम ने कराई धान की क्रॉप कटिंग

**मीरजापुर ।** डीएम प्रियंका निरंजन द्वारा जनपद में धान की उत्पादकता को परखने के दृष्टिगत तहसील सदर अन्तर्गत राजस्व ग्राम हरिहरपुर में धान के फसल की क्राप कटिंग स्वंय अपने सामने सम्पादित कराई गई। कृषक विद्याकान्त पुत्र श्री तुलसी के खेत में क्राप कटिंग के दौरान सी0सी0सी0ई0 प्लाट फील्ड क्राप का क्षेत्रफल 43.3 वर्ग मीटर में क्राप कटिंग कराकर वजन को परखा गया जिसमें कुल 24.37 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार पहाड़ी राहुल मिश्रा, अपर सांख्यिकी अधिकारी, राजस्व निरीक्षक देवरी व क्षेत्रीय लेखपाल तथा बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## निर्वाचन नामावलियों के विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित

**सोनभद्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 01 जनवरी,24 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर,2024 वृहस्पतिवार तक दावें और आपत्तियां प्राप्त की जाने की तिथि निर्धारित की गयी है। इस अवधि के मध्य 09, 10, 23 एवं 24 नवम्बर,24 को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है। उक्त विशेष अभियान की अभियान की तिथियां में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने नियत मतदेय स्थल पर जनता को निःशुल्क निरीक्षण कराये जाने हेतु एकीकृत निर्वाचक नामावली के साथ समस्त फार्मों सहित पूर्वान्ह 10.00 बजे से 04.00 बजे तक उपस्थित रहेगें। उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील किया है कि उक्त विशेष अभियान तिथियों में अपने नियत मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण करने के उपरान्त आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने के लिए फार्म-6, मतदाता सूची से नाम अपमार्जित किये जाने के लिए फार्म-7 एवं विद्यमान निर्वाचक नामावली में मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों का सुधार हेतु फार्म-8 में अपना आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं।

## सीएचसी दुद्धी का किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात द्वारा वृहस्पतिवार को दुसरे दिन सीएचसी दुद्धी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अस्पताल में साफ-सफाई न होने के कारण सदस्य द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ0शाह आलम अंसारी से जानकारी लिया गया। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कार्मिको की कमी के वजह से साफ-सफाई होने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने संबंधित को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में सफाई और सरकारी योजनाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। ताकि मरीजों को समय पर उचित इलाज मिल सके और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा बनी रहे। उसके उपरान्त म्योरपुर ब्लाक के आगनवाड़ी केन्द्र खैराही मे गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रामचन्द्र द्वारा आगनवाड़ी केन्द्र पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया गया। इस मौके पर प्रोवेशन अधिकारी इन्द्रावती कुमारी, जिला बाल संरक्षण ईकाई संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, वन स्टॉप सेंटर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह महिला थाना रावर्टसगंज प्रभारी सविता सरोज, चैकी प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह, महिला थाना दुद्धी प्रभारी सन्तू सरोज आदि उपस्थित रहे।

## हर माता-पिता को ध्रुव के समान अपने बच्चों को देना चाहिए संस्कार

**सोनभद्र।** रामगढ़ के ग्राम अमिलियां में चल रहे श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चैथे दिन प्रातः से ही भक्तों का जन शैलाब यज्ञ परिक्रमा करने हेतु कतार में लगा रहा। इसी दौरान ऋषिकेश से पधारे संत हरिदास महाराज के द्वारा ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुये बताया कि भक्त ध्रुव बचपन से ही भगवान की आराधना में लीन हो गये जिसका मुख्य कारण उनके माता पिता का दिया गया संस्कार है। उसी प्रकार से प्रत्येक माता पिता को अपने बच्चों को भगवत आराधना का संस्कार देने की बात कही। कथा में वामन अवतार की कथा और उसके पश्चात भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव की रोचक कथा सुनायी। वृन्दावन से पधारे कलाकारों नें भगवान कृष्ण के जन्म की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर भक्तों को भक्तिमय वातावरण बना दिया। इस दौरान आचार्य पृथ्वीनाथ शुक्ल और उनके टीम द्वारा श्रीमदभागवत पाठ जारी रहा। कथा में अवधेश नारायण शुक्ल, अशोक शुक्ल, विनोद कुमार शुक्ल, महेन्द्र प्रसाद शुक्ल, कृष्णकांत देव पाण्डेय, बेचन देव पाण्डेय, रमाकांत देव, मनोज धर दूबे, छोटेलाल शुक्ल, रामचंद्र मिश्र, विनय पाण्डेय आदि भक्तगण यज्ञ में समर्पित भाव से लगे रहे।

# व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया



भटनी(देवरिया) स्थानीय नगर पंचायत सहित ग्रामीण अंचनो के छठ घाटों को बडे ही अच्छे ढंग से साफ सफाई कर सजाया गया है। छठ घाट विद्युत के छालरो से सजाकर पुरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। चार चरण के छठ.व्रत के सभी चरणो मे शुध्दता के साथ सूर्य देवता की आराधना की जाती है। आज डुबते सूर्य को निर्जला व्रत रहकर अर्घ्य देकर महिलाओं ने की व्रत का शुभारम्भ और अगले दिन उगते सूर्यदेव को पानी मे खडा होकर उपासना के अर्घ्य देकर तोडेगी वर्त।

इसी क्रम मे नगर पंचायत भटनी जंगली जलपामाई मन्दिर घाट को नगर प्रशासन द्वारा साफ सफाई कर विद्युत के छालर लगा कर सजाया गया है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा महिलाओं को कोई परेशानी न हो इसका पुराना ख्याल रखा गया है। किवडा वार्ड के सभासद पति शिवशंकर मौर्य रामपुर खुरहुरिया के सभासद कुन्दन सिंह सलीम अली समाजसेवी महेन्द्र सिंह द्वारा भी छठ घाट की साफ सफाई करवाकर रोशनी की व्यवस्था करायी गयी है। नगर पंचायत की महिलाओं ने अलग अलग घाट पर अर्घलय दिया।

ग्रामीण क्षेत्रो के छठ घाटो की साफ सफाई अधिकांश गाँवो मे ग्राम प्रधानो छठ घाटो की साफ सफाई कर रोशनी की व्यवस्था किये जाने का समाचार है। क्षेत्र के खोरीबारी, महुराव, सल्लहपुर, बनकटा शिव सहित ग्राम प्रधानों द्वारा छठ घाटों को खूब सजाया गया है। घाटों पर गाजे बाजे के साथ

### आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर करेगी व्रत का समापन

छठी माता की गीत गाते महिलाओं ने पहुचकर वेदी पर दीप प्रज्वलित कर डूबते सूर्य की पूजा की। कहीं कही व्यवस्था न होने पर समाजसेवियों की सहायता से भी छठ घाट की सफाई की व्यवस्था किये जाने की बात भी सामने आ रही है। इस तरह की व्यवस्था वही हो रही है। जहां व्रती महिलाएँ गाँव मे ही एक से अधिक स्थानो पर अर्घ्य देती है। तो वहां कही समाजसेवी भी व्यवस्था करने लगे है। वैसे इस महापर्व पर गाँव नगर सभी जगहो पर पुरी तरह से भक्तिमय वातावरण हो गया है। इस पर्व को सफल बनाने मे पुलिस भी पीछे नही है। प्रत्येक छठ घाँटो पर पुलिस की तैनाती की गयी है। जहाँ भीड अधिक है वहां अधिक पुलिस बल तैनात की गयी है।

## छठ घाटों पर उमड़ी व्रती महिलाओं की भीड़ : डूबते सूर्य की पूजा की



**देवरिया।** लोक आस्था, पवित्रता और सूयोर्पासना का महापर्व सूर्य खष्टी (छठ) पूरे जिले में भक्ति व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। आज व्रती महिलाओं द्वारा भव्य ढंग से सजाएं गए छठ घाटों पर पहुचकर छत वेदी पर डीप प्रज्ज्वलित कर अस्ताचल होते सूर्य की पूजा की कल उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामनाएं करेंगी। छठ घाटों की साफ सफाई, रँगाई पुताई कर और रोशनी से जगमग किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारी की गई है। उधर ग्राम प्रधानों, समाजसेवियों द्वारा घाटों पर सुविधाए उपलब्ध कराई गईं है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस अवसर पर सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। जिन घरों में कोशी भराई हो रही है उनके द्वारा नाच गाने, भजन, का आयोजन किया गया हैं। मुख्यालय के हनुमान मंदिर, गायत्री मंदिर पोखरा घाटों, परमार्थी पोखरा सहित रुद्रपुर के बथुआ रिवर फ्रंट, दुग्धेश्वर मंदिर, भागलपुर बरहज, कपरवार स्थित सरयू छठ घाटों, छोटी गंडक के रामपुर कारखाना, महुवापाटन, बनकटा शिव, भटनी भरहेचौरा आदि घाटों पर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। इसके अतिरिक्त शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पोखरों, तालाबों पर बने घाटों पर छठ पूजा के लिये भीड़ उमड़ी। जगह जगह घाटों की सजावट देखने को मिली। स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र का लगातार गश्त किया जा रहा है। छत पूजा के लिये रोजी रोटी, नौकरी पेशा के लिए बाहर गए परिवारीजनों के घर पहुचने से खुशी दोगुनी हो गयी है।

## पीड़ित दलित व्यक्ति ने सदर तहसीलदार पर लगाया आरोप

**सोनभद्र।** डीएम को पत्र देकर पीड़ित व्यक्ति उमाशंकर पुत्र स्व०रघुनाथ निवासी मौजा ग्राम डोमरिया परगना विजयगढ़ तहसील राबर्ट्सगंज ने बताया है कि आराजी न0 92मि० रकबा 1,8600 हे0 में से रकबा 0.2530 है० स्थित मौजा बनौरा प्रथम परगना विजयगढ़ थाना पन्नूगंज तहसील राबर्ट्सगंज का बैनामा बीते 02 अप्रैल,2018 को लिया। तत्पश्चात नामान्तरण की कार्यवाही होकर नाम बतौर सहखातेदार भूमिधर दर्ज हुआ तथा बैनामा के समय से ही प्रार्थी का कब्जा-दखल है किन्तु हम प्रार्थी को गरीब व कमजोर तथा अनुसूचित जाति समझकर उपरोक्त आराजी पर धन-बल बाहुबल एवं गुण्डई के बल से गुलाम रसूल खा पुत्र मंसूर अली निवासी मौजा बनौरा प्रथम परगना विजयगढ़ थाना पन्नूगंज तहसील राबर्ट्सगंज द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करने के फिराक में पड़े, जिसके बाबत प्रार्थी द्वारा कई उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। मौके पर उपजिलाधिकारी राबर्ट्सगंज मय पुलिस बल के साथ जाकर उपरोक्त आराजी पर विपक्षी द्वारा किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाकर प्रार्थी का जोत-कोड एवं कब्जा दिला दिये किन्तु उक्त कार्य से क्षुब्ध होकर मूल खातेदार जटईल को अपने साजिश में लेकर प्रार्थी की क्रयशुदा भूमि की चैहद्दी देकर कूटरचित एवं जालसाजी के तहत 01 अक्टूबर,2024 को अपने करीबी व्यक्ति मारकण्डे के नाम से करवा लिए तथा हम प्रार्थी के नामान्तरण कार्यवाही में पुर्नस्थापन प्रार्थना पत्र देकर तहसीलदार राबर्ट्सगंज को अपने अज्ञात कारणों से प्रभाव में लेकर नामान्तरण आदेश को निरस्त करा दिया। जबकि नामान्तरण की कार्यवाही नायब तहसीलदार विजयगढ़ रा०गंज से किया गया था। उक्त पत्रावली को ट्रान्सकर उपजिलाधिकारी राबर्ट्सगंज द्वारा न्यायालय तहसीलदार राबर्ट्सगंज में स्थानान्तरित करते हुए सुनवाई हेतु 14 अक्टूबर,2024 नियत किया गया था। किन्तु तहसीलदार राबर्ट्सगंज द्वारा 10 अक्टूबर,2024 को गलत एवं अवैधानिक तरीके से प्रार्थी का नामान्तरण आदेश निरस्त करते हुए प्रार्थी को विपक्षी गुलाम रसूल से सूचना देकर अपने चेम्बर में बुलाया गया। तहसीलदार द्वारा कहा गया कि बैनामें के समय से ही उक्त आराजी बन्धक है जबकि 2018 की खतौनी में उक्त आराजी बन्धक नहीं थी।

## जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है लोकआस्था का महापर्व छठ



- जलाधिकारी औ पुलिस अधीक्षक ने लिया विभिन्न छठ पूजा स्थलों का जायजा, दिये आवश्यक निर्देश

**देवरिया।** जनपद में लोक आस्था का महापर्व छठ पारंपरिक हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन हेतु विशेष तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने हनुमान मंदिर सरोवर, देवरही मंदिर सरोवर, गायत्री मंदिर सरोवर एवं परमार्थी पोखरा का दौरा कर पूजा स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने छठ पूजा के पावन अवसर पर जनपदवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर सुरक्षा, स्वच्छता, और चिकित्सा सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए मेडिकल कैंप और एंबुलेंस सेवाएं भी तैनात की गई हैं। इस महापर्व में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं लाइटिंग जैसी सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। जनपद में इस प्रकार की योजनाबद्ध और समर्पित व्यवस्था के चलते छठ पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रही है। जनपद वासियों ने इस अवसर पर जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और इस पर्व में उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी दीपेंद्रनाथ चौधरी, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, ईओ नगर पालिका संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## राजस्थान निर्मित 30 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जनपद के हाटा कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पदार्फाश कर एक अदद पीकप वाहन मय 30 पेटी राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब, वाहन सहित कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये के साथ 02 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कुशीनगर पुलिस द्वारा जनपद में अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण, परिवहन के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 06 नवम्बर 2024 दिन बुधवार को हाटा कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर दो अभियुक्त पवन कुमार पुत्र स्व0 रामसेवक साकिन रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा, वीरेन्द्र सिंह पुत्र विशुन दयाल सिंह साकिन रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद टाटा इन्ट्रा वाहन संख्या यूपी 57 बीटी 0839 से तस्करी कर ले जाए जा रहे 30 पेटी कुल 1440 टेट्रा पैक रायल क्लासिक व्हिस्की अंग्रेजी शराब राजस्थान निर्मित प्रत्येक 180 एमएल कुल 259.2 लीटर शराब की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 835/2024 धारा 60/63/72 आबकारी एक्ट व 341(2) बीएनएस पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तो को जेल भेज दिया।

पुलिसिया पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग आगरा के समीपवर्ती राज्य राजस्थान के भरतपुर जिला से अवैध शराब खरीद कर यू0पी0 के रास्ते बिहार राज्य में शराब बेचने हेतु ले जा रहे थे और बिहार राज्य में अच्छे दर से शराब की बिक्री कर धन अर्जित करते हैं। बरामदी व गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्र0नि0 सुशील कुमार शुक्ला, व0उ0नि0 मंगेश मिश्रा, उ0नि0 अमरनाथ सोनकर, उ0नि0 सन्तराज यादव, हे0का0 पंकज सिंह, का0 नीरज सिंह, का0 जितेन्द्र पाल शामिल रहे।

## स्वावलम्बी बनाने के लिए दिया जायेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

जिला संवाददाता (vol)

**सोनभद्र।** निदेशक आरसेटी ने बताया है कि जनपद के ग्रामीण, शिक्षित, बेरोजगार युवकों व युवतियों (उम्र सीमा 18 से 45) को स्वावलम्बी बनाने हेतु जनपद के अग्रणी बैंक इण्डियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रषिक्षण संस्थान (आरसेटी), द्वारा 09 नवम्बर से सुअर पालन का 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण होना प्रस्तावित है। संस्थान के निदेशक विशाल खन्ना द्वारा बताया गया कि उक्त प्रशिक्षण में जनपद के बीपीएल परिवार के सदस्यों एवं दिव्यांगो को प्राथमिकता दी जायेगी। जनपद के बेरोजगार युवकों/युवतियों से अपील की गयी है कि अधिक से अधिक संख्या में पंहुच कर इस निःशुल्क कार्यक्रम का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि इसके ह्यह्यअतिरिक्त महिलाओं हेतु आर्टिफीशियल ज्वैलरी मेकिंग (कस्टम ज्वैलरी उद्यमी), वोमेन्स टेलर, ब्यूटीपार्लर मैनेजमेण्ट, वाषिंग पाउडर एवं साबुन बनाना, ट्वायलेट क्लीनर बनाना, मसाला पाउडर, अचार पापड़ इत्यादिह्लह्ल एवं पुरूश महिला सभी के लिए मछली पालन, बकरी पालन, सुअर पालन, डेयरी फार्मिंग, षॉप कीपर, फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी, कम्प्यूटराईज्ड एकाउन्टिंग इत्यादि का निःशुल्क प्रशिक्षण भी संस्थान द्वारा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय से सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र-राजकीय आईटीआई के पास, लोढ़ी टोल प्लाजा के पश्चिम, लोढ़ी, राबर्ट्सगंज मो0-9120984244, 7992133781 से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# व्रती महिलाओं ने डूबते हुए भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

**कुशीनगर।** जनपद के विभिन्न छठ घाटों पर गुरुवार को व्रती माताओं ने डूबते हुए भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। चार दिनो तक चलने वाले इस महापर्व के आखिरी दिन शुक्रवार को श्रद्धालु सुबह उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर उपवास तोडेगी।

### पानी मे तैरते दीये से जगमग हो उठे घाट

छठ पूजन के अवसर पर गांव से लेकर शहर तक घाटों पर श्रद्धा का सैलाब दिखा। जिले के प्रमुख बाजार व कस्बों समेत नगरीय क्षेत्र के रंग-बिरंगी रोशनी से नहा उठे घाटों का नजारा देखने लायक था। भक्ति भाव से ओत प्रोत हर कोई बस भगवान भाष्कर की ओर ही निहार रहा था। आंखों से ओझल होने तक टकटकी लगाए व्रती महिलाएं पानी में खड़ा होकर अ ?र्घ्य दे रही थीं। क्षण भर में ही हर ओर पानी में तैरते दीयों से जगमग हो रहे घाटों की शोभा आकर्षण का केंद्र बनी रही। सुरक्षा की बाबत सभी घाटों पर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा समापन

खरना के साथ ही व्रती माताओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया था। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं का व्रत संपन्न हो जाएगा। इसके बाद व्रती महिलाएं अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' करेंगी। हिंदू परंपरा के अनुसार, कार्तिक और चैत्र माह में छठ व्रत का आयोजन होता है। इस दौरान उपवास रहने वाली माँए भगवान प्रकाशक की अराधना करती हैं।



### घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम

षष्ठी छठ के तीसरे दिन पर्व को लेकर व्रती महिलाएँ घाट से लेकर विभिन्न नदियों के तटों, तालाब और जलाशयों पर पहुंची और भगवान भास्कर की विधिवत पूजा-अराधना की। घाटो पर छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंजते रहे। जिले के सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### छठ गीतों की रही धूम

छठ की संध्या पर अर्घ्य को लेकर जगह-जगह छठ गीत से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संध्या अर्घ्य को लेकर छठ घाटों पर भारी संख्या मे भीड़ रही। शुक्रवार को सुबह उदीयमान भगवान तपन को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया था। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं का व्रत संपन्न हो जाएगा। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' करेंगी।

### लोक आस्था और सूर्य उपासना का पहला अर्घ्य

लोक आस्था और सूर्य उपासना के पर्व छठ के तीसरे दिन गुरुवार को पहला अर्घ्य दिया गया। शाम के समय डूबते हुए भगवान तपन (सूरज) को नदी व पोखरो के किनारे जल चढ़ाया गया। कसया, हाटा, पडरौना नगर सहित जिले के सभी छठ घाटों पर हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं ने आस्ताचलगामी होने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की।

## डीएम व एसपी ने छठ घाटों का किया गया निरीक्षण



**कुशीनगर।** लोग आस्था का महापर्व छठ को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवरही के शिवाघाट का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर पंचायत सेवरही कस्बे से सटे शिवाघाट पर लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम श्री भारद्वाज ने संबंधित अधिकारियों सहित नगर पंचायत को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालु तथा महिला भर्ती को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसे लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। आवागमन की सुविधा के साथ ही पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। डीएम द्वारा कसया स्थित छठ घाट एवं राजदरबार पडरौना का भी निरीक्षण कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी तमकुहीराज विकास चंद्र, जितेंद्र सिंह कालरा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनिया त्रिभुवन जायसवाल, अधिशासी अधिकारी उत्तम वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्म कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर

**आजमगढ़।** शहर से सटे भदुली घाट स्थित बाबा नरसिंह दास की कुटी पर गो महोत्सव के तहत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्म कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आचार्य पंडित गया प्रसाद पाठक टुनटुन जी महाराज ने बताया कि किस तरह देवकी के गर्भ में आठवीं संतान के पैदा होने के बाद वासुदेव जी महाराज भगवान श्रीकृष्ण को गोकुल में यशोदा मैया की गोद में देकर आ गए। यशोदा मैया की गोद में कन्या पैदा हुई थी। भगवान श्रीकृष्ण को बदलकर उनकी जगह पर योगमाया को लेकर आए। कुटी के महंत योग साधक मौनी जी महाराज ने बताया कि कार्तिक शुक्ल में 2 नवंबर से प्रारंभ हुए श्रीमद्भागवत कथा का 9 नवंबर को समापन होगा। उसी दिन गोपाष्टमी के पावन पर्व पर शिव जी, पार्वती जी गोशाला बाबा नरसिंह दास कुटी पर गो श्रृंगार पूजन एवं गोकथा आयोजित की गई है। सांयकाल प्रसाद वितरण एवं वृवहद भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम में दूरदराज तथा क्षेत्र के श्रद्धालु प्रतिभाग करेंगे।

## आइजीआरएस रैंकिंग में जनपद को मिला प्रदेश में पहला स्थान

**कुशीनगर।** जन शिकायतों के निस्तारण में प्रशासन की ओर से की जा रही पहल में जनपद को बड़ी सफलता मिली है। आज जारी अक्टूबर माह की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) रैंकिंग में जनपद कुशीनगर को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। शासन द्वारा जारी रैंकिंग में कुशीनगर को 96.15 अंक मिले हैं। जनपद के 06 तहसीलों में 05 तहसीलों को प्रथम स्थान मिला, तथा प्रदेश में जनपद को प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने इस उपलब्धि के लिए आईजीआरएस के नोडल अधिकारी एडीएम वैभव मिश्रा सहित जनपद के समस्त अधिकारियों, कार्मिकों को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि शासन की नीति के अनुसार आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण में जन अपेक्षाओं के अनुरूप और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। आईजीआरएस रैंकिंग का निर्धारण जन शिकायतों के निस्तारण के आधार पर किया जाता है। इन शिकायतों में जिलाधिकारी जनता दर्शन, तहसील दिवस, पीजीपोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय संदर्भ, सहित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण के आधार पर किया जाता है। जिन शिकायतों का निस्तारण संतोषजनक नहीं होता है, उन्हें सी श्रेणी में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाता है। जिसके तहत 24 घंटे से 15 दिन के बीच शिकायतों के निस्तारण का प्रावधान है।

## अज्ञात बदमाशों ने युवक को गोली मारकर की हत्या, जांच में जुटी पलिस

**देवरिया।** देवरिया सुरौली थाना क्षेत्र के जद्दू परसिया गांव के समीप एक 25 वर्षीय युवक नेहाल सिंह को अज्ञात बदमाशो ने मार दी। गोली लगने से घायल नेहाल सिंह को लोगो ने मेडिकल कॉलेज में पहुंचे जहां डॉक्टरो ने नेहाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। इस घटनाक्रम को लेकर एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार निहाल सिंह सुबह घर से निकला था। जहां अज्ञात बाइक सवारों ने जड्डू परासिया के पास उसको गोली मार दी और फरार हो गए। इसके बाद लोगों ने नेहाल सिंह को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। नेहाल प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था।



एसपी संकल्प शर्मा ने बताया है कि यह जनपद देवरिया के सुरौली थाना क्षेत्र का मामला है। जहाँ एक 25 वर्षीय युवक को गोली मार कर हत्या करने का मामला सामने आया है। प्रथम दृष्टि यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है और इस प्रकरण में तीन टीमें लगाई गई है और जल्द ही इस घटना को वर्कआउट करके अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लेंगे।

## हौसला बुलंद चोरों ने दुकान में की चोरी

**कर्मा, सोनभद्र।** स्थानीय थानांतर्गत करमा थाना के चंद दूरी पर मिजार्पुर-सोनभद्र के मुख्य मार्ग पर स्थित कृष्णा ट्रेडर्स एण्ड कृषि यंत्र के दुकान से बुधवार की रात सटर का लॉक छटकाकर काउंटर से लाखों रुपये की चोरी कर चोर फुर्र हो गये। जानकारी के अनुसार कर्मा बाजार में मुख्य मार्ग पर सुरेश कुमार द्विवेदी की कृष्णा ट्रेडर्स एण्ड कृषि यंत्रों की दुकान कर्मा थाना के नाक के निचे स्थित है। जहाँ दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, दुकान व आवास एक ही जगह पर हैं। जाबांज कुत्ते भी पाले हुए हैं। परंतु हौसला बुलंद चोरों ने बुद्धवार की रात सटर का लॉक छटकाकर काउंटर में रखे चार लाख रुपये व सीसी टीवी बिडिआर निर्भय होकर ले कर चले गए। भुक्तभोगी सुरेश दूबे जब सुबह उठे तो अपनी टीबी देखे तो टीवी काम नहीं कर रही थी। अन्दर से दरवाजा खोल कर दुकान में गये तो काउंटर खुला हुआ था, सटर आधा खुला हुआ था। यह देख उनका होस उड़ गया। जिसकी तत्काल सूचना मोबाइल फोन व लिखित रूप में थाने पहुंच कर दी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह, एस आई आशीष कुमार सिंह, एस आई राजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि तहरीर मील गयी है अतिशीघ्र इसका खुलासा कर दिया जायेगा। इधर क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा नहीं होने से लोग आहत में हैं और लोगों में भय बना है। लोगों की मानें तो जब थाने के चंद कदम पर हौसला बुलंद चोर चोरियों का अंजाम दे सकते हैं तो अन्य जगहों पर क्या होगा। जहाँ पुलिस गश्त करती रहती। स्थानीय लोगों उच्चा अधिकारी से चोरियों के खुलासा किये जाने की मांग की है।

संक्षेप

## डॉक्टर से मारपीट का आरोपी सिपाही निलंबित

कानपुर। जिले में एक शल्य चिकित्सक पर हमला कर उसकी टांग की हड्डी तोड़ने के आरोपी एक पुलिसकर्मी को निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) श्रवण कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि चकेरी थाने में तैनात सिपाही आर्यन को पटेल नगर निवासी शल्य चिकित्सक हिमांशु कुमार को पुलिस चौकी ले जाकर पीटने के आरोप में निलम्बित किया गया है। आरोप है कि मारपीट में डॉक्टर की एक पैर की हड्डी टूट गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी सिपाही के खिलाफ विस्तृत जांच की जा रही है तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। डॉक्टर हिमांशु कुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया है कि वह अपनी कार से एक मरीज को देखने जा रहे थे, रास्ते में लाल बंगला इलाके में सिपाही आर्यन की मोटसाइकिल ने उनकी कार को टक्कर मार दी। डॉक्टर ने शिकायत में दावा किया कि इसका विरोध करने पर सिपाही उन्हें पास स्थित पुलिस चौकी ले गया और उन्हें बुरी तरह पीटा जिससे उनकी एक टांग की हड्डी टूट गयी। अब तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## अंधेरे में भाग रहे तीन बदमाशों में से एक तालाब में गिरा, मौत

कौशांबी। जिले के मोहम्मदपुर पैंसा थाना क्षेत्र में एक घर में रात में चोरी करने की नीयत से घुसे बदमाश परिवार के सदस्यों के जागने के बाद भागने लगे जिस दौरान एक बदमाश की तालाब में गिरने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घर में घुसे चार बदमाशों में से एक को घर के लोगों ने पकड़ लिया, जबकि भागने में सफल रहे तीन में से एक बदमाश पास के तालाब में गिरकर डूब गया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मोहम्मदपुर पैंसा थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी सेवानिवृत अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुरेश चंद्र के घर पांच नवंबर की देर रात चार बदमाश चोरी की नीयत से घुसे थे। इतने में परिजन जाग गए और एक बदमाश गुफरान अहमद को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस ने सुरेश चंद्र के भतीजे अमित की तहरीर पर मामला दर्ज किया था। श्रीवास्तव ने बताया कि तीन बदमाश अरबाज, शाहरुख और दीपक मौके से भाग निकले और अंधेरे में भागने के कारण अरबाज पास के एक तालाब में गिर गया। बुधवार की शाम अरबाज का शव तालाब में उतराता मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरबाज की शिनाख्त उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से हुई है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और वारदात के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन

सोहावल-अयोध्या। सोहावल चैराहा स्थित सोनू मोबाइल सेंटर के प्रोप्राइटर अरुण कुमार गुप्ता ने रामायण पाठ का आयोजन कराया और शुक्रवार को भंडारा होगा। वृहस्पतिवार को अपने आवास पर श्री रामचरितमानस का पाठ कराया और भंडारा शुक्रवार को होगा। पूछे जाने पर अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारा घर पुल की चपेट में आ गया था और हम लोग बेघर हो गए थे। बड़े प्रयास के बाद हमारा घर निर्मित हुआ है। इस उपलक्ष्य में हमारे परिवार ने श्री रामचरितमानस का पाठ कराया है।

# प्रारब्ध कभी मिटता नहीं

## अंजरौली गांव में चल रही भागवत कथा



मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित अंजरौली गांव में भूपेंद्र सिंह ऊदल के निवास पर चल रही भागवत कथा के तीसरे और चैथे दिन शिव विवाह तथा भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर विस्तार से चर्चा हुई। कथा व्यास पं. अजय शुक्ला के द्वारा प्रस्तुत शिव विवाह एवंभगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सवकी कथा सुन मौजूद भक्त एवं श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे।

बता दें कि अंजरौली गांव स्थित भूपेंद्र सिंह उदल के आवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक परम पूज्य पं० अजय शुक्ला ने कहा कि प्रारब्ध कभी मिटता नहीं है। भगवान शंकर के जीवन वृत पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान भोले नाथ की लेखनी को संसार में कोई भी देवी देवता मिटाने अथवा काटने की क्षमता नहीं रखता है। मनुष्य के शरीर की उत्पत्ति होने से पूर्व प्रारब्ध लिखा पढ़ा होता है। जिसके अनुसार मनुष्य को पृथ्वी लोक पर कर्म फल भोग करना पड़ता है। भगवान शंकर के विवाह के अवसर परझांकी भी निकाली गई। कथा के चैथे दिनभगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आयोजित किया गया। जहां छोटे-छोटे बच्चों ने झांकी निकालकर भागवत कथा में मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण के जीवनपर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अनेकोंनेक लीलाएं की है। कथा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामंत्री सूर्यभान सिंह व गन्ना समिति मसौधा के अध्यक्ष संतोष सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों को कथा व्यास पं० अजय शुक्ला ने राधे कृष्ण भगवा ध्वज भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अमरजीत सिंह, दुर्गा बक्स सिंह, राम अंजोर सिंह रणविजय सिंह रुद्र प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, रामकरन सिंह, अनिल पांडे अरुण द्विवेदी, पवन पांडेय, ओंकार अग्रहरि, वीरेंद्र सिंह, दीपू सिंह, प्रशांत, शिवकुमार सिंह, अखंड प्रताप सिंह, राम यश सिंह, विवेक कुमार सिंह, रमेश सिंह, अंकित सिंह, गिरीश सिंह, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, शिवम, वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी भक्तजन तथा महिलाएं मौजूद रही।

# बच्ची से बलात्कार का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले में चार साल की एक बच्ची से बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। घटना में आरोपी और एक पुलिसकर्मी गोली लगने से जख्मी हुआ है।

पुलिस अधीक्षक राजेश एस. ने बृहस्पतिवार को बताया कि कांट थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली चार साल की बच्ची को उसके घर से सोते समय उठाकर दुष्कर्म करने के आरोपी संजू नामक व्यक्ति को पुलिस ने जिन्न वाली पुलिया के पास हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि संजू उर्फ संजय कहीं भागने की फिराक में था तभी पुलिस ने उसे घेर लिया। उसने पुलिस दल पर गोली चलाई जिससे सिपाही अनिल कुमार घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में संजू को भी गोली लगी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे और जख्मी सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, संजू ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह मंगलवार की रात छत से बच्ची के घर में घुसा और सो रही बच्ची को उठाकर गांव के पास एक नलकूप परिसर में ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ बलात्कार किया।

राजेश ने बताया कि पुलिस ने संजू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) (रात में घर में घुसना) 137(2) (अपहरण), 65(2) (बलात्कार) और पोक्सो अधिनियम की सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

गौरतलब है कि पीड़ित बच्ची मंगलवार की रात अपने घर से लापता हो गई थी परिजन ने उसकी तलाश की तो वह बुधवार की सुबह गांव से कुछ दूर ट्यूबवेल परिसर में निर्वस्त्र हालत में मिली थी। उन्होंने बताया कि परिजनों की ओर से गांव के ही 55 वर्षीय एक व्यक्ति को शक के आधार पर नामजद करते हुए अपहरण तथा बलात्कार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। मगर पुलिस की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि नामजद व्यक्ति घटना में शामिल नहीं था। इसके बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव के ही रहने वाले संजू ने इस घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस ने संजू की तलाश शुरू की तो पता चला कि वह बुधवार रात गांव से भागा है।

# विधायक के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ आयोजित

**सफीपुर, उन्नाव।** विधायक बम्बालाल दिवाकर का जन्म दिवस परम्परागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजन में ईश्वर से विधायक की लंबी उम्र की कामना की। गुरुवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर का 50वाँ जन्मदिन कार्यकर्ताओ आवास के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में बजरंगबली का दरबार सजाकर संगीतमय सुंदर कांड के पाठ का आयोजन कर क्षेत्रवासियों सहित देशवासियों को एक अच्छा सन्देश दिया है। मनू शुक्ला ने अपने सहयोगियों के साथ संगीतमय सुंदर कांड की सफल प्रस्तुति देकर वातावरण भक्ति मय बना दिया। विधानसभा क्षेत्र के लगभग हर गांव, कस्बे से उनके चाहने वाले शुभचिंतको ने सुंदर कांड पाठ में भाग लिया और अपने चहेते विधायक की लंबी उम्र की ईश्वर से कामना की।विधायक को जन्मदिन की बधाई देने का सुबह से शुरू हुआ सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।बधाई देने वालो में सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, निवर्तमान चेयरमैन ऊगू अनुज दीक्षित, जयदीप मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू मिश्रा, रत्नेश गौड, सुभाष सिंह, सिंपल मिश्रा, संतोष मिश्रा, विमलेश गौड, लाले गौड़, संजय चैरसिया, रमेश रावत आदि सहित प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान विधायक श्री दिवाकर ने सीएचसी व शंकरा आई केयर सेंटर पहुंच कर मरीजों व तीमारदारों को फल वितरित कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी राजू चैहान, नेहरू गौड़, आशीष कनौजिया, राकेश तिवारी लल्ला, मलखान सिंह, राम सजीवन विमल, पुष्पेंद्र, सत्यम पाल, अतुल अग्निहोत्री, प्रवीण रावत, नीरज कुशवाहा, राज दिवाकर आदि समेत हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## व्याज के रुपए के लिए मापीट और दिया धमकी

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम पतहना में ब्याज के पैसे को लेकर विवाद के बाद मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी रामू प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के तई सिंह ने बीते दो अक्तूबर 2024 की शाम करीब सात बजे उन्हें अपने घर बुलाया। ब्याज का पैसा लौटाने का झूठा आरोप लगाते हुए उन पर दबाव डाला।रामू का दावा है कि उन्होंने तई सिंह से कोई भी कर्ज नहीं लिया है, लेकिन आरोप है कि तई सिंह ने कई बार मारपीट कर उनसे करीब दो लाख रुपये वसूल लिए हैं। शिकायत में रामू ने यह भी बताया कि तई सिंह और उनके साथियों ने मारपीट करते हुए उन्हें कमरे में बंद कर दिया और थप्पड़ मारे। थाना जाने की कोशिश करने पर उन्हें रास्ते में रोककर धमकी दी गई और उनके घर पर भी दो बार पुलिस भेजी गई। रामू का कहना है कि मारपीट के दौरान उनका मोबाइल तोड़ दिया गया और उनकी पिटाई की गई। उन्होंने अपनी जान की सुरक्षा के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। थाना

## मतदाता सूची समय से उपलब्ध कराने के एसडीएम ने निर्देश दिये

**पाटन, उन्नाव।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत बीघापुर में उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने गुरुवार को सुबह 10 10 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने कार्यालय में उपस्थित कर्मियों की जांच की और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आगामी चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के संबंध में वार्ड मेम्बरों के साथ एक बैठक भी आयोजित की। बैठक में उप जिलाधिकारी ने वार्ड मेम्बरों को 9 और 10 नवंबर को अपने-अपने बूथों पर 10-10 फार्म भरवाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी वार्ड सदस्य सुनिश्चित करें कि मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण समय पर और सही तरीके से हो। उपजिलाधिकारी ने पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने पर भी बल दिया, ताकि मतदाता सूचियों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।इसके साथ ही, उप जिलाधिकारी ने नगर पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को सफाई और व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करने और नगर को स्वच्छ बनाए रखने की हिदायत दी।इस औचक निरीक्षण और बैठक के माध्यम से उप जिलाधिकारी ने न केवल प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की, बल्कि आगामी चुनावों की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। वार्ड मेम्बरों ने उप जिलाधिकारी के निदेर्शों का पालन करने का आश्वासन दिया और कहा कि वे मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग करेंगे।इस प्रकार, बीघापुर नगर पंचायत में उप जिलाधिकारी का निरीक्षण और बैठक प्रशासनिक और चुनावी तैयारी दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# रेल सिग्नल यंत्र से छेड़छाड़, अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा

बलिया। जिले में रेवती रेलवे स्टेशन पर बुधवार को रेलवे के सिग्नल यंत्र के साथ छेड़छाड़ के मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, वाराणसी-बलिया-छपरा रेल प्रखंड स्थित रेवती रेलवे स्टेशन के पूर्वी सिग्नल के साथ बुधवार की सुबह छेड़छाड़ का मामला सामने आया। फर्रुखाबाद से बिहार के छपरा जा रही उत्सर्ग एक्सप्रेस बुधवार सुबह रेवती रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी।

सूत्रों के अनुसार, ट्रेन जब सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन की तरफ जाने के लिए तैयार हुई तो पूर्वी सिग्नल हरा नहीं हुआ। ट्रेन चालक ने इसे लेकर स्टेशन मास्टर से सम्पर्क किया तो पता चला कि उनकी तरफ से सिग्नल को हरा करने की औपचारिकता पूरी की जा चुकी है। ट्रेन चालक की नजर जब पूर्वी सिग्नल यंत्र पर पड़ी तो उसने देखा कि उसमें कपड़ा ठूंसा गया था। ट्रेन चालक ने अपने सहकर्मी को भेजकर कपड़े को निकलवाया तब सिग्नल हरा हुआ तथा ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

रेलवे सुरक्षा बल के बलिया थाना प्रभारी डी. के. सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले में रेलवे के यातायात निरीक्षक संजय सिंह की तहरीर पर बुधवार को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। छेड़छाड़ के कारण ट्रेन तकरीबन पांच मिनट तक खड़ी रही। वाराणसी-बलिया-छपरा रेल प्रखंड पर पिछले डेढ़ माह के अंदर रेलवे से जुड़े साजोसामान से छेड़छाड़ की यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व, इसी रेल प्रखंड पर बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच गत 29 सितम्बर को रेल पटरी पर पत्थर मिलने और लखनऊसे छपरा जा रही लखनऊ छपरा एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन के कैटल गार्ड से पत्थर के टकराने का मामला सामने आया था। इस मामले में बैरिया थाना में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

# पेंशनर्स अब घर बैठे डाकिये से बनवायें जीवित प्रमाण पत्र

अयोध्या। पेंशन भोगियों को घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा के प्रचार प्रसार को गति देने के लिए पोस्टर जारी कर बैठक किया गया। अब पेंशनरों को जीवित प्रमाणपत्र (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) जमा करने के लिए कोषागार, बैंक या अन्य किसी विभाग में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पेंशनर्स घर बैठे डाकिया के माध्यम से यह प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। उक्त जानकारी मण्डलीय कार्यालय में बैठक दौरान प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव ने दी। श्री यादव ने बताया कि पेंशनर अपने नजदीकी शहरी अथवा ग्रामीण डाकघर के डाकिया के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्व्हें मात्र 70 रुपये देना पड़ेगा। साथ ही यह भी बताया कि अब जीवित प्रमाण पत्र फिंगर प्रिन्ट के अलावा चेहरे के से भी जीवित प्रमाण पत्र बन सकेगा जबकि इससे पहले सिर्फ फिंगर प्रिंट से ही सुविधा लागू थी। जीवन प्रमाण पत्र बनने के बाद यह प्रमाण पत्र स्वतः संबंधित विभाग को ऑनलाइन पहुंच जाएगा। इससे पेंशन मिलने में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह सुविधा सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। श्री यादव ने कहा कि भारतीय डाक विभाग के माध्यम से सभी विभागों के पेंशनरों को घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। पेंशनर इस सुविधा को लेने के लिए अपने डाकिया के साथ-साथ पोस्ट इन्फो मोबाइल एप द्वारा ऑनलाइन अनुरोध भी कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक या डाकघर खाता संख्या और पीपीओ नंबर देना होगा।

यहाँ बताते चले कि पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष सामान्यतया नवंबर और दिसंबर माह में कोषागार, बैंक या संबंधित विभाग में जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए दूरदराज इलाके के पेंशनरों को कोषागार आने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रा आदि में भी काफी व्यय होता है। साथ ही कहा कि डाक विभाग की इस पहल से पेंशनरों को काफी सहूलियत मिलेगी। बैठक में सहायक अधीक्षक अकबरपुर मनोज कुमार, ओमेश्वर सिंह, निरीक्षक राजेश्वर दूबे, हरिमोहन सिंह, अमित कुमार, गौरव सोनी, अभिषेक तिवारी, अभिनव गुप्ता, अयोध्या के इंडिया पोस्ट पेमेण्ट के वरिष्ठ प्रबंधक चेतन जायसवाल, अकबरपुर के इंडिया पोस्ट पेमेण्ट के वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर कुमार वर्मा सहायक प्रबंधक पंकज पाल, प्रभारी पोस्टमास्टर नूतन सिंह, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विकास अधिकारी चन्द्रेश वर्मा, सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

# गंदगी के बीच रहने को मजबूर गौशाला में गौवंशी, जिम्मेदार अनदेखी कर रहे



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गौवंशो की देख भाल के लिए बनवाई गई गौशाला में गौवंश न तो पर्याप्त पौष्टिक चारा पा रहें है और न ही चिकित्सकों द्वारा उनके स्वास्थ्य की स्थिति और दवा इलाज का इंतजाम किया जा रहा है जिससे गौशालाओं में गौवंश बेहाल स्थिति में रहते हैं। क्षेत्र के अन्तर्गत तकिया निगोही में बनी गौशाला बदतर स्थिति में पहुँच गई है। यहाँ जानवरों के नीचे साफ सफाई नहीं रहती है। एक मवेशी का कान सड़ चुका है उसको न तो किसी डाक्टर को दिखाया गया और न ही उसका कोई इलाज किया गया। गायों के आगे सूखा भूसा डालकर उनका पेट भरा जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा गौशाला के इंतजाम हेतु पर्याप्त धन उपलब्ध कराने के बाद भी गौशालाओं की दशा सुधरने का नाम नहीं लें रही है। इसे भी जिम्मेदारों ने कमाई का जरिया बना लिया है। गौशालाओं में गौवंशों को न तो पर्याप्त पौष्टीक चारा मिल रहा है और न ही डाक्टरों से उनके स्वास्थ्य का निरीक्षण और दवा इलाज का इंतजाम किया जा रहा है जिससे गौशालाओं में गौवंश बेहाल स्थिति में पड़े रहते हैं। मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि गायों की देखभाल सही से नहीं हो पा रही है।गौशाला की दशा देखने भी कोई जिम्मेदार नहीं जाता है। कमोवेश क्षेत्र की अनेकों गौशालाओं की स्थिति ऐसी ही दयनीय है। विदित हो कि कुछ माहपूर्व गौशाला में अवव्यस्ता को लेकर अधिकारियो द्वारा कठोर कार्यवाही की जा चुकी है फिर तकिया निगोही में गौशाला संचालन जिम्मेदारी से मुनासिब नहीं है, और गोवंशों की हिफाजत से दूर हैं।

# व्यक्तित्व विकार बढ़ाता है तनाव का आकारः डॉ. आलोक

अयोध्या। रोल कांफ्लिक्ट या भूमिका द्वंद कार्यस्थल तनाव में अहम स्थान रखता है। इनमे प्रमुख है रोल ओवरलोड या भूमिका की अधिकता, रोल रसिंटग या क्षमता से नीचे की भूमिका, रोल इनकम्पीटेंसी यानि क्षमता से बड़ी भूमिका, रोल स्टैगनेन्सी यानी लम्बे समय एक ही भूमिका मे बोर होना तथा रोल एम्बीगुटी यानि भूमिका का स्पष्ट ना होना तथा रोल एनक्रोचमेंट यानी भूमिकाओं का अतिक्रमण। भूमिका द्वंद जनित चिंता या तनाव बढ़ने पर आत्मविश्वास व कार्य क्षमता में भी गिरावट होती रहती है। इसके हाई रिस्क में एंक्सियस या ए टाइप पर्सनालिटी के लोग होते हैं। स्ट्रेस बढ़ जाने पर बेचैनी, घबराहट, अनिद्रा, ,चिड़चिड़ापन, सरदर्द, काम में मन न लगता, आत्मविश्वास में कमी जैसे लक्षण भी आ सकतें है। कार्यस्थल के ड्रामैटिक पर्सनालिटी या नाटकीय व्यक्तित्व के लोगों मे सहकर्मियों के प्रति असंवेदनशील होने के कारण तनाव के स्रोत जैसा कार्य करते है। यह बातें पैका लिमिटेड सभागार मे आयोजित वर्क प्लेस स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला में डा आलोक मनदर्शन ने कही। उन्होंने कहा कि स्वव्यक्तित्व की जागरूकता व इमोशनल रेगुलेशन व सहकर्मी व सुपीरियर के व्यक्तिव के प्रति भी विवेक पूर्ण समझ की मेन्टल कंडीशनिंग से कार्य स्थल का सफ? सुगम व स्वस्थ रहेगा। मनोरंजक व रचनात्मक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल कर आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य लें।

# जनप्रतिनिधियों के करीबी अपात्र उठा रहे लाभ, पात्र वंचित

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर सरकार की तमाम योजनाओं से ग्रामीण तो वंचित है परंतु जनप्रतिनिधियो के करीबी तथा अपात्र लोग योजनाओं का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत इसका पूरा प्रमाण भी दे रही है। टिकाना ग्राम सभा के चैधरी खेड़ा मजरा निवासी अजीत पुत्र मंगू ने बताया की मैं अपनी मां के साथ कच्चे टूटे फूटे मकान में रहता हूँ जिसमें आये दिन खतरा बना रहता है।प्रधान तथा ग्राम सचिव से कई बार आवास के लिए कहा परंतु आज तक आवास नहीं मिला सिर्फ आश्वासन ही दिया गया। इसी तरह ग्राम सभा तकिया निगोही में बुजुर्ग भोला ने बताया कि वह भी टूटे फूटे कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे हैं। ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी से कई बार आवास के लिए फरियाद लगाई लेकिन



कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके कारण कच्चे मकान में जोखिम भरा जीवन गुजार रहे हैं।अधिकारियों से भी ग्रामीण प्रार्थना कर चुके हैं परंतु अफसरों की चुप्पी जनप्रतिनिधि और नीचे के कर्मचारियों का हौसला बढ़ा रही है। विकास खण्ड फतेहपुर चैरासी के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकाना पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की गई। जिसमे गांव के कई ग्रामीणों को सरकार की उज्ज्वल योजना, मनरेगा की ही सही जानकारी नहीं है।ग्रामीणों की माने तो प्रधानमंत्री आवास के तहत ग्राम प्रधान द्वारा निरीक्षण के लिए आने वाली टीम से केवल अपने समर्थकों को ही लाभान्वित कराने की कोशिश की जा रही है। मजेदार तो यह है अधिकांश मामलों की जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद कोई कार्यवाही न होना भ्रष्टाचार को एक गोरखधंधे के रूप में बढ़ावा दे रहा है।

## कथा के दूसरे दिवस भीष्म चरित्र व परीक्षित जन्म की कथा का व्याख्यान किया

**पाटन, उन्नाव।** शिवनारायण सेवा समिति के तत्वाधान में ग्राम दुगार्गंज में आयोजित भागवत कथा के द्वितीय दिवस बिठूर धाम से पधारे पंडित सुशील त्रिपाठी ने भगवान की सुंदर कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा के बारे में बताते हुए भीष्म चरित्र महाभारत चरित्र को लेते हुए परीक्षित जन्म तक की कथा श्रवण कराई गई तथा द्रोपदी के पांच पुत्रों का वध करने के बाद अश्वत्थामा जो गुरु पुत्र है ब्राह्मण पुत्र है द्रोपदी के द्वारा दया भाव दिखाते हुए मृत्यु से मुक्त करते हुए अर्जुन के द्वारा उसके मस्तक से मनी को निकालकर उसे सभा से भगा देना और उसके द्वारा उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चलाया गया जो भगवान स्वयं सूक्ष्म रूप धारण करके उत्तरा के गर्भ में प्रवेश करके उसे ब्रह्मास्त्र का विनाश करके उस बालक की रक्षा की और इसके बाद गोविंद ने पांडव कुंती द्रौपदी आदि को द्वितीय दिवस में ले जाकर कुरुक्षेत्र में जहां भीष्म बाणों की सैया पर विराजमान है जिनके शरीर की खून का एक-एक बूंद बुरी तरीके से जमीन में सूख चुका है गोविंद ने जाकर के उनका दर्शन किया और अपना दर्शन दिया अंत समय परमात्मा दर्शन पाकर के भीष्म के द्वारा भगवान से बुद्धि रूपी जो मती रूपी जो उनकी पुत्री है उसका वरुण भगवान के चरणों में करते हुए बीच में अपने शरीर को शांत किया और उसके बाद में यह सभी वहां से लौट कर आए फिर गोविंद द्वारिका चले गए और द्वारिका जाने अर्जुन भी साथ में गए इसके बाद में महाराज परीक्षित का पारंपरिक जन्म हुआ। श्रोताओं ने कथा का सवानंद लिया।

# उद्यान विभाग ने बेचे आलू के घटिया बीज

## अच्छी क्वालिटी की बीज दिलाये जाने की मांग

अयोध्या। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को बेची गई हाइब्रिड (एफ 1) आलू कुफरी सिंदूरी का बीज पूरी तरह से खराब है जिसमें जामलेसन (अंकुरण) भी कम है और सड रही है आलू देखने में भी बेडौल व गंदी है जिसकी जांच कराकर किसानों को द्वारा भुगतान किया गया आलू बीज का पैसा वापस दिलाया जाए। उक्त मांग भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने करते हुए कहा कि जनपद अयोध्या में उद्यान विभाग द्वारा हाइब्रिड आलू का बीज एफ 1 कुफरी सिंदूरी मंगाकर मु02995 रुपए प्रति कुंतल की दर से किसानों को बेचा गया था आलू बोरे में पैक होने के कारण किसानों द्वारा आलू को देखा नहीं जा सका और घटिया किस्म की आलू उद्यान विभाग द्वारा किसानों को बेच दिया गया घनश्याम वर्मा ने जिला प्रशासन और उद्यान विभाग से मांग किया है कि कुफरी सिंदूरी थ1 आलू बीज की जांच करके सही क्वालिटी आलू बीज न होने के कारण किसानों को उनका पैसा वापस दिलाया जाए। या उसके बदले में अच्छी क्वालिटी की एफ 1 आलू का बीज दिलाया जाए।

# 9 मिनट में देखिए श्रीराम के 14 वर्षों के संघर्षों की गाथा




अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने रामनगरी में एक और बड़ी पहल शुरू कराई है। देश-विदेश से अयोध्या आने वाले भक्तों को श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के दौरान किये गए संघर्षों की गाथा थ्रीडी वीडियो के जरिये दिखाई जा रही है। सिर्फ 9 मिनट के वीडियो में ही श्रद्धालु श्रीराम के जीवन उतार चढ़ाव को देखकर भाव-विभोर हो जा रहे हैं। इसके लिए हनुमान गढ़ी के पास राज द्वार पार्क में दुर्लभ दर्शन केंद्र की स्थापना कराई गई है। अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लगातार धन वर्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अयोध्या श्रीराम के जीवन जुड़ी गाथाओं से लोगों को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से श्रीराम वन गमन से जुड़े वर्चुअल रियलिटी पर डेमो शुरू कराया है। ठीक उसी तरह जैसे काशी विश्वनाथ, मां वैष्णो देवी भवन में भी ऐसी व्यवस्था है। 9 मिनट मे सबसे पहले अयोध्या को एनिमेशन के जरिये दिखाया जाता है उसके तमसा नदी, भरत मिलाप, लक्ष्मण पहाड़ी, अनुसुइया माता दर्शन, दंडकारण्य, पंचवटी, धनुषकोडि, एनिमेशन के ही जरिये श्रीराम का लंका में सूर्य तिलक दिखाया जाता है।

दुर्लभ दर्शन केंद्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। करार के तहत टेक एक्स आर इनोवेशंस कंपनी ने अभी केंद्र में 10 कैमरे लगवाए हैं। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को एक हेड फोन भी दिया जाता है, जिसकी साउंड क्वालिटी भी लाजवाब है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में रोजाना पहुंच रहे भक्तों की संख्या को देखते हुए अभी नगर क्षेत्र में और भी दुर्लभ दर्शन केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है। सीएम योगी के विजन के अनुसार अब अयोध्या समेत आस-पास के सभी प्रमुख क्षेत्रों के वर्चुअल रिएलिटी प्लेटफॉर्म के जरिए दर्शन कराने की प्रक्रिया पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे 18 तीर्थस्थलों को वर्चुअल रिएलिटी के जरिए जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए शूटिंग पूरी कर ली गई है। इसमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, नागेश्वर नाथ मंदिर, राम की पैड़ी, छोटी देवकाली मंदिर, रंग महल, सूर्य कुंड, भरत कुंड, गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली मंदिर, कनक भवन मंदिर व दशरथ महल मंदिर मुख्य हैं। बीकानेर से आये विकास तिवारी ने दुर्लभ दर्शन के बाद बताया कि गजब का अनुभव हुआ है। अयोध्या आने वाले हर भक्त को रामलला का दर्शन करने के पश्चात इसे जरूर देखना चाहिए।

संक्षेप

## शेयर खरीदने के लिए दिये लाखों रुपये हड़पने का आरोप

ललितपुर। पन्द्रह वर्ष पहले शेयर बाजार में लगाने के लिए चैक के माध्यम से लिये रुपये वापस न करने का आरोप लगाते हुये एक मामला दर्ज कराया गया है। प्रकरण में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले को लेकर टीकमगढ़ रोड महरौनी निवासी अशोक शुक्ला पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि पड़ौस में रहने वाले प्रशान्त चैधरी पुत्र कपूरचंद्र को उसने वर्ष 2009 के माह सितम्बर की 13 तारीख को 3.92 लाख रुपये का भुगतान चैक के द्वारा श्याम बिहारी तिवारी के पंजाब नेशनल बैंक महरौनी के खाते से किया था। बताया कि प्रशांत चैधरी ने उक्त रुपये यूनिटेक कंपनी के शेयर खरीदने की बात कहते हुये लिये थे। यह भी बताया कि डीमैट खाता उसके नाम नहीं था इसलिए प्रशांत चैधरी ने अपने खाते से शेयर खरीदने हेतु उसको कहा था और चार साल में दोगुने रुपए देने का प्रलोभन भी दिया था। पीड़ित ने बताया कि प्रशांत के मोहल्ले का ही था, इसलिए उसकी बातों में आकर शेयर खरीदने हेतु तैयार हो गए थे। आरोप है कि प्रशांत के द्वारा रुपए लेकर ना शेयर खरीदे गए ना ही उसको संतोषजनक जवाब दिया गया। कहा गया कि शेयर बाजार अभी डाउन है घाटा हो जाएगा इसलिए पीड़ित भी चुप रहा। पीड़ित ने बताया कि अब जबकि 15 वर्ष हो गए प्रशान्त चैधरी द्वारा न ही शेयर दिखाएं गए, न ही शेयर खरीदे गये और रुपए अपने दूसरे कामों में लगाये जा रहे। पीड़ित को झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। अशोक शुक्ला ने बताया कि मामले की शिकायत समाधान दिवस में करने पर जानकारी हुयी कि उसके साथ धोखाधड़ी हुयी है। पीड़ित की तहरीर और एसपी के आदेश पर पुलिस ने प्रशान्त चैधरी के खिलाफ धारा 406, 504, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## नगर में अब ऑनलाइन होगी गृहकर की वसूली

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद की नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में गृहकर की वसूली एवं नगर विकास से संबंधित अन्य योजनाओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में कुल गृहों/भवनों के सापेक्ष गृह कर पंजीयन एवं पंजीयन से छूटे मकानों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारियों को निर्दिष्ट किया कि गृहकर वसूली हेतु ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए, लोगों को उनके मोबाइल नंबर पर ही गृह कर का बिल भेजा जाए। इसके लिए सफाई कर्मचारियों के माध्यम से प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर से एक मोबाइल नंबर प्राप्त करें, जिसे रजिस्टर्ड कर मैसेज के माध्यम से बिल भेजा जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नगर क्षेत्र में निवास करने वाले प्रत्येक परिवार से गृहकर लिया जाएगा, इसके लिए शत प्रतिशत परिवारों का रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम की दृष्टिगत नगर पालिका एवं नगर पंचायत के माध्यम से कंबलों का क्रय कर लिया जाए। नगरी पेयजल आपूर्ति के संबंध में उन्होंने कहा कि पार्षदों के साथ एक बैठक कर वार्डों में पेयजल आपूर्ति के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त किए जाएं, साथ ही अमृत योजना अंतर्गत गोविंद सागर बांध पर निर्मित इंटेक वेल का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हेतु नई गाड़ियां नगर पालिका को प्राप्त हो चुकी है जिनका संचालन जल्द शुरू किया जाए।

# नपाध्यक्ष के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कराने की उठायी मांग

### पार्षदों ने नाविमो व पाल समाज अध्यक्ष के साथ डीएम को सौंपा ज्ञापन



ललितपुर। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुये उनके मानसिक एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने की मांग उठाते हुये वार्ड संख्या 15 के पार्षद एड. मनमोहन चैबे ने एक पत्र जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। पत्र में पार्षद ने बताया कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुयीं सरला जैन आमतौर पर नगर पालिका परिषद के भवन में नहीं आती हैं और न ही किसी भी विकास कार्य में उनके द्वारा कोई रूचि ली जाती है। बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को उनके स्थान पर उनके पति मुन्नालाल जैन व अन्य परिजन मनमाने तरीके से सरकारी कार्यों में हस्ताक्षेप करते हैं। बताया कि ललितपुर में होने वाले समस्त सामाजिक कार्यों व अन्य आयोजनों में उनके पति मुन्नालाल व परिजन ही शामिल होते हैं। पार्षद ने अपने सूत्र का हवाला देते हुये बताया कि वर्तमान नपाध्यक्ष किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं, जिससे वह किसी भी प्रकार से अध्यक्ष पद का भार संभालने में सक्षम नहीं हैं और न ही किसी प्रकार का कोई निर्णय लेने में सक्षम हैं। ऐसी स्थिति में पार्षद मनमोहन चैबे एड. ने अपने साथ नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पाल समाज अध्यक्ष करन पाल के साथ जिलाधिकारी से चिकित्सकों का एक पैनल बनाकर वर्तमान नपाध्यक्ष का मानसिक व शारीरिक चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने की मांग उठायी है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके कि बाकई में उनके द्वारा ही नगर पालिका के विकास कार्यों का संचालन किया जा रहा है या फिर उनके पति या परिजनों द्वारा। उन्होंने डीएम से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# सीएम से किया मेडिकल कॉलेज और बस स्टैण्ड का लोकार्पण करने का अनुरोध



ललितपुर। सदर विधानसभा में अनेकों विकास कार्यों को कराने एवं समस्याओं के निराकरण के लिए सदर विधायक रामरतन कुशवाहा सक्रियता के साथ लगे हुये हैं। जिसके लिए वह सूबे के मुख्यमंत्री से भी अनेकों बार मुलाकात कर चुके हैं, मुख्यमंत्री के समक्ष वह सदर विधानसभा की समस्याओं के निराकरण एवं यहां पर विकास कार्य कराने के लिए मांगें रखते रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने मुख्यमंत्री योगी आदियत्नाथ से मुलाकात की और ललितपुर में बने मेडिकल कॉलेज एवं बस स्टैंड का लोकार्पण करने हेतु ललितपुर आगमन का उनसे अनुरोध किया। वहीं उन्होंने शहर के प्रमुख मार्ग शाही रोड-आजाद चैक के पास दीर्घ सेतु का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। जिस पर उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा आशान्वित किया गया।

## वकीलों की चौथे दिन भी हड़ताल जारी

बरेली। गाजियाबाद में वकीलों पर लाठीचार्ज की घटना के विरोध में वकीलों ने गुरुवार को भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। वकीलों ने न्यायालय परिसर में विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित, सचिव वीपी ध्यानी के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार से गाजियाबाद के वकीलों की हड़ताल के समर्थन में यहां वकीलों का चौथे दिन भी आंदोलन जारी रहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित और सचिव वीपी ध्यानी ने संयुक्त रूप से मांग की है कि गाजियाबाद के जिला जज का तबादला हो और लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिस अधिकारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो।

# भारतीय इतिहास में गंगा सांस्कृतिक विरासत और धरोहर का प्रतिनिधित्व भीः डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को विदुर कुटी घाट से बीएसएफ महिला दल को झण्डा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में गंगा का महत्व अत्यंत व्यापक है, गंगा हमारी सांस्कृतिक विरासत और धरोहर का प्रतिनिधित्व भी करती है। यह पहली बार है कि जब एक महिला टीम गंगा नदी के पूरे हिस्से को राफ्टिंग कर स्वच्छ गंगा और महिला सशक्तिकरण का संदेश फैलाएगी। उन्होंने झंडा दिखाने से पूर्व सभी महिला जवानों का परिचय लिया और इस साहसिक यात्रा के सफल सम्पन्न होने की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को इस मौके पर बीएसएफ महिला दल की ओर से प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया। बीएसएफ के कर्मियों से बनी एक महिला राफ्टिंग टीम टिहरी गढ़वाल के देवप्रयाग से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक गंगा की पूरी लंबाई को पार करने के लिए रवाना हुई, जिसमें 53 दिनों में 2,500 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसके अंतर्गत विदुर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने स्वागत गीत गाया और डीडीपीएस स्कूल के बच्चों ने भी एक स्वागत गीत एवं सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर डीएफओ ज्ञान सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी त्यागी, तहसीलदार अमर पाल, पुलकित जगरवाल डीपीओ नामामि गंगे, राजीव रंजन सहित बीएसएफ के अधिकारी गण मौजूद थे।

## ऑनलाइन जनसुनवाई में मंडल को मिली पहली रैंक

बांदा। मंडल में आनलाइन जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर पहली रैंक हासिल किए जाने पर आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने प्रशन्नता जताई है। उन्होने सभी मंडल स्तरीय अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि सभी मंडल स्तरीय अधिकारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होने अधिकारियों से आशा जताई कि इसी प्रकार मंडल के अधिकारी अपने लगातार प्रयास व समर्पण से आगे भी कार्य करते हुए उपलब्धि प्राप्त करें। आयुक्त ने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जन सुनवाई में इसी प्रकार प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ आगे भी निस्तारण किया जाए। पुलिस विभाग ने भी मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए की जा रही कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन पर ऑनलाइन शिकायत पोर्टल समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में जनपद पुलिस को प्रदेश रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। आनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायतों के मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के 75 जिलों में बांदा को शत प्रतिशत कार्रवाई के लिए पहला स्थान मिला है। इस बेहतर परिणाम के लिए एसपी ने आईजीआरएस कर्मियों को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी है।

# जनपद में 40 नवीन राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना को मिली हरी झण्डी

ललितपुर। भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान) के अंतर्गत जनपद ललितपुर में वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर द्वारा भेजे गये प्रस्तावों के क्रम में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जनपद में वर्ष 2022-23 में 02 इण्टर कॉलेज, वर्ष 2023-24 में 16 नवीन राजकीय हाईस्कूल एवं वर्ष 2023-24 में 05 उच्चीकृत इण्टर कॉलेज स्वीकृत हुये हैं। वर्ष 2024-25 में 17 हाईस्कूल एवं वर्ष 2024-25 में 02 उच्चीकृत इण्टर कालेज स्वीकृत हुये हैं। हाईस्कूल निर्माण हेतु लागत 132.77 लाख है जबकि इण्टर कॉलेज की निर्माण लागत 221.00 लाख है। उ.प्र. शासन द्वारा उपरोक्त नवीन राजकीय हाईस्कूलों एवं इण्टर कॉलेजों के निर्माण हेतु यू.पी. सिडको को कार्यदायी संस्था नामित कर दिया गया है। विधानसभा महरौनी में 20 हाईस्कूल एवं 05 इण्टर कॉलेज कुल 25 विद्यालय तथा विधानसमा ललितपुर में 13 हाईस्कूल एवं 02 इण्टर कॉलेज कुल 15 विद्यालय स्वीकृत हुये हैं। जनपद में पहली बार 40 माध्यमिक विद्यालय स्वीकृत हुये हैं जो प्रदेश में स्वीकृत विद्यालयों में सर्वाधिक है। सभी 40 विद्यालयों की स्वीकृत लागत 5784.86 लाख है जिसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2892.43 लाख की धनराशि प्राप्त हो गयी है जिसे शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था यू.पी. सिडको को निर्गत किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त विद्यालयों की स्वीकृति से जनपद के अत्यधिक सुदूरवर्ती क्षेत्रों में माध्यमिक शिक्षा की पहुंच आसान/सुलभ हो जायेगी। छात्र-छात्राओं को कक्षा 9-10 एवं 11 एवं 12 की शिक्षा के लिए अत्यधिक दूर नगरीय क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा। राजकीय विद्यालय होने से निर्बल वर्ग के लोगों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक समस्याओं का अब सामना नहीं करना पड़ेगा। शिक्षा की गुणवत्ता भी सुधरेगी।

# श्रम राज्यमंत्री पुत्र पर कार में तोड़फोड़ कर बन्दूक से फायर झोंकने का आरोप

### पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर



ललितपुर। कस्बा जाखलौन व शहर क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी प्रमेन्द्र सिंह पुत्र स्व.इन्द्रपाल सिंह बुन्देला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात उसके पुत्र व ड्राईवर पर जान से मारने की नीयत से राज्यमंत्री पुत्र द्वारा कट्टा से फायर झोंक दिया गया। तहरीर में प्रमेन्द्र सिंह बुन्देला ने बताया कि उनका पुत्र युवराज सिंह एवं ड्राईवर जाखलौन निवासी रिशु पुत्र गोकुल रात करीब 8.40 बजे चांदमारी स्थित अरिहन्त भोजनालय से खाना पैक कराकर अपनी कार संख्या एम.पी.04 सी.क्यू. 1355 से लौट रहा था। बताया कि वह होटल कैलाश रेजीडेंसी के सामने वाली गली से कार में सवार होकर लौट रहा था, तभी चांदमारी निवासी राज्यमंत्री के पुत्र नरेश पंथ ने उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि राज्यमंत्री पुत्र ने कार से निकलकर उसके पुत्र की गलेबान पकड़ ली और बाहर खींचने लगा। इसी बीच जब ड्राईवर ने बाहर निकलकर बचाव का प्रयास किया तो उसके सिर व कंधे पर बंदूक की बट से प्रहार कर दिया तब ड्राईवर ने कार पीछे हटायी। आरोप है कि इसी बीच राज्यमंत्री पुत्र ने कार के कांच पर बट से प्रहार कर दिया, जिससे कांच टूट गया। गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि मंत्री पुत्र ने जान से मारने की धमकी देते हुये युवराज व ड्राईवर पर फायर झोंक दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गये। किसी तरह ड्राईवर ने उन्हें फोन पर सूचना दी, जिस पर वह परिजनों के साथ मौके पर जा पहुंचा, जहां से मंत्री पुत्र घटना को अंजाम देकर चला गया। प्रमेन्द्र सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नरेश पंथ के खिलाफ बीएनएस की धारा 127 (2), 115 (2), 324 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## टास्क फोर्स ने पकड़े 35 ओवरलोड वाहन



बांदा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उप खनिजों के अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग के विरूद्ध जिले में गठित टास्क फोर्स ने 35 वाहनों को पकड़कर थानों में निरूद्ध कराया है। टास्क फोर्स में सीभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, वाणिज्यकर अधिकारी, खान अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, खान निरीक्षक व पीटीओ ने बीते 4 से 7 नवंबर तक सदर तहसील के अंतर्गत 19 वाहन तहसील नरैनी में 2 वाहन, तहसील बबेरू में 3 वाहन, तहसील पैलानी में 4 वाहन तथा तहसील अतर्रा में 7 वाहन निरूद्ध किए हैं। जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने उप खनिजों, बालू, मोरम व गिट्टी के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के आरोप में यह कार्रवाई की गयी है। डीएम नगेन्द्र प्रताप व एसपी अंकुर अग्रवाल ने टास्क फोर्स के सदस्यों को अवैध परिवहन ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिए लगातार कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि जिले में 1 अक्टूबर से बालू खदानों से पट्टा धारकों ने मोरम की निकासी शुरू की है। कुछ ऐसी बालू खदानें हैं जहां प्रशासन के कड़े निदेर्शों के बावजूद ओवरलोडिंग की जा रही है। समाचार पत्रों में लगातार छप रही खबरों को देखते हुए जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की है।

# पूर्व न्यायाधीश नानक चंद हरित ने क्रिकेट टीम को ड्रेस बांटी

### खिलाड़ियों की टीशर्ट हुई लांच

बरेली। पूर्व न्यायाधीश नानक चंद हरित ने आज कुछ वक्त अपनी नई पीढ़ी के साथ बिताया। बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित के पिता श्री नानक चंद हरित ने अपने निवास पर अधिवक्ताओं की आगामी एडवोकेट प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों से मुलाकात की। उनके साथ अपने अनुभव बांटे व उनकी टी शर्ट को लांच किया। अधिवक्ताओं के सबसे महत्वपूर्ण आयोजन एडवोकेट प्रीमियर लीग एपीएल के चौथे सेशन के लिए केएफसी टीम के खिलाड़ी आज पूर्व न्यायाधीश नानक चंद हरित से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। श्री हरित का पिछले दिनों स्वास्थ्य खराब चल रहा था। नई पीढ़ी के अधिवक्ताओं से मिलकर वह भी बहुत खुश हुए। उन्होंने खिलाड़ियों की टी शर्ट को लांच किया व वितरित किया। इस अवसर पर क्रिकेट टीम के कप्तान शाहनवाज आलम, उप कप्तान इस्लाम अंसारी के साथ ही टीम के सभी खिलाड़ियों को ड्रेस वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता केएम खान, शौकत अली हबीबगंज, जावेद अली खान, सुभाष शर्मा, शमा परवीन, शिवम सिंह, विक्की, धनंजय हरित सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जेष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने की मिशन शक्ति की समीक्षा



बांदा। जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चल रही यूपी मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा व मूल्यांकन प्रदेश शासन नियोजन विभाग के जेष्ठ मूल्यांकन अधिकारी डॉ संतराम ने की। उन्होने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की और स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होने बैठक में यूपी मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए गये कार्यों के बारे में प्रोबेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य व पुलिस तथा अन्य विभागों से रिपोर्ट ली।

उन्होने जननी सुरक्षा योजना, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाव तथा महिलाओं के उत्पीड़न एवं सहायता के मामलों, परिवार परामर्श केन्द्र के कार्यों के संबंध में अधिकारियों से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य की समीक्षा की। उन्होने थाना कोतवाली देहात, महिला थाना परिवार परामर्श कन्द्र, महिला चिकित्सालय में वन स्टॉप सेंटर तथा कालूकुआं चैराहें में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का निरीक्षण किया। महिला थाना का निरीक्षण करते हुए महिलाओं के लिए बनाए गये महिला हेल्प डेस्क एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने महिला परामर्श केन्द्र में महिलाओं से संबंधित समस्याओं में दी जाने वाली सहायता व उत्पीड़न के मामलों के बारे में की गयी कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। महिला चिकित्सालय में जननी सुरक्षा योजना भुगतान, कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी जानकारी कर लाभार्थियों को दिए जाने की समीक्षा की। बैठक में अपर एसपी शिवराज, प्राचार्य महिला डिग्री कालेज, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभारी वन स्टॉप सेंटर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला की हत्या में पारिवारिक देवर गिरफ्तार

बांदा। नरैनी थाना क्षेत्र के पड़मई गांव में बीते 3 नवंबर की रात को हुई महिला की हत्या मामले में शामिल मृतका के पारिवारिक देवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला की हत्या के बाद ससुर की तहरीर के आधार पर थाना नरैनी में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने घटना का खुलाशा करने के लिए कई टीमें गठित की थीं। जांच में वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के संकलन एवं संदिग्ध लोगों से पुलिस लगातार पूंछताछ कर रही थी। हत्या के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी लगातार प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले पर मिली जानकारी के बाद घटना में शामिल आरोपी सुनील उर्फ बुक्का पुत्र रामपाल 23 निवासी पड़मई को गिरफ्तार कर लिया। पूंछताछ में पता चला कि मृतका आशा पत्नी शारदा कुशवाहा उसकी रिश्ते की भाभी लगती थी। वह अक्सर उसे हंसी मजाक करती थी। मृतका मजाक में अपने छोटे पुत्र को सुनील का लड़ता बताती थी और कहती थी कि मैं तुमसे शादी करूंगी। मजाक में आरोपी की मां से भी कहती थी कि सुनील सारा पैसा मुझे देता है इससे आरोपी की मां लड़के से काफी नाराज रहती थी। जबकि मृतका के हंसी मजाक से आरोपी सुनील उर्फ बुक्का काफी नाराज रहता था उसने कई बार भाभी से इसके लिए मना भी किया। इसी से नाराज होकर आरोपी सुनील ने आशा की हत्या की योजना बनाई और 3 नवंबर की रात वह छत के रास्ते मृतका आशा के घर गया। वह बच्चों के साथ सो रही थी, इसी दौरान आरोपी ने आशा के सिर पर डंडे से वार किया जिससे वह बेहोश हो गई और वह उसे घसीटकर बाहर ले गया तथा घर के पीछे ले जाकर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी तथा शव को कूड़े व पत्तियों से ढक दिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा व ईंट भी पुलिस ने बरामद कर ली है। एसपी ने खुलाशा करने वाली टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

# अनंत यात्रा पर चले गये कानून के सितारे पीके डे

बरेली। प्रदीप कुमार डे नहीं रहे। देश के बड़े कानून के सितारे थे। जाने माने वकील रामजेठ मलानी के साथ लम्बे वक्त काम किया। कानून की दुनिया में उनको जेठमलानी का लेफ्ट हैंड कहा जाता था। देश के कई प्रमुख और चर्चित केस उनके नाम से जुड़े जैसे नैना सहानी तंदूर कांड, नितीश कटारा मर्डर केस, आरूषी केस और जाने कितने मामले। डे साहब बरेली के रहने वाले थे। उनके निधन से कचहरी पर शोक की लहर दौड़ गई। कई बड़े वकीलों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी। बरेली बार के अध्यक्ष मनोज हरित ने भावपूर्ण ढंग से याद किया। यूपी बार के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शिरीष मेहरोत्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता राधा कमल सारस्वत, अरुन बिहारी माथुर आदि ने उनके निधन को कानून की दुनिया की बड़ी क्षति बताया। पीके डे लम्बे वक्त तक बरेली में रहे। उनका दिल्ली आना जाना शुरू हो गया था। सन 1988 या 90 के आसपास की बात है जब उनकी काबिलियत से प्रभावित होकर देश के जाने माने वकील राम जेठमलानी ने उनको अपने पास बुला लिया। कुछ ही वक्त के बाद दिल्ली में कोर्ट्स में उनको जेठमलानी के लेफ्ट हैंड के तौर पर जाना जाने लगा। उनकी भतीजी व दिल्ली की प्रमुख क्रिमिनल लॉयर शिल्पी डे बताती हैं कि कानून के साथ मानवीयता का पक्ष भी उनका बेहद मजबूत था। गरीबों की सेवा, अनाथ आश्रम, दान आदि को भी उन्होंने दिल खोलकर किया। उनके दरवाजे से कभी कोई जरूरतमंद खाली नहीं जाता था। शिल्पी डे उनके भाई चंचल डे की पुत्री हैं तथा पिछले कई सालों से अपने भाई कौशिक डे के साथ दिल्ली में प्रैक्टिस कर रही हैं।

# भाजपा के सक्रिय सदस्यों की सूची हुई जारी



बांदा। भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की गयी। सूचना बोर्ड पर सूची चस्पा करते हुए जिला सत्यापन अधिकारी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा संगठन में लोकतांत्रिक तरीके से सदस्य बनाए जाते हैं। उन्होने कहा कि सक्रिय सदस्य बनकर अब सांगठनिक चुनाव कराए जाएंगे। इसी के तहत सक्रिय सदस्यता सूची का प्रदर्शन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि सक्रिय सदस्यता सूची जिला सत्यापन प्रमुख चक्रपाणि त्रिपाठी के सत्यापन के बाद जिलाध्यक्ष संजय सिंह, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व अन्य भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी में सभी 16 मंडलों की घोषित 1018 सक्रिय सदस्यों की सूची कार्यालय के सूचना बोर्ड में चस्पा की गयी है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि देश में केवल भाजपा ही कार्यकताओं पर आधारित पार्टी है। इसलिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने व्यवहार में संगठन को ही सर्वोपरि मानता है। बाकि दल कांग्रेस, सपा, बसपा एक परिवार से संचालित होने वाली पार्टियां हैं जहां किसी व्यक्ति विशेष के परिवार का ही वर्चस्व होता है। इस दौरान जिला सत्यापन सह प्रमुख अखिलेश दीक्षित, विवेकानंद गुप्त, आशुतोष मिश्रा, उत्तम सक्सेना, देशराज सिंह, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, जिला सह चुनाव अधिकारी दिलीप तिवारी, मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल, अनूप सिंह, लखन राजपूत, धीरेन्द्र सिंह, अनिल प्रजापति व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बोलेरो ने टैक्सी में मारी टक्कर

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम महरौनी खुर्द निवासी रविन्द्र पुत्र बृजभान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 6 नवम्बर को अपराह्न करीब 3.30 बजे वह अपनी टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी 3976 से ग्राम बकतर से स्कूल की शिक्षिका को लेकर ललितपुर की ओर आ रहा था। तभी महरौनी खुर्द से बकतर के मध्य तिराहा पर सामने से आ रही बुलैरो संख्या यू.पी.94 ए.वाई.5802 ने उसकी टैक्सी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी में सवार स्कूल की शिक्षिका व एक सवारी समेत वह घायल हो गया। घटना स्थल से पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए एम्ब्युलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बुलेरो चालक पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पत्रकारों पर हमले कतई बर्दाश्त नहींः प्रेस क्लब

ललितपुर। लोकतंत्र के चैथे स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों पर उत्तर प्रदेश में ही उत्पीड ?, जानलेवा हमले के लगातार मामले प्रकाश में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिला फतेहपुर में पत्रकार की हत्या किये जाने व हमीरपुर में दो पत्रकारों पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न अवस्था में किये गये अमानवीय कृत्य से पत्रकार जगत में काफी आक्रोश व्याप्त है। हमलावरों पर सख्त कार्यवाही किये जाने और पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग करते हुये प्रेस क्लब (रजि.) ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में कुछ दिनों पूर्व एक समाचार ऐजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की सुनियोजित ढंग से की गई निर्मम हत्या एवं जनपद हमीरपुर में दबंगों द्धारा दो पत्रकारों को बंधक बनाकर मरणासन्न किए जाने व उनके साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने एवं पत्रकारों के विरुद्ध पेशबंदी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इन घटनाओं के बाद से पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसे प्रेस क्लब ने काफी अफसोसजनक व दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुये दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने और पेशबंदी में दर्ज मामलों को निरस्त किये जाने के साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में प्रेस क्लब ने उत्तर प्रदेश के पत्रकार संगठनों के साथ आंदोलन कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमरप्रताप सिंह, संरक्षक सदस्य मंजीत सिंह सलूजा आदि लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारें

शिक्षा सियासत का विषय नहीं है। इसलिए इसे सियासत से जोड़ने के बजाय कोशिश यह होनी चाहिए कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास हों और शिक्षा आधुनिक जरूरतों के अनुकूल बनायी जाये। इस संदर्भ में देश की सर्वोच्च अदालत ने मदरसा शिक्षा अधिनियम और उससे संबंद्ध बोर्ड की वैधानिकता को सुनिश्चित करने वाला फैसला दिया है। इससे मदरसों के बच्चों को लेकर असमंजस था वह खत्म हो गया है। लेकिन सवाल यह है कि जो बारह लाख बच्चे मदरसों से पढ़कर निकलेंगे वह कौन सी कला-कौशल हासिल करेंगे जिसके सहारे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। मदरसा शिक्षा को लेकर दरअसल सरकार और मुस्लिम समाज, दोनों को गंभीरता से सोचने की जरूरत है। मजहबी शिक्षा से किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण सवाल कॅरियर का है। जो 12 लाख बच्चे मदरसों में बढ़ रहे हैं, उनका भविष्य कैसे उज्ज्वल हो, कैसे वे रोजी-रोजगार के योग्य बनें, इस पर सरकार और संबंधित समुदाय को विमर्श करना चाहिए ताकि मदरसा के छात्रों को भी



**मदरसा शिक्षा बोर्ड की वैधता स्थापित हो गयी है, इसलिए अब सरकार और मदरसा बोर्ड को मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना चाहिए।**

आधुनिक समाज की जरूरतों के अनुकूल शिक्षित-प्रशिक्षित किया जा सके। सर्वोच्च अदालत ने संविधान की ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए उप्र के मदरसों को संवैधानिक करार दिया है। इस संदर्भ में उप्र मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004 और उससे जुड़ा बोर्ड भी अवैध नहीं है। यह कानून मुलायम सिंह यादव की सरकार के दौरान बनाया गया था। यह न्यायिक फैसला अल्पसंख्यकों के अधिकार के साथ-साथ समता के मौलिक अधिकार और शिक्षा के अधिकार की व्याख्याएं भी करता है। सर्वोच्च न्यायिक पीठ का मानना है कि यह संविधान के मूल ढांचे और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता। दरअसल यह फैसला ऐसे देश में मौलिक और महत्वपूर्ण है, जहां अत्यधिक शैक्षिक संस्थान धार्मिक संस्थाओं, संगठनों से संबद्ध हैं। यह अल्पसंख्यक अथवा बहुसंख्यक समुदाय का सवाल नहीं है। यह शिक्षा के बुनियादी दायित्वों और सरोकारों से जुड़ा मामला है। तो फिर मदरसों पर आपत्ति जताते हुए, उनसे संबद्ध कानून को, असंवैधानिक कैसे करार दिया जा सकता है? न्यायिक पीठ ने आकलन करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की है-चूंकि शिक्षण संस्थान या मदरसा किसी अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ा है और उसकी मजहबी शिक्षाओं को भी पढ़ाया जा रहा है, तो इसके मायने ये नहीं हैं कि वह संस्थान शिक्षा की परिधि से बाहर कर दिया जाए। संविधान में अल्पसंख्यकों को अधिकार दिए गए हैं कि वे अपने शैक्षिक संस्थान स्थापित कर सकते हैं। उसी के तहत मदरसे लगातार खुलते रहे हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि राज्य सरकार मदरसों के पाठ्यक्रम को नियमित और संशोधित कर सकती है। कुरान के साथ-साथ गणित और विज्ञान जैसे विषय भी पढ़ाये जा सकते हैं, लेकिन मदरसे कामिल और फाजिल (स्नातक, स्नातकोत्तर) की जो डिग्रियां बांटते रहे हैं, वे अवैध हैं, क्योंकि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम के खिलाफ है। आयोग से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय ही ऐसी डिग्रियां देने को अधिकृत हैं। सर्वोच्च अदालत ने यह फैसला देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला खारिज किया है, क्योंकि उच्च न्यायालय ने अधिनियम को असंवैधानिक माना था और उप्र के सभी मदरसों को बंद करने का आदेश दिया था। सर्वोच्च अदालत के फैसले से मदरसों में पढ़ने वाले 12,34,388 छात्रों का शैक्षिक भविष्य सुरक्षित रह सकेगा और 13,364 मदरसों का अस्तित्व बना रहेगा। मदरसों में हजारों शिक्षक भी पढ़ाते हैं, लिहाजा वे एकदम बेरोजगार होने से बचेंगे। मदरसा शिक्षा बोर्ड की वैधता स्थापित हो गयी है। इसलिए अब इस पर विवाद खत्म होना चाहिए और सरकार, मदरसा बोर्ड संबंधित समाज के लोगों को मिलकर मदरसों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने पर फोकस करना चाहिए।

### विचार

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।
–तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हैं उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।
–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुन: कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।
–मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।
–महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।
–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

# भारत के लिए ट्रंप की वापसी के मायने



शाहिद ए चौधरी

**ट्रम्प का कहना है कि वह युद्ध शुरू नहीं करेंगे बल्कि उसे रोकेंगे। वह यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के पक्षधर नहीं हैं और न ही मुफ्त में उसे हथियार देना चाहते हैं, फिर उनके व्लादीमिर पूतिन से भी अच्छे संबंध हैं, जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध के तो जल्द रुकने की संभावना प्रबल है, लेकिन यही बात मध्य पूर्व के युद्ध के बारे में नहीं कही जा सकती क्योंकि ट्रम्प येरुशलम को इजराइल की राजधानी बनाने के पक्ष में हैं।**

अमेरिका के राजनीतिक इतिहास में डोनल्ड ट्रम्प ने जबरदस्त, ऐतिहासिक व अप्रत्याशित वापसी की है। ट्रम्प 78 वर्ष की आयु के हैं और आज तक केवल दूसरे व्यक्ति व पिछले 100 वर्षों के दौरान पहले हैं, जो दो गैर-निरंतर कार्यकालों के लिए राष्ट्रपति चुने गये हैं। इस बात पर बहुत लिखा जा चुका है कि ट्रम्प 47वें राष्ट्रपति कैसे बने और कमला हैरिस अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से कैसे वंचित रह गईं? इसलिए इसे दोहराने से कोई फायदा नहीं। दिलचस्प तथ्य यह है कि रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के लिए दोनों बार डेमोक्रेटिक पार्टी की महिला प्रत्याशियों को पराजित किया। आठ साल पहले उन्होंने हिलेरी क्लिंटन को हराया था और अब कमला हैरिस को इलेक्टोरल कॉलेज में 277-224 से शिकस्त दी है। जॉर्ज वाशिंगटन ने 30 अप्रैल 1789 को अमेरिका के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। इसका अर्थ है कि अमेरिका ने अपने 235 वर्ष के लोकतांत्रिक इतिहास में, लैंगिक समता का शोर मचाने के बावजूद, किसी महिला को अपना राष्ट्रपति चुनने के लायक नहीं समझा।

चूंकि रिपब्लिकन ने सीनेट पर भी कब्जा कर लिया है, हाउस ऑफ रेप्रिजेनटिव्स पर नियंत्रण बरकरार रखा है और सुप्रीम कोर्ट रूढ़िवादियों के अधीन है, इसलिए ट्रम्प व्हाइट हाउस में 20 जनवरी 2025 को चार साल के लिए पहले (2017-2021) से अधिक मजबूत होकर लौटेंगे। अतः यह प्रश्न प्रासंगिक है कि उनकी वापसी का विश्व और विशेषकर भारत के लिए क्या अर्थ होगा? भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रम्प को वह 'मेरा दोस्त' कहते हैं और चूंकि ट्रम्प 1.0 के दौरान भारत व अमेरिका के बीच स्ट्रेटेजिक हितों का प्रत्यक्ष सम्मिलन था, इसलिए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे भारत के लिए न सिर्फ स्वीकार्य बल्कि इच्छित प्रतीत होते हैं। लेकिन विश्व राजनीति दोधारी तलवार होती है, जिसका वार हालात व आवश्यकता पर निर्भर करता है, न कि दो देशों के नेताओं के व्यक्तिगत संबंधों पर। अतः ट्रम्प की वापसी पर न बहुत अधिक प्रसन्न होने की जरुरत है और न ही निराश होने की। ध्यान देने की बात यह है कि ट्रम्प मूडी भी हैं और शुद्ध व्यापारी भी, जो



अपने हितों को अत्यधिक महत्व देते हैं। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ व्यापार कर को बहुत अधिक बढ़ा दिया था, जिससे भारत और अमेरिका के बीच व्यापार प्रभावित हुआ था।

### भारत–अमरीका संबंध

ट्रम्प ने वापसी दो मुख्य बातों के आधार पर की है- निर्माण मोजो को पुनः हासिल करके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और अवैध इमीग्रेशन पर विराम लगाना। ट्रम्प के वाइट सुपरमेसी (श्वेत नस्लवाद) के झंडाबरदार समर्थक आम अमेरिकियों को यह संदेश देने में सफल रहे कि उनकी खराब आर्थिक स्थिति और जॉब्स की समस्या के लिए दूसरे देशों से आने वाले लोग जिम्मेदार हैं। इस सिलसिले में चुनाव जीतने के बाद ट्रम्प के जो बयान आये हैं उनसे लगता है कि जो स्किल्ड वर्कर्स कानूनी तौर पर अमेरिका में प्रवेश करना चाहते हैं और जो 'डंकी रूट' अपनाते हैं, उन दोनों के लिए और छात्रों के लिए अल्पकालीन वीजा पाना कठिन होने जा रहा है। ट्रम्प सीमाओं को सील करने के इच्छुक हैं। पिउ रिसर्च सेंटर के 2021 के अनुमानों के अनुसार अमेरिका में जो अवैध अप्रवासी समूह हैं, उनमें तीसरा सबसे बड़ा समूह भारतीयों का है, जिसकी संख्या लगभग 7,25,000 है। अगर ट्रम्प अवैध अप्रवासियों को वापस भेजने के अपने कार्यक्रम को अमल में ले आते हैं, जिसका संकेत उन्होंने अपने विजयी भाषण में भी दिया है, तो बड़ी संख्या में भारत के लिए वापसी की फ्लाइट पर होंगें।

दरअसल, इस समय जो भारतीय अमेरिका में हैं या जो अपनी अमेरिकन ड्रीम को साकार करने के लिए वहां जाना चाहते हैं, उनमें कई कारणों से बेचैनी है। एच1बी वीजा नीतियां अधिक सख्त हो सकती हैं। ट्रम्प कैंप का कहना है कि कम से कम एक पैरेंट अमेरिकी नागरिक या वैध रेजिडेंट होना चाहिए तभी बच्चे को स्वतः नागरिकता मिल सकती है। चूंकि एक मिलियन भारतीय ग्रीन कार्ड्स की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसलिए इस प्रावधान से हजारों परिवार प्रभावित हो सकते हैं। जिन भारतीयों ने डंकी रूट अपनाकर अमेरिका में प्रवेश किया था, उन पर 'घर वापसी' की तलवार लटकी हुई है। जो भारतीय छात्र इस समय अमेरिका में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उनके सामने मुख्यतः दो समस्याएंहैं। एक, स्टेम के लिए प्रैक्टिकल ट्रेनिंग हेतु दो-वर्ष की विस्तार व्यवस्था पर विराम लगाया जा सकता है। दो, वीजा अवधि को कम किया जा सकता है, जिससे छात्रों का आर्थिक बोझ बढ़ जायेगा।

बहरहाल, चीन के निरंतर बढ़ते प्रभाव क्षेत्र को मद्देनजर रखते हुए इतना तो तय है कि ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान नई दिल्ली और वाशिंगटन के द्विपक्षीय रक्षा समझौते अतिरिक्त मजबूत होंगे। दोनों देश मिलकर ज्यादा कॉम्बैट एक्सरसाइज करेंगे, चाहे उनका फॉर्मेट दो देशों, चार देशों या अनेक देशों वाला हो। आईओआर में सुरक्षा सहयोग भी बढ़ेगा। अमेरिका ने 2007 से भारत से 25 बिलियन डॉलर के रक्षा सौदे हासिल किये हैं और इस संदर्भ में उसने कुछ सालों तक तो रूस को भी पीछे छोड़ दिया था, जो लम्बे समय से भारत का मुख्य मिलिट्री सप्लायर रहा है। वैसे अब भारत सीधे ऑफ-द-शेल्फ खरीदारी की बजाय महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों व टेक्नोलॉजी के सह-उत्पादन व सह-विकास की मांग कर रहा है। देखना यह है कि ट्रम्प इस मांग को मानते हैं या नहीं। भारतीय वायु सेना भी लम्बे समय से यह मांग कर रही है कि 114 नये 4.5 जनरेशन मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) विदेशी सहयोग से भारत में निर्मित किये जाएं। इन मांगों की स्वीकृति से ही मालूम हो सकेगा कि ट्रम्प अपने 'दोस्त' मोदी को कितना महत्व देते हैं। जहां तक भारत की बात है तो अमेरिका के बाहर भारत में ट्रम्प टावर्स की संख्या अधिकतम हो जायेगी। फिलहाल भारत में चार आल-रेजिडेंशियल हाई-राइज लक्जरी ट्रम्प टावर्स हैं- मुंबई, पुणे, गुड़गांव व कोलकाता में। अब 'द ट्रम्प आर्गेनाइजेशन' जोकि ट्रम्प की कंपनी है, नोएडा, हैदराबाद, मुंबई, गुड़गांव व पुणे में ट्रम्प टावर्स बनाने के अतिरिक्त ऑफिस, गोल्फ कोर्स व विला बनाने की योजना भी बना सकती है। ट्रम्प 'मैं अपना देखूं, तुम अपना देखो' विचार के व्यक्ति हैं यानी दूसरे देशों पर अमेरिकी 'मूल्य' थोपने के इच्छुक नहीं हैं। इसका अर्थ यह है कि वह किसी भी देश को मानवाधिकार या अल्पसंख्यक अधिकारों के उपदेश नहीं देंगे।

ट्रम्प की वजह से ग्लोबली दो चीजें बहुत बुरी तरह से प्रभावित होंगी- ट्रेड और क्लाइमेट चेंज। अपने पहले टर्म में वह मिस्टर टैरिफ थे, इस बार वह मास्टर टैरिफ बनना चाहते हैं और आयात पर टैरिफ बढ़ाना चाहते हैं। क्लाइमेट चेंज के सिलसिले में जितनी भी प्रगति हुई है, वह अगर ट्रम्प के कार्यकाल में पीछे हट जाये तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि उनका सिद्धांत 'ड्रिल बेबी, ड्रिल' का है। ट्रम्प का कहना है कि वह युद्ध शुरू नहीं करेंगे बल्कि उसे रोकेंगे। वह यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के पक्षधर नहीं हैं और न ही मुफ्त में उसे हथियार देना चाहते हैं, फिर उनके व्लादीमिर पूतिन से भी अच्छे संबंध हैं, जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध के तो जल्द रुकने की संभावना प्रबल है, लेकिन यही बात मध्य पूर्व के युद्ध के बारे में नहीं कही जा सकती क्योंकि ट्रम्प येरुशलम को इजराइल की राजधानी बनाने के पक्ष में हैं और अमेरिका में चुनाव की सबसे बड़ी फाइनेंसर यहूदी लॉबी है, जिसके दम पर ट्रम्प प्रति वोट 16.6 डॉलर खर्च कर सके।

### सोशल मीडिया

मैं प्रो नौकरी, प्रो व्यापार प्रो प्रतियोगिता और प्रो नवाचार हूं, एकाधिकार विरोधी मैं हूं। जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और उचित स्थान होगा तो हमारी अर्थव्यवस्था सफल होगी। राहुल गांधी.



देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी, सेकेंडरी शिक्षा का बुरा हाल है। इस कारण गरीब घरों के करोड़ों बच्चे सही व उचित शिक्षा से लगातार वंचित हो रहे हैं। मायावती.



सूर्य उपासना के पावन पर्व छह पर संध्या अर्घ्य के पुण्य मौके पर पटना स्थित दीघा के नासरीगंज घाट व अन्य घाटों पर आयोजित छठ पूजा पर दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जेपी नड्डा.



## ईश्वर की महिमा

### अंतर्दृष्टि

साधना से व्यक्ति का परिष्कार होता है। आध्यात्मिक साधनाएं व्यक्ति को पूर्णता की ओर ले जाने के निमित्त की जाती हैं। इन साधनाओं का मूलभूत आधार है-आत्म समीक्षा। बिना इसके हवाई किले की तरह कोई भी साधना टिक नहीं सकती। अपने आपकी समीक्षा करना, व्यक्तित्व के वर्तमान स्वरूप को समझना आध्यात्मिकता की दृष्टि से आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। क्योंकि इसी आधर पर त्रुटियों का संशोधन तथा न्यूनता की पूर्ति करना संभव है। इस आत्म निरीक्षण का एक और भी पहलू है कि जो विशिष्टताएं आत्मिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं, उनका यदि विकास नहीं हुआ है तो उसकी आवश्यकता अनुभव करते हुए आत्मोत्कर्ष का प्रयास संभव हो सकेगा। वस्तुतः मनुष्य के पास ऐसा बहुत कुछ है जो सदा अप्रकट और अविकसित ही बना रहता है। मस्तिष्कीय क्षेत्र की अनूठी क्षमताएं और अंतःकरण की विविध विशिष्टताएं ऐसी हैं जो हर किसी के पास न्यूनाधिक में पायी जाती हैं। यदि आत्म निरीक्षण की कला हस्तगत हो सके तो मनुष्य इन दिव्य केन्द्रों का स्थान एवं स्वरूप समझ सकता है और उन्हें विकसित करने के लिए सब कर सकता है जो सुदृढ़ संकल्प के सहारे निश्चित रूप से हो सकता है। यदि लक्ष्य और आदर्श ईश्वर प्राप्ति जैसा उच्च हो तो इसकी प्राप्ति कर्मकाण्डों के बलबूते संभव नहीं है। इसके लिए आंतरिक परिष्कार और उत्कृष्ट चिंतन चरित्र अपनाने की आवश्यकता है। तद विषयक जो कुछ परिवर्तन या विकास करना है, उसका स्वरूप सामने आने की बात तभी बनती है जब आत्म निरीक्षण का सिलसिला परिपूर्ण उत्साह के साथ चलाया जाये। यह भ्रम जितनी जल्दी दूर किया जा सके उतना ही अच्छा है कि अधिकांश लोग इसी भ्रम में ग्रसित रहकर अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुरूप पूजा विधानों में संलग्न रहते हैं और सोचते हैं कि ईश्वर के भी मनुष्य की भांति चर्म चक्षु ही हैं। वह मात्र क्रिया कृत्यों को ही देख पाता है। किसी का अंतरंग देखने या परखने की उससे क्षमता नहीं है या तो इसे महत्व नहीं देता और हेय व्यक्तियों को उनके कर्मकाण्डों जैसे वाह्य दिखावे से प्रभावित होकर अपने सिंहासन पर बैठा लेता है। पापों के जमा होने या उल्टे सीधे नाम रटने से सभी दुष्कृत्यों को अनदेखे करने जैसी बातें गल्प ही हैं। तीर्थाटन आदि कृत्यों में भी यदि कोई चाहे तो दिशा निर्देशन प्राप्त कर सकता है। पर पापों के नष्ट होने या कर्मफल के उलट जाने की बात सोचना प्रकारान्तर में ईश्वर की बड़ी व्यवस्था उलट जाने की दुराशा रखना है। परम सत्ता के दरबार में पुजारियों के साथ पक्षपात होने तथा बिना पुजारियों को दूध में से मक्खी की तरह निकाल फेंकने की उपेक्षा जैसा कोई विधान नहीं है।

## भोजन वगैरह की गारंटी!

### व्यंग्यलोक

सरकार की ओर से देश की अस्सी करोड़ जनता को दी गई भोजन की गारंटी से मैं आश्वस्त हूँ और मैं खुले आम कहता हूँ कि मेरा वोट व सपोर्ट सरकार को रहेगा। परन्तु मेरा बी.पी.एल. पड़ोसी रामभरोसे पहले से ज्यादा बैचेन हो गया है। इस घोषणा के बाद सीधा मेरे पास आया और बोला- 'शर्माजी, यह भोजन का मतलब क्या होता है?' मैंने कहा- 'रामभरोसे भोजन करते-करते चालीस साल के हो गये, और मतलब मुझसे पूछ रहे हो। भोजन का मतलब दाल, भात, चपाती और सब्जी से है। फिर तुम तो 2 रुपये किलो का गेहूँ और 3 रुपये किलो का चावल खाओगे तो हाजमा एकदम दुरूस्त हो जायेगा।' रामभरोसे बोला-'महंगाई को पहचानते हैं साहब। खाना पकाने की गैस और दाल-सब्जियों के भाव आसमान को छू रहे हैं। ऐसे में क्या मैं आपका बताया भोजन कर सकता हूँ? क्या गुलाब जामुन मैं नहीं खा सकता?' मैं बोला- 'तुम्हारी बात में दम है रामभरोसे। लेकिन मेरा कहना है कि भोजन भले कर लेना, परन्तु गुलाब जामुन मत खाना। गुलाब जामुन नियमित खाने से मेरे शुगर हो गई है। रोज दवा लेता हूँ, तब भी कंट्रोल नहीं हो रही। इसलिए मेरे भाई सरकार के चुनावी वर्ष की लाज रखले और जो सुविधाएँ मिल रही हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार कर ले और अपना अमूल्य वोट अब तो समूल्य दे दे। कल हो सकता है सरकार तेरे दोनों वक्त के भोजन का टिफिन तेरे घर ही पहुंचाने की घोषणा कर दे। पता नहीं चुनाव घोषणा-पत्र आयेगा तो किस-किस बात की गारंटी दी जायेगी।' 'रहने दो साहब, खामख्वाह सरकार की तारीफें कर रहे हैं। यह सब जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। उत्तराखण्ड की तबाही देखी, क्या गारंटी दी सरकार ने, उल्टे हजारों लोग बेमौत मर गये। क्या सुरक्षा की गारंटी सरकार का दायित्व नहीं है?' रामभरोसे अभी तक संतुष्ट नहीं था। मैं बोला- 'यार रामभरोसे, अब कम से कम कोई भूखा तो नहीं सोयेगा। विरोधियों ने भोजन की गारंटी में टांग अड़ाई तो वह अध्यादेश लाकर तुम्हें भोजन की गारंटी दे रही है लाला। इतनी नाराजगी ठीक नहीं। मुफ्त दवा, मुफ्त जांचे, सीधे बैंक खाते में सब्सिडी, लैपटॉप व साईकिलें बंट रही हैं और चाहते क्या हो? मैं समझ रहा हूँ तुम गुलाब जामुन खाना चाहते हो, कोठी, बंगला, कार और ऐश की जिंदगी चाहते हो। वह भी हो जायेगा। लेकिन थोड़ा धैर्य रखो। हमारा रूपया डॉलर के सामने पस्त पड़ा है। ज्यादा अपेक्षा करोगे तो वाकई कच्चा गेहूँ-चावल चाबाओगे, इसलिए मेरे भाई, सरकार पर भरोसा कर। मुझे देख इनकम टैक्स देकर महिने के बचे धन से धक्का लगाता हूँ।



पूरन सरमा

## केसर के खेतों व सेब के बागानों में ट्रेन का सफर



पर्यटन

शरद ऋतु के सूरज ने 40-सीटर विस्टाडोम कोच को रोशन कर दिया था। कश्मीर के नजारों का लुत्फ उठाने के लिए गुम्बद आकार की रेलगाड़ियों को घाटी में अक्टूबर में ही चलाना शुरू किया गया है। इनकी छतें शीशे की हैं, जिनके पार फिलहाल आसमान को देखा जा सकता है, लेकिन जब जाड़ों में बर्फ.की पत्तियां लहराते हुए आसमान से गिरेंगी तो रेल का सफर अधिक दिलकश हो जायेगा। जो रोमांटिक 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जायेंगे' के ट्रेन सीन का खुद अनुभव करने के लिए स्विट्जरलैंड की यात्रा करते हैं, उनके लिए इस जाड़े में कश्मीर में ही मंच तैयार कर दिया गया है। बहरहाल, कोचों के बाहरी हिस्से को स्थानीय टच दिया गया है- समर ब्लू। कश्मीरी महिलाएं परम्परागत जाड़ों के लिबास में रोअफ नृत्य करते हुए दिखायी गई हैं। यह नृत्य जम्मू कश्मीर की शादियों में विशेषरूप से किया जाता है। यह कोच कश्मीर में पर्यटन का नया अध्याय खोल सकती हैं। पर्यटक ग्रामीण कश्मीर के सेब के बागों और केसर के खेतों का विजुअल अनुभव कर सकेंगे। इन कोचों को श्रीनगर-बनीहल मार्ग पर जोड़ा गया है और यह जीपीएस-आधारित इनफार्मेशन सिस्टम्स से युक्त हैं। बनीहल कस्बा कश्मीर का दरवाजा है और जवाहर टनल के जरिये घाटी को जोड़ता है। ट्रेन बनीहल-काजीगुंड रेलवे टनल से गुजरती है, जोकि हिमालय को काटता हुआ 11.2 किमी लम्बा है। बनीहल स्ट्रेच, जिसे 1920 के दशक में डोगरा राजाओं ने कार्ट रोड के विकल्प के तौरपर बनाया था, वह भी जल्द रेलवे ट्रैक बना दिया जायेगा।

दो घंटे की यात्रा शुरू करते ही मुझे शीशे की बड़ी खिड़कियों से पुलवामा में पम्पोर के प्रसिद्ध केसर डून्स (टिब्बा) का दिलकश नजारा मिलने लगा। उस दिन आसमान साफ था तो बर्फ से ढकी पीर पंजल रेंज भी दिखायी दे रही थी, जोकि हिमालय क्षेत्र में पर्वत श्रृंखला है। रेल जब संगम पुल पर चलती हुई अनंतनाग की तरफ जा रही थी तो उसके साथ ही सेब के बाग भी 'चल' रहे थे। विस्टा फिर धान के खेतों में मुड़ गई। इस बीच सूरज की तपिश एकदम से तेज हो गई तो छत पर बिजली-नियंत्रित अपारदर्शी शेड पड़ने लगी। ट्रेन दो जगह रुकी, पुलवामा और काजीगुंड में और पर्यटकों ने खुद को दो प्रमुख सूफी संतों की दरगाहों- सैय्यद फरीदुद्दीन और मीर सैय्यद मुहम्मद हुसैन सिम्नानी- के निकट पाया। सूफी संत सिम्नानी एक अन्य सूफी संत मीर सैय्यद अली हमदानी के साथ 14वीं शताब्दी में ईरान के सिन्मान क्षेत्र से कश्मीर आये थे, इस्लाम का प्रचार करने के लिए।

कश्मीर विलो के क्रिकेट बैटस अपनी गुणवत्ता के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। शरद ऋतु के सूरज में विलो को सुखाने के लिए उसका ढेर लगाकर रख दिया जाता है; सूखने पर ही विलो को अच्छे बल्ले के रूप में तराशा जा सकता है। खेतों व बागों के किनारे विलो के लगे ढेर ट्रेन से साफ दिखायी दे रहे थे। जम्मू कश्मीर में इस साल अभी तक 1.88 करोड़ पर्यटक आ चुके हैं। हालांकि पर्यटकों की पहली पसंद श्रीनगर की डल झील में शिकारे का सफर होता है, लेकिन अब उनके लिए इस ट्रेन का सफर भी यादगार अनुभव बन जायेगा। ट्रेन में ही जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्लाह से मुलाकात हो गई। वह इस साल की पहली बर्फब़ारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस ट्रेन का सफर उस समय भी करना चाहूंगा जब बर्फ.पड़ रही हो ताकि कश्मीर की सुंदरता का अनुभव कर सकूं। मैं देखना चाहता हूं कि जाड़ों में भी ट्रेन तापमान बनाये रखती है या नहीं। साथ ही मैं उम्मीद करता हूं कि यह राइड आम लोगों के बजट के दायरे में रहे, विशेषकर जब खराब मौसम के कारण कश्मीर की सड़कें बंद हो जाती हैं।' भारतीय रेल के चीफ एरिया मैनेजर साकिब यूसुफ यातू का कहना है कि स्ट्रेच में किराया 930 रुपए रहेगा। कोच में बहुत आराम मिल रहा था। ग्लास की छत के कारण प्राकृतिक नजारे देखने का क्षेत्र तो बढ़ ही गया था, सीटें भी 180 डिग्री तक घुमायी जा सकती हैं, जिससे सफर करते समय दोस्तों से आमने सामने होकर बातें करना आसान हो गया था। आटोमेटिक दरवाजे अंदर के तापमान को गर्म रखना सुनिश्चित किये हुए थे, जबकि बाहर तापमान का पारा जीरो डिग्री के आस पास था। स्क्रीन व स्पीकर के साथ कोच के अंदर मनोरंजन की भी व्यवस्था है। अनुमान यह है कि कोच सेवा का श्रीनगर से उत्तर कश्मीर तक विस्तार कर दिया जायेगा। यह ट्रेन उत्तर कश्मीर में दूरदराज क्षेत्रों जैसे बारामूला और कुपवाड़ा में रुकेगी, जिससे पर्यटकों को कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों को देखने का मौका मिलेगा। – समीर चौधरी.

## आपकी बात

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकें

हर दिन कोई न कोई भीषण दुर्घटना होती है और इसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। सड़कों पर दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। चाहे नियमों का पालन न करने से दुर्घटनाएं हो रही हों, रोड इंजीनियरिंग खराब होने के कारण हो रही हैं या फिर खराब सड़कों के कारण, जो भी वाजिब कारण हो उसे तलाशना चाहिए और दुर्घनाएं रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में हर साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसे कम करने के लिए और लोगों की जान बचाने के लिए यह जरूरी है कि रोड़ इंजीनिरिंग में सुधार की पहल हो। देश की सड़कें दुनिया में सबसे अधिक खतरनाक हैं। इसके कारण यहां सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं और हर साल करीब डेढ़ लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं। दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। पिछले दिनों एक ही दिन आगरा एक्सप्रेस वे पर सीबीएसई के एक अधिकारी सहित उसके परिवार के कई सदस्यों की दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि शहीद पथ पर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ दो लोगों की मौत हो गयी। हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। हादसों के पीछे प्रायः रफ्तार जिम्मेदार होती है। इसलिए वाहनों की रफ्तार पर कड़ी नजर रखनी चाहिए।

**प्रदीप कुमार सिंह, लखनऊ.**

### ई-वेहिकल को प्रोत्साहन

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## उर्वरक सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी बुआई अभियान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी रखने तथा जनपद के कृषकों की उर्वरक मांग के सापेक्ष उपलब्धता एवं वितरण से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, बहराइच के कार्यालय मे कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका मोबाइल नम्बर 7839882245 है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषक बन्धु सहकारी/निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्री केन्द्र पर उर्वरकों की उपलब्धता, ओवररेटिंग/जमाखोरी, तस्करी या उर्वरकों के साथ विक्रेता द्वारा अन्य उर्वरक की टैगिंग किये जाने आदि के सम्बन्ध में अपनी शिकायत कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर 7839882245 के साथ साथ मो.न. 9984145705 अथवा मो.न. 9839701048 पर दर्ज करा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कन्ट्रोल रूम प्रत्येक कार्य दिवस में क्रियाशील रहेगा तथा कृषकगण की समस्याओं का त्वरित समाधान स्थापित कन्ट्रोल रूम के माध्यम से कराया जायेगा।

## मानदेय भुगतान में आ रही बाधा का हुआ समाधानः डीपीओ

बहराइच। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने बताया कि जनपद बहराइच मे पीएफएमएस पोर्टल पर 250 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिकाओ का मानदेय प्राप्त होने मे जो बाधा आ रही थी उसका निराकरण कर दिया गया है। श्री कपूर ने बताया कि यह समस्या आधार मे जन्मतिथि अथवा नाम मे संशोधन के कारण उत्पन्न हुई थी जिसका पीएफएमएस प्रणाली पर अपडेशन एवं आहरण वितरण अधिकारी के स्तर से अप्रूव कर देने से समस्या का समाधान हो गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री कपूर ने बताया कि समस्या का समाधान हो जाने से आगामी माहों में सम्बन्धित को मानदेय का नियमित भुगतान प्राप्त होगा तथा अवशेष माहों का मानदेय एरियर के रूप में सम्बन्धित के खातों में भेजा जायेगा। जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका के आधार व जन्मतिथि मे कोई संशोधन नही हुआ है उनका मानदेय खाते मे रेगुलर प्राप्त हो रहा है। श्री कपूर ने बताया कि मानदेय सम्बन्धी जानकारी प्राप्त के लिए सम्बन्धित परियोजना के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा जनपद स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## प्रथम दृष्टया असत्य और निराधार मिली शिकायत

बहराइच। जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी सहायक विकास अधिकारी के विरूद्ध प्राप्त शिकायती पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम में नगर मजिट्रेट, प्राचार्य स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला प्रोबेशन अधिकारी को सदस्य नामित किया गया। प्रकरण की जांच में पाया गया कि प्रथम दृष्टया शिकायत असत्य एवं निराधार है तथा शिकायत के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी सहायक विकास अधिकारी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन 15 को

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जनपद में ह्यधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियानह्न के अंतर्गत विकास खण्ड मिहींपुरवा के चयनित ग्राम बर्दिया, फकीरपुरी एवं बिशुनापुर में निवासरत जनजातीय समूह के पात्र असंतृप्त लाभार्थियों को विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्तिकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने हेतु 15 से 26 नवम्बर 2024 तक उक्त ग्रामों में अभियान/कार्य-योजना तैयार किये जाने के सम्बंध में विकास भवन सभागार में बैठक की गयी। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग जनजातीय क्षेत्र के लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# कांच ही बांस की बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...

## घाटों पर छठ मइया के मधुर गीत से गुंजायमान हुआ वातावरण



गोसाईंगंज- अयोध्या। लोकआस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन गुरुवार शाम व्रती महिलाएं गोसाईंगंज कस्बे में महादेवा घाट पर तमसा नदी व ठकुराईन के पोखरे पर पहुंचकर अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। इस दौरान घाटो पर छठ मइया के मधुर गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। कांच ही बांस की बहंगिया, बहंगी लचकत जाय व पहिले पहिल हम कईनी छठी मइया व्रत तोहार, करिहा क्षमा छठी मईया भूल-चूक गलती हमार... जैसे मधुर गीत व्रती महिलाओं के उत्साह को कई गुना बढ़ाता रहा। इस दौरान घाटो पर आतिशबाजी भी होती रही।

नहाय खाय से शुरू हुए सूयोर्पासना का चार दिवसीय यह छठ पर्व का उल्लास घाटो पर दिखाई पड़ा। कार्तिक महीने की शुक्लपक्ष की षष्ठी को व्रती परिवार के पुरुष दूसरे पहर में बांस की टोकरी में सूप, पांच प्रकार के फल, नारियल सहित अन्य सामानों को लेकर घाटों की तरफ रवाना हुए। इस दौरान साथ चल रही महिलाएं छठ मइया के गीत गाती रही। घाट पर पहुंचकर महिलाओं ने घाटों पर बने बेदी पर पूजा का सामान व नारियल चढ़ाया और दीप जलाए। इसके बाद जल में खड़े होकर सूर्य के अस्त होने का इंतजार करने लगी। जैसे ही सूर्यदेव अस्तांचलगामी हुए अर्घ्य दिया और पांच बार परिक्रमा किया। अर्घ्य देने के बाद टोकरी में रखे केराव को लेकर महिलाएं घर वापस लौटी। पूजन में प्रमुख ठेकुआ को महिलाओं ने पहले से ही तैयार कर लिया था व अन्य सामानों को बाजार से खरीद लिया था। शुक्रवार को उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही36घण्टो का निर्जला व्रत सम्पूर्ण हो जाएगा। उक्त अवसर पर चेयरमैन डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल, ईओ इंद्रभान, एसएचओ परशुराम ओझा, एसआई उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रसूनलता सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रिंसिपल, दो डॉक्टर समेत 12 अज्ञात पर आत्महत्या के लिए उकसाने में रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या। राजर्षि दशरथ मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर के प्राचार्य, दो डॉक्टर तथा 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने जान से मार डालने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है यह रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज कर्मी प्रभु नाथ मिश्रा की मौत के मामले में दर्ज हुई है अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के बिंदा मिश्र का पूरा पछियाना निवासी जगदीश चंद्र मिश्र का पुत्र प्रभुनाथ मिश्रा राजर्षि दशरथ राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर 2019 से कार्यरत था। बीते 29 जुलाई को सुबह 11:30 वह अपनी ड्यूटी पर था। इस समय मेडिकल कॉलेज की 2020 बैच की छात्राओं रितु एवं निर्मला कुमावत बलपूर्वक बिना लाइन के उसकी केबिन के अंदर घुसकर रजिस्ट्रेशन पर्चा काटने का प्रयास व दबाव बनाने लगी। जब प्रभु नाथ ने दोनों से लाइन में लगकर परचा कटवाने को कहा इस पर वह दोनों 10 12 अज्ञात सामाजिक तत्वों व अन्य अज्ञात डॉक्टर के साथ मौके पर आ गई और प्रभु नाथ को मारा पीटा। घर पहुंचने पर उसने अपने पिता से पूरी बात बताया और शिकायत मेडिकल कॉलेज प्रशासन से भी किया इसके संबंध में जांच कमेटी बनाई गई। आरोप है कि जांच कमेटी ने मामला विभागीय होने के नाते कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद रितु व निर्मला कुमावत उनके गैंग के सहयोगी डॉक्टरों द्वारा शिकायत वापस लेने व माफी मांगने के लिए गाली गलौज व जानलेवा धमकी दी गई। इसकी शिकायत प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार से किया तो उन्होंने प्रभु नाथ को अपने कमरे में बुलाकर दोनों छात्राओं से माफी मांगने को कहा अन्यथा की दशा में छेड़खानी व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करवाने की धमकी दी। माफी ना मांगने पर प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार ने 7 अगस्त 2024 को प्रभु नाथ को बुलाकर माफी ना मांगने पर नौकरी से निकलवा देने और झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देने की धमकी दी इससे तंग आकर प्रभु नाथ ने उसी दिन अपनी जीवन लीला समाप्त करने की नीयत से जहर खा लिया।

# ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने चलाया व्यापक स्तर पर अभियान



बाराबंकी। हाइवे पर नियमो का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने कठोर कार्यवाही शुरू कर दी है। अभियान के दौरान प्रवर्तन दलो की टीमो द्वारा अयोध्या-लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर संचालित दर्जनो ई-रिक्शा व ऑटो को सीज कर जुर्माना वसूला। आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर चेकिंग के दौरान बिना परमिट 12 ई-रिक्शा को मोहम्मपुर चौकी पर बंद करते हुये जुर्माना किया। इस दौरान कुछ नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिलने पर सख्त हिदायत देते हुये ई-रिक्शा को जब्त किया गया। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर परमिट शर्तो का उल्लंघन कर फर्राटा भरने वाले 5 ऑटो को थाना रामसनेहीघाट मे बंद किया। इस दौरान मोबाइल पर बात कर हाइवे पर फर्राटा भर रहे दो पहिया वाहन चालको को नियमो का पाठ पढ़ाया। अभियान की जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि हाइवे पर ई-रिक्शा का संचालन रोकने के लिये विशेष अभियान चलाया गया है जोकि निरंतर जारी रहेगा।

# भाजपा सरकार प्रदेश की किसान व अवाम की पीड़ा का संज्ञान लेः डॉ. पीएल पुनिया




बाराबंकी। अन्नदाता खाद के लिये दर-दर भटक रहा है। देश और प्रदेश की भाजपा सरकार किसान को खेती के लिये खाद नही मुहैय्या करा पा रही है। जिसके चलते जहां किसानों की मेहनत बर्बाद जा रही है। वहीं प्रदेश की कृषि व्यवस्था कमजोर हो रही है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार प्राइमरी स्कूलों की बंदी का फरमान जारी करके गरीब छात्रों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का कुचक्र रच रही है। भाजपा सरकार प्रदेश की किसान और आवाम की पीड़ा को संज्ञान में ले और किसानों को खाद मुहैय्या कराये तथा प्राइमरी स्कूलों को बन्द किये जाने के आदेश को वापस लें। उक्त मांग पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने छाया चैराहा स्थित पार्टी कार्यालय मे मासिक बैठक के दौरान प्रदेश भाजपा सरकार के मुखिया से की। बैठक जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राम हरख रावत, अमरनाथ मिश्रा, इरफान कुरैशी, मोहम्मद इजहार सिद्दीकी, अजीत वर्मा, राम हरख रावत, रमेश कश्यप, फरीद अहमद सहित ब्लाक अध्यक्ष, फ्रण्टल संगठन अध्यक्ष मौजूद रहे।

## किसानों ने रिलायंस कंपनी पर जबरन भूमि हड़पने का लगाया आरोप

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के गांव पिरखौली में रिलायंस कंपनी पर किसानों की कुछ भूमि जबरन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई गई है। तहसीलदार सोहावल को दी गई शिकायत पर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसानों का आरोप हैकि रिलायंस कंपनी ने अपना प्रतिष्ठान स्थापित करने के लिए रुदौली तहसील के कुछ किसानों से जमीन क्रय की है। यह भूमि सोहावल तहसील के सीमावर्ती राजस्व गांव पिरखौली से लगी है। अपनी क्रय की गई भूमि पर कब्जा करने की जगह कंपनी पड़ोसी तहसील के किसानों की भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर रही है। पिरखौली के किसान मंगूराम, सुनने, राम तिलक, हरिश्चंद्र कृष्ण लाल आदि कहते हैं कि कंपनी ने रुदौली की ग्राम पंचायत राम शरन दासपुर में जमीन खरीदी है। कब्जेदारी बिना पैमाइश और स्थलीय परीक्षण के कर रही है।

# प्रविंद जगण्नाथ की जीत के लिए अयोध्या में अनुष्ठान शुरू



अयोध्याधाम। प्रभु राम की नगरी अयोध्या में इन दिनों धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चल रहा है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद अब मॉरीशस में प्रविंद जगन्नाथ के जीत को लेकर अयोध्या में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर एक बार फिर से शुरू हो गया है। महाराजा दशरथ के द्वारा स्थापित सिद्ध पीठ क्षीरेश्वर नाथ महादेव मंदिर में वैदिक आचार्य के द्वारा श्री राम स्तुति और अभिषेक पूजन कर यज्ञ का आयोजन किया गया और कामना की गई कि 11 नवंबर को सनातन धर्म की स्थापना करने वाले की जीत मॉरीशस में हो। इतना ही नहीं बीजेपी के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ और हनुमानगढ़ के महंत राजू दास ने बाकायदा अनुष्ठान की शुरूआत की और यह अनुष्ठान 11 नवंबर तक चलेगा।

हनुमान गढ़ी के पुजारी राजू दास ने कहा कि चुनाव में विजय के लिए वैदिक आचार्य सतीश वैदिक के नेतृत्व में सुन्दरकाण्ड, आदित्यहृदय स्त्रोत, हनुमान चालीसा का पाठ के साथ महादेव जी का पूजन यज्ञ किया जा रहा है। प्रभु से उनके विजय कि कामना कर रहे है। क्योंकि मॉरीशस में विपक्ष के नेता नविन रामगुलाम के सहयोगी नेता सकिल मोहमद ने सनातन धर्म कि परम्परा पर कोठाराघात करते हुए कहा है कि 11 नवंबर को यदि हमारी सरकार बनती है तो सिंदूर कि परम्परा को मिटा देंगे और सनातनियों को रहने नहीं देंगे इसलिए हम लोग यह चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री के चुनाव में प्रविंद जगन्नाथ कि जीत हो। वहीं पूर्व मिल्कीपुर के विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा कि प्रविंद जगन्नाथ प्रधामंत्री बने। वो हिन्दू के यादव परिवार में पैदा हुए हैं। जो कि हमेशा सनातन कि बात करते हैं और मॉरिशस बहुत ही शांति प्रिय देश है। इस देश से भारत के रिश्ते भी बहुत ही अच्छे हैं. जिन्हें भारत के राष्ट्रपति के द्वारा भारतीय प्रवासी सम्मान से सम्मानित भी किया जा चुका है। वहां के विपक्ष लेबर पार्टी के नेता नवीन रामगुलाल के सहयोगी शकील मोहम्मद ने एक भाषण में कहा है कि महिलाएं जो सिंदूर लगाती है पहले उन्हें मिटा देंगे। यही नहीं केरल स्टोरी और मॉरीशस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे का भी विरोध किया था। इसलिए प्रवीण जगन्नाथ तीसरी बार वहां के प्रधानमंत्री बने और मॉरिशस में सनातन धर्म की रक्षा के लिए प्रभु श्री राम, हनुमान जी महाराज और भोलेनाथ से क्या कामना करते हुए अनुष्ठान किया गया है।

# पोस्टमास्टर जनरल ने किया पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का शुभारम्भ




बाराबंकी। प्रधान डाकघर स्थित सभागार मे पुरस्कार व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र सुनील कुमार राय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह मे पोस्टमास्टर जनरल ने विभाग की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। तथा अन्य डाकघर बचत बैंक योजनाओं बचत बैंक खाते, आवर्ती खाते, सावधि खाते, पी0पी0एफ खाते तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के विषय में सभी शाखा डाकपालों को प्रेरित किया। कार्यक्रम मे पोस्टमास्टर जनरल श्री राय ने डाकघर की विभिन्न बचत तथा बीमा योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके उपरान्त प्रधान डाकघर प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक घनश्याम, मो0मोहसिन, कपिल वर्मा, सुधीर सिंह, ध्रुव तिवारी, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# निवेशकों की पसंद बनता जा रहा उत्तर प्रदेश : खब्बू तिवारी

अयोध्या। कटेहरी उपचुनाव को लेकर पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने जनचैपाल लगाई। गोसाईगंज विधानसभा से जुड़े कटेहरी विधानसभा के सीमावर्ती स्थानों पर इन जनचैपाल का आयोजन किया गया था। हैदरगंज, मया, तारुन व नंसाघ में आयोजित जन चैपाल के दौरान उन्होंने कटेहरी उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में अपने रिश्तेदारों व परिचितों के बीच प्रचार करने की अपील की। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को केंद्र व प्रदेश सरकार ने जमीनी स्तर पर सार्थक किया है। आज सरकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यूपी में भय मुक्त परिवेश का निर्माण किया गया है। सरकार के प्रयासों की वजह से निवेशकों की पसंद उत्तर प्रदेश बनता जा रहा है। विपक्ष के पास गुमराह करने की राजनीति के अलावा कुछ नहीं बचा है। लेकिन जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली है। उपचुनाव में भाजपा बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ रही है। मौके पर महेंद्र मिश्रा, मणीन्द्र शुक्ला मन्नू, पतिराज वर्मा, अवधेश सिंह, विश्वनाथ तिवारी, नन्द किशोर गिरी, बल्लू तिवारी, वरुण तिवारी, वाच्चाराम वर्मा, देव नारायण तिवारी, विपिन वर्मा, जिलेश निषाद, शिव कुमार निषाद, रवि गिरी, साधू तिवारी, अविनाश निषाद, शिव वचन गिरी, प्रमोद गिरी, पुत्तुल तिवारी, विनय उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय, दिनेश वर्मा भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# अवैध नशाखोरों का हो रहा सफाया

## आबकारी ने 10 संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर 40 पउवे देशी शराब बरामद



बाराबंकी। अवैध शराब के खिलाफ जनपद मे चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षको का छापेमारी अभियान निरंतर जारी है। जिसके बाद अवैध नशाखोरो मे हड़कम्प साफ देखने को मिल रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के सख्त निर्देश के बाद आबकारी निरीक्षको की सक्रियता अपने-अपने सर्किलो मे साफ दिखाई दे रही है। आज आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल व आबकारी निरीक्षक सर्किल हैदरगढ़ राजेश तिवारी की संयुक्त टीम ने थाना असंन्द्रा अन्तर्गत ग्राम मझौटी, टिकथा बेलपुर समेत 10 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। मौके से 40 पउवे विंडीज ब्राड़ देशी शराब को बरामद किया गया। 1 अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इसके साथ ही संयुक्त टीम ने समस्त सरकारी देशी-विदेशी मदिरा व बीयर की दुकानो का औचक निरीक्षण भी किया। छापेमारी टीम मे आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, अनिल कुमार मौर्य, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

# रामलीला सेवा समिति सदस्य पंकज मिश्रा कंजू का निधन, शोक की लहर

बाराबंकी। जनपद की रामलीला सदस्य पंकज मिश्रा कंजू महाराज का आज असामयिक निधन हो गया। पंकज श्री राम लीला सेवा समिति से विगत 18 वर्षो से जुड़े थे। समिति के महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने बताया श्री मिश्रा नाव नवैया एवम केवट संवाद कार्यक्रम की जिम्मेदारी निभाने एवं समिति के समस्त कार्यक्रमों में बढ़चढकर हिस्सा लेते रहे है। जनपद के सुभाष नगर मोहल्ले में रहने वाले पंकज मिश्रा ने आज सुबह अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलने पर समिति पदाधिकारियो अंकित गुप्ता गोलू, संतोष जायसवाल, राजेश गुप्ता कृष्णा, प्रशांत सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बारुन बाजार में डीएपी उर्वरक की किल्लत

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में से एक बारुन बाजार में उर्वरक की दुकानों पर डीएपी न होने से किसान परेशान हैं। बारुन बाजार में दर्जनों निजी उर्वरक की दुकानों समेत एक साधन सहकारी समिति मौजूद हैं। रवी सीजन की बुवाई का मुख्य समय होने के कारण इस समय किसानों को डीएपी उर्वरक की सख्त आवश्यकता है परंतु बाजार की प्रमुख उर्वरक दुकानों पर डीएपी नदारद होने के कारण किसान हलकान है। क्षेत्रीय किसान रामतीरथ, बलराम यादव, मुमताज अहमद आदि ने आरोप लगाया कि वह डीएपी उर्वरक के लिए पिछले दो-तीन दिनों से एक दुकान से दूसरे दुकान पर चक्कर लगा रहे हैं परंतु उन्हें पूरे बाजार में कहीं भी डीएपी उर्वरक नहीं मिल रही है। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने बताया कि जिले में उर्वरक कि कहीं कोई कमी नहीं है यदि किसी बाजार में डीएपी उर्वरक की अनुपलब्धता है तो जल्द ही उसे दूर किया जाएगा। साधन सहकारी समिति बारुन पर कार्यरत आंकिक विक्रेता सुनील सिंह ने बताया कि समिति पर इस समय एनपीएस उर्वरक उपलब्ध है।

# शादी में आबकारी विभाग से एक दिन का लेना होगा लाइसेंस

## शराब पिलाने के लिए अब आबकारी से लेनी होगी अनुमति

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की



बाराबंकी। शादी-पार्टी व अन्य कार्यक्रमों के दौरान शराब परोसना आम बात हो चुकी है। अगर आपकी शादी किसी मैरिज हाल में है। और बारातियों या घरातियों को शराब भी पिलाना चाहते हैं तो आपको अब एक दिन के लिए शराब पिलाने का लाइसेंस लेना होगा। अगर शादी में लोग छिपाकर शराब पीयेगे, तो उसमें विघ्न के साथ कानूनी प्रक्रिया से होकर भी गुजरना पडेगा। मैरिज हाल के प्रबंधक को जेल भी जाना होगा। आबकारी विभाग अब इस पर अपनी पैनी नजर रखने को तैयार है। आबकारी विभाग ने शादी सीजन शुरू होने से पूर्व ही जिले के सभी होटल, रेस्टोरेंट, क्लब एवं मैरिज हॉल, रिसोर्टस, कम्युनिटी सेंटर व बारात घरों को सचेत कर दिया है। कि अगर शादी व पार्टी में ऑकेजनल बार लाइसेंस (एफएल-11) प्राप्त किए बिना किसी भी परिस्थिति में शराब का सेवन कराते हुए पाया गया तो एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। जिसको लेकर आबकारी महकमा सख्त हो गया है। जानकारी देते हुये जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि बिना लाइसेंस के किसी भी समारोह में शराब पार्टी का आयोजन नही करने दिया जायेगा। इस पर पैनी नजर रखने व कार्यवाही करने के लिए विभाग ने टीमें गठित की कार्यवाही की जा रही है। शहरों में मैरिज हाल, शादी कार्यक्रम कराने वाले होटल, बारात घर में होने वाले कार्यक्रम में अब लोगों को शराब पिलाने के लिए अनुमति लेनी होगी। और एक दिन का लाइसेंस बनवाकर लाइसेन्स शुल्क लगभग 11 हजार रुपये जमा करना होगा। अगर किसी भी शादी में लोग चोरी-छिपे शराब पीते हुए पाए जाएंगे तो घराती और बराती को तो दिक्कत होगी ही, साथ ही मैरिज हाल के प्रबंधक के खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। अभी आबकारी निरीक्षको के साथ बैठक कर जनपद के होटल व रेस्टोरेट संचालको, मैरिज लान की सूची बनाई जा रही है। जिनको विभाग द्वारा नोटिस देकर नियम का पालन कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिये जायेगे।

## पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक 11 को

बहराइच। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। सन्दर्भित पुनरीक्षण में दावे/आपत्तियों प्राप्त करने तथा उनके निस्तारण की समीक्षा के लिए 11 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। श्री रंजन ने समस्त निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण व सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ससमय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। श्री रंजन ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है कि विशेष अभियान दिवस 09 व 10 नवम्बर 2024 को प्रत्येक मतदेय स्थलों पर प्रारूप-6 के न्यूनतम 25 फार्म प्राप्त करें जिसमें 10 फार्म-18 से 19 आयुवर्ग, 10 फार्म-महिला तथा 05 फार्म पुरुष के होने चाहिए।

# जन शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता पर एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव के विरूद्ध हुई कार्रवाई

बहराइच। जिलाधिकारी की जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच तथा पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निवर्हन में शिथिलता व रस्म अदायगी का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ा संज्ञान लेते हुए दोषी ग्राम पंचायत सचिव नरेश कुमार को जिला मुख्यालय से सम्बद्ध करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तथा सहायक विकास अधिकारी (पं.) राजेश चैधरी के विरूद्ध मध्यावधिक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान किये जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये हैं। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता बरसाती लाल पुत्र रामरूप, नि. मोहल्ला हुलासपुरवा, दा. पत्तरहिया, बलहा द्वारा हैण्डपम्प मरम्मत कराने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी, शिकायत की जॉच सहायक विकास अधिकारी (पं.) द्वारा की गयी, जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा हैण्डपम्प सही कराकर उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा हैण्डपम्प सही कराये जाने की पुष्टि करने का उल्लेख किया गया। डीएम के निर्देश पर अधि.अभि. जल निगम ने जब उसी प्रकरण की जांच की तो पाया गया ग्राम पंचायत पतरहिया के मजरा हुल्लासपुरवा में रिबोर किये गये इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प का सत्यापन किया गया जिसमें पाया गया कि राम मिलन पुत्र प्यारेलाल के घर बोरिंग का कार्य करा दिया गया है परन्तु वर्तमान तक चबूतरे एवं इण्डिया मार्क-2 हैण्ड पम्प मशीन का अधिष्ठापन नहीं कराया गया है। जबकि सोनू पुत्र शिवनरायन के आवास व दिनेश कुमार पुत्र गोपीचन्द आवास के निकट अधिष्ठापित इण्डिया मार्क-2 हैण्ड पम्प रिबोर करनें योग्य है जिसका वर्तमान में रिबोर नहीं कराये जाने का उल्लेख किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता एवं रस्म अदायगी पर डीएम द्वारा कड़ी कार्यवाही की गई है।

संक्षेप

## श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

सुलतानपुर (वीओएल)। हीरापुर ग्राम में सचिवालय के सेवानिवृत्त अधिकारी अयोध्या प्रसाद तिवारी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा में कथा व्यास संत अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला से स्वयं ही समझ सकते हैं कि भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। संत जी ने कहा कि जब जब धरती पर धर्म की हानि होती है तब तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान कृष्ण के जन्म का प्रसंग आया पूरा पांडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन प्रस्तुत हुआ तो लोग भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। महाराज जी के प्रवचन से पांडाल में उपस्थित पूरा जन-समुदाय भक्ति रस में मन्त्रमुग्ध हो गया।

## डॉक्टर पर पार्टी विशेष के प्रचार का प्रधान प्रतिनिधि ने लगाया आरोप, शिकायत

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड प्रतापपुर कमैचा की गोपालपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि राकेश यादव ने मुख्यमंत्री से शिकायत किया है। शिकायती पत्र में लिखा कि डाक्टर अस्पताल में बैठकर सरकार विरोधी प्रचार-प्रसार करते हैं। मरीजों को बाहर की दवा एवं जांच कमीशन के चक्कर में लिखते है। आगे लिखा कि डॉ. योगेंद्र यादव वर्तमान लोकप्रिय सरकार की छवि धूमिल करने का निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। डा. योगेंद्र यादव पिछले कई वर्षों से लंभुआ विधानसभा के भदैया, लंभुआ और अब चांदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियुक्त है। राकेश यादव ने आरोप लगाते हुए लिखा कि उक्त डा. यादव समाजवादी पार्टी के एजेन्ट के रूप में कार्य कर रहे हैं। डा. योगेन्द्र यादव के यहां तैनात रहने से अस्पताल परिसर का महौल बिगड़ रहा है। डॉ. योगेंद्र यादव से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर बार बार फोन किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

## सेंध लगाकर बैंक फ्रेंचायजी से हजारों रुपए की हुई चोरी

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बैंक फ्रेंचायजी के पीछे से अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर हजारों रुपए चुरा ले गए। सुबह जब फ्रेंचाइजी संचालक आकर देखा तो होश उड़ गए और चोरी की पुलिस को लिखित तहरीर दी है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया मार्ग पर बरौसा चैराहे से कादीपुर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के मैरी रंजीत गांव निवासी त्रियुगी नारायण दुबे पुत्र देव नारायण दुबे की जन सुविधा केन्द्र व बैंक ऑफ बड़ौदा का फ्रेंचाइजी स्थित है। हर रोज की भांति वह बुधवार की शाम फ्रेंचाइजी बंद करके घर चले गए थे प्रतिदिन की तरह गुरुवार को जब सुबह फ्रेंचाइजी के कमरे का ताला खोलकर देखा तो होश उड़ गए सारा सामान बिखरा पड़ा था और कमरे के पीछे से दीवाल काटकर चोर अन्दर घुसकर चोरी को अंजाम दिए थे संचालक की माने तो काउंटर में रखा 52000 (बावन हजार रुपए) कैश की चोरी हुई है।

# लूटकांड के 24 घण्टे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

- पीड़ित ने दी पच्चीस लाख लूट की तहरीर
- अभी तक नहीं दर्ज किया गया मुकदमा
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस खोज रही है सुराग

पुष्पेंद्र तिवारी



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथी पुर में नहर के पास सर्राफा व्यवसाई के साथ लूटकांड में व्यापारी संगठन ने पुलिस विभाग को 72 घण्टे का अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार दोपहर को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी के साथ जाकर पीड़ित व्यापारी ने लूटकांड की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस को दी तहरीर में 25 लाख कीमत के आभूषण लूट की बात कही गई है। पुलिस और स्वाट की टीम घटना के खुलासे को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की धरपकड़ करने में जुटी थी। थानाक्षेत्र भरथीपुर निवासी सुरेश चंद्र सोनी (34) पुत्र स्व जयराम सोनी की सुदनापुर बाजार में सुरेश ज्वेलर्स नाम की आभूषण की दुकान है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह मंगलवार शाम को दुकान बंदकर बाइक से घर को लौट रहा था। शाम करीब छह बजे वह सुदनापुर बाबूगंज मार्ग पर भरथीपुर नहर से सौ मीटर पहले पहुँचा था कि कार सवार बदमाशों ने बाइक में टक्कर मारकर आभूषण व्यवसाई को सड़क किनारे गिरा दिया। जिसके बाद कार से उतरे चार बदमाश आभूषण से भरा बैग छीनकर भागने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने व्यवसायी के सिर पर असलहे के बट से हमला बोल दिया। जब सुरेश लहूलुहान होकर गिर पड़ा तो कार सवार बदमाश पच्चीस लाख का आभूषण लेकर फरार हो गए। गुरुवार दोपहर को पीड़ित सर्राफा व्यवसाई ने व्यापारियों के साथ द्वारिकागंज चैकी इंचार्ज को 25 लाख के आभूषण की लूट को लेकर तहरीर सौंपी। यहां व्यापारी नेता रवींद्र त्रिपाठी ने 72 घण्टे की मोहलत पुलिस को देने की बात कही। शाम पांच तक पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुँच सकी थी। शाम तक पुलिस की तरफ से मामले में मुकदमा भी पंजीकृत नहीं किया गया था। तहरीर देने के दौरान सुदनापुर अध्यक्ष आशुतोष वर्मा, उपाध्यक्ष सूरज विश्वास, युवा अध्यक्ष सूरज अग्रहरि, स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सोनी, जिला सचिव हरीलाल सोनी, मनोज सोनी, दयाशंकर सोनी मौजूद रहे।

### जब आईजी ने लगाई फटकार

गोसाईगंज। घटना के बाद बुधवार रात करीब नौ बजे घटनास्थल पर पहुँचे अयोध्या परिक्षेत्र आईजी प्रवीण कुमार ने जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को मौके पर जमकर फटकार लगाई। यहां आईजी संबंधितो से दस वर्ष के बीच हुई लूट का ब्यौरा मांगा। जिसको पुलिसकर्मी नही दे सके। जिसके बाद आईजी थाने पर गए। वहां आईजी ने पीड़ित और उसके परिजनों से पूछताछ की।

### वीडियो फुटेज के सहारे बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

गोसाईगंज। लूट की घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी की फुटेज को खंगालने में जुटी रही। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह के साथ थानाध्यक्ष प्रेमचंद्र सिंह व स्वाट प्रभारी धीरेंद्र वर्मा ने टीम के साथ सुदनापुर, बाबूगंज पेट्रोल पंप, नटौली स्कूल के पास सीसीटीवी फुटेज को देखा। सीसीटीवी फुटेज में कार को लेकर कुछ सुराग पुलिस को मिला है। बताया जा रहा है उसमें नंबर प्लेट स्पष्ट नही दिख रहा है।

### पुलिसिंग पर सवाल

गोसाईगंज। पच्चीस लाख की लूट की घटना के बाद गोसाईगंज पुलिस व अधिकारी सकते में हैं। गुरुवार को दिनभर, अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, सीओ जयसिंहपुर रमेश कुमार, थानाध्यक्ष प्रेमचन्द्र सिंह, स्वाट टीम प्रभारी धीरेंद्र वर्मा टीम के साथ बदमाशों की तलाश करते रहे। सीओ जयसिंहपुर ने बताया कि स्वाट टीम सहित कुल पांच टीमें खुलासे को लेकर लगाई गई है। फिलहाल पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है।

## बाबा जहलीदास धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद



सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के जयसिंहपुर क्षेत्र के सेवतरी गांव में स्थित बाबा जहलीदास देवस्थल पर बुधवार को रामचरित मानस पाठ हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे को सकुशल संपन्न कराने को लेकर आसपास के गांव के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता प्रसाद बनाने की तैयारी में जुटे रहे। शाम को शुरू हुए प्रसाद वितरण में क्षेत्रवासियों ने सहयोग कर आने वाले श्रद्धालुओं को देर रात तक प्रसाद वितरित करते रहे। देवस्थल के सेवादार बुद्धिराम, गोवर्धन विश्वकर्मा ने बताया कि गांव और आसपास के क्षेत्रवासियों के सहयोग से भंडारे को लेकर चार दिन पूर्व से तैयारियां की जाती है। भंडारे में देर रात तक आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को दो दर्जन से अधिक संख्या में जुटे कार्यकर्ताओ ने देर रात तक भंडारे का प्रसाद वितरित करने में जुटे रहे। इस मौके पर दिलीप चतुर्वेदी, मंजेश, निर्भय सिंह, नीरज सिंह, दीप नारायन यादव, धीरज, सुरेन्द्र पांडेय, लल्लन पांडेय आदि लोगों आदि मौजूद रहे।

## कोटेदार के खिलाफ दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

- निष्पक्ष जांच न होने का आरोप, कोटा बहाल करने का डीएसओ व सप्लाई इंस्पेक्टर पर लगा आरोप
- सीडीओ ने एसडीएम सदर व डीएसओ को जांच करने के दिए आदेश



सुलतानपुर (वीओएल)। गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम के जनता दरबार मे राशन की दुकान के खिलाफ हुई जांच पर सवाल उठाते हुए शिकायत की है।

मामला कूरेभार ब्लाक के सैदखानपुर गांव का है। पिछले चार माह पहले कोटेदार शीतला यादव के खिलाफ करीब 70 राशन कार्ड धारकों मय शपथपत्र शिकायत किया था। निष्पक्ष जांच के लिए जनप्रतिनिधि ने भी अफसरों से कहा था। शिकायत होते ही कोटा निलंबित भी कर दिया गया। एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने डीएसओ जीवेश मौर्य को निष्पक्ष जांच को कहा। ऐसे में शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने कोटेदार और डीएसओ जीवेश मौर्य व सप्लाई इंस्पेक्टर मयंक चतुर्वेदी पर सांठगांठ का आरोप लगाया है। जिसके चलते कागजी खाना पूर्ति की गई है। आरोप है कि गांव के एक- दो पुरवो के 10-12 लोगो से ही बयान लेकर क्लीन चिट दे दी है। कोटेदार पर तीन चार किलो राशन कम देने व मनमानी वितरण का आरोप लगा था। निष्पक्ष जांच न होने से ग्रामीणों में आक्रोश हैं। जिसकी वीडियो वायरल हैं। फिलहाल गुरुवार को दर्जनों ग्रामीण शिवशंकर यादव, सूर्य भान यादव, राम प्रसाद दुबे, विनय सिंह, ओम प्रकाश दुबे, विजय कुमार, जय प्रकाश, राम धीरज, राम जन्म दुलारी, हरिराम समेत दर्जनों राशन कार्ड धारको ने डीएम के जनता दरबार मे सीडीओ अंकुर कौशिक से किया हैं। उन्होंने जांच कराने की बात कही हैं। फिलहाल एसडीएम सदर का कहना है कि पहले भी जांच डीएसओ स्तर से कराई गई थी। यदि फिर कोटे की शिकायत हुई है तो जांच डीएसओ स्तर से कराई जाएगी। सीडीओ ने बताया कि जांच हेतु एसडीएम सदर व डीएसओ को निर्देशित किया गया है।

## निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण 9 -10 को

अमेठी। अपर जिलाधिकारी ,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर दिनाक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के दौरान 9 नवम्बर शनिवार एवं 10 नवम्बर 2024 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त के अतिरिक्त माह के अन्य दिवसों यथा 23 एवं 24 नवम्बर 2024 को भी विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा जिसमें सम्बन्धित बी०एल०ओ० मतदाता सूची एवं फार्मो के साथ मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने सभी अर्ह नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त अवधि में संबंधित मतदेय स्थल अथवा तहसील में जाकर आलेख्य मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें, यदि किसी अर्ह मतदाता जो 1 जनवरी को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हो अथवा उससे अधिक आयु के हों, परन्तु उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हुआ हो तो प्रारूप-6 में अपना आवेदन सम्बन्धित पदाभिहीत स्थल पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारी ,बूथ लेबिल आफिसर (बी०एल०ओ०) के समक्ष अथवा सम्बन्धित तहसील क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रेशन केन्द्रों पर प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसी सम्मिलित नाम के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो प्रारूप-7 एवं मतदाता के नाम से सम्बन्धित किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि हो तो उसे शुद्ध कराने या उसी विधानसभा के किसी अन्य मतदेय स्थल पर स्थानांतरित कराये जाने अथवा डुप्लीकेट पहचान पत्र जारी कराये जाने या दिव्यांग मतदाता चिन्हित कराये जाने हेतु प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त निर्वाचन आयोग द्वारा अब वर्ष में 4 अर्हक तिथि क्रमशः 01 जनवरी, 1 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है अर्थात एक पात्र नागरिक की जो वर्ष 2025 में अर्ह तारीख अर्थात 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई, 2025 या 01 अक्टूबर 2025 में से किसी भी तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, यह अग्रिम में प्रारूप-6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर संबंधित अर्हता तारीख के संदर्भ में संबंधित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के प्रारूप सम्बन्धित तहसील के मतदाता पंजीकरण केन्द्र एवं समस्त पदाभिहीत स्थलों पर नियुक्त पदाभिहीत आफिसरों ,बूथ लेबिल आफीसर (बी०एल०ओ०), विशेष कैम्प में समस्त मतदेय स्थलों पर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी में निःशुल्क प्राप्त/जमा किये जा सकते है तथा इस हेतु मतदाता सूची को अद्यावधिक शुद्ध एवं सही तैयार कराने के लिए जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं समाजसेवी संस्थानों तथा नागरिकों से सहयोग अपेक्षित है।

## फरार वारंटी गिरफ्तार



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज पुलिस ने गुरुवार की सुबह अयोध्या कोर्ट के वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय समक्ष पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। गोसाईगंज थानाक्षेत्र इटकौली निवासी महताब कुरैसी पुत्र रफी उल्ला अयोध्या जनपद में गैंगेस्टर के दर्ज मुकदमे को लेकर न्यायालय के समक्ष करीब तीन वर्ष से पेश नही हो रहा था। जिसको लेकर अयोध्या की कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। गोसाईगंज पुलिस को आरोपी की तलाश थी। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे टांटिया नगर चैकी इंचार्ज गुलाबचंद्र पाल ने हेड कांस्टेबल राघवेंद्र प्रताप सिंह व कांस्टेबल रोहित सिंह के साथ आरोपी को जोली इटकौली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक गुलाबचंद्र पाल ने बताया आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से उसको जेल भेज दिया गया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

शाहगढ़ अमेठी। विकासखंड शाहगढ़ के पनियार ग्राम सभा अंतर्गत पूरे रामदत्त मिश्र में भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरूवात हुई। कलश यात्रा यजमान द्वारिका प्रसाद शुक्ला के घर से शुरू हुई और समसेरिया स्थित दुर्गा माता के मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीला वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक जानकीदास जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।

इस अवसर पर आयोजक राजीव शुक्ला, संजय शुक्ला, प्रभाकर तिवारी राम अचल पाण्डेय धनाराम पाण्डेय मनोज पांडेय, दिनेश शुक्ला, दद्दन शुक्ला,पप्पू शुक्ला, राम बहादुर शुक्ला, राम प्रताप पाण्डेय (प्रधान प्रतिनिधि पनियार) सुरेश पाण्डेय दिनेश पाण्डेय के पी सिंह मत्ते मिश्र आदि की उपस्थिति रही।

## लोक कल्याण के लिए हुआ दुखदुरिया कार्यक्रम

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय थाना अंतर्गत बसौंहा (मोतीगंज) गांव में गुरुवार को काली माता मंदिर के परिसर में एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन हुआ। इस आयोजन में गाँव की 56 सुहागिन महिलाओं ने भाग लिया और सामूहिक रूप से अवसान माता की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने इस अवसर पर गांव की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन को जन सहयोग से संपन्न किया गया, और इसमें कई महत्वपूर्ण व्यक्ति भी उपस्थित रहे। गाँव के प्रतिष्ठित लोग जगमोहन गुप्ता, अमित यादव, अभिषेक यादव, शिवम यादव, सुजीत पाल, सचिन यादव, रीता गुप्ता, राजकुमारी यादव, चंद्रावती, मालती देवी, सुधा यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया और इसे



सफल बनाने में अपना योगदान दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि सामूहिक प्रयास और ग्रामीण एकता का भी महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## नेहा चैरिटेबल ट्रस्ट ने महिलाओं को वितरित की साड़ी



अमेठी। गुरूवार को जनपद अमेठी के ब्लॉक संग्रामपुर के ग्रामसभा धौरहरा में जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दद्दन सिंह पत्नी निशा सिंह ने दुख दूरियां कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 150 महिलाओं ने हिस्सा लिया।यह कार्यक्रम श्री शीतला माता धाम पर आयोजित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धौरहरा में जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दद्दन सिंह द्वारा सामाजिक कार्य को किया जाता है।उसी के तहत इस वर्ष भी दुख दूरियां और साड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया।आपको बता दें की जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दद्दन सिंह धौरहरा के निवासी हैं जो कि मुंबई में रहते हैं जो बहुत बड़े व्यवसाई हैं।इस कार्यक्रम में अजीत प्रताप सिंह फौजी ,अनुज प्रताप सिंह,प्रिया सिंह, विमल सिंह,दिवाकर सिंह अनूप सिंह,राकेश सिंह राका,पंकज दीप नारायण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## चकबंदी कार्यों को लेकर डीएम ने की समीक्षा

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं।इसके अतिरिक्त धारा 7 में 11 गांव, धारा 8 में 3 गांव, धारा 9 में 1 गांव, धारा 10 में 9 गांव, धारा 20 में 9 गांव तथा धारा 27 में 11 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं, किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में उन्होंने चकबंदी के तहत लंबित मुकदमों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी के माल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जगदीशपुर, अमेठी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने धर दबोचा जिनके कब्जे से चोरी का माल बरामद करने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा । थानाक्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित इटरौर मोड के समीप जगदीशपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर चोरी की घटना मे संलिप्त एक अभियुक्त को धर दबोचा तथा जामो मोड से मो0 नईम निवासी शिवगढ मजरे घाटमपुर थाना जामो जनपद अमेठी तथा दूसरे अभियुक्त पुत्तन निवासी अजबगढ थाना जामों जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया जिसके संबंध में स्थानीय थाने पर मु0अ0सं0 281/24 धारा 303(2),317(4) बीएनएस दर्ज था ।पूंछतांछ में अभियुक्त नईम ने बताया कि दिनांक पच्चीस अक्तूबर को मै गुजरात से ट्रक में 265 बोरी पन्नी व दवा ट्रान्सपोर्ट से लोडकर जा रहा था कि बेईमानी की मंशा से मैने अपने साथी पुत्तन निवासी ग्राम अजबगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी के साथ उक्त माल को छुपा देने व बाद में बेंच लेने की योजना बनायी । उक्त योजना के तहत हम दोनों ने प्लास्टिक की पन्नी भरी बोरियों को पुत्तन के रिश्तेदार के घर में छुपा दिया व ट्रान्सपोर्टर को उक्त माल चोरी हो जाने की सूचना दे दी । तथा ट्रक को हाइवे के किनारे एक ढाबे पर खड़ा कर दिया है ।गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी की 265 बोरियां प्लास्टिक की पन्नी भरी हुई व ट्रक से बरामद किया गया ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## सपा की बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं में एकजुटता पर जोर




गौरीगंज, अमेठी। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा कार्यकताओं के बीच सहयोग और एकता को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, और जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पार्टी की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से अपील की कि वे संगठन को और मजबूत बनाने के लिए आपसी सहयोग और समर्पण की भावना से कार्य करें। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित सदस्यों में संग्राम सिंह, चन्द्र शेवार पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह (कोहलू), घनश्याम सिंह, शहवाज, राकेश कौहार, मनीराम वर्मा, उपाध्यक्ष राकेश यादव, यदुनन्दन, दीपू, मुकेश विश्वकर्मा, अशोक, सोनू अंसारी, धर्मेन्द्र पाली, जनन्नाथ पासी, और महेन्द्र यादव शामिल रहे। बैठक में कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी रूप से पहुँचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

## राम शक्ति शील, नीति, परमार्थ एवं स्वार्थ के अधेता है: नीरजानंद शास्त्री

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। प्रभु राम मानवीय मूल्यों एवं मानव संस्कृति के शिखर पुरुष हैं। राम शक्ति शील, नीति, परमार्थ एवं स्वार्थ के अधेता है। राम के स्मरण मात्र से ही मानव भवसागर को पार करने में समर्थ है। यह बातें काशी से पधारे कथावाचक नीरजानंद शास्त्री ने कही। वे जफरपुर गांव में त्रिदिवसीय राम कथा में प्रवचन कर रहे थे। कथा व्यास ने राम सीता के विवाह पर व्यापक रूप से चर्चा करते हुए कहा कि भगवान राम और सीता का दांपत्य जीवन सनातन धर्म का उच्च आदर्श है। जो केवल भारतीय समाज के लिए ही नहीं समस्त मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राम समता, समरसता एवं परोपकारिता के उत्स है। प्रभु श्री राम मां जानकी को वाटिका में देखकर आकर्षित तो होते हैं किंतु मयार्दा का उल्लंघन नहीं करते। उन्होंने अपने भाई लक्ष्मण एवं गुरु विश्वामित्र से भी अपने हृदय की बात बताते हैं। राम का चरित्र अनीति से सर्वथा दूर रहा है। मां सीता भी राम के सौंदर्य पर तो मोहित होते हैं किंतु अपने कुल एवं परंपरा की मयार्दा का अनुसरण करते हैं।

संक्षेप

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे गैंग लीडर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्त गैंग लीडर शिवा उर्फ सोनू पुत्र छोटेलाल निवासी महादेव नगर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवा उर्फ सोनू पर गैंगस्टर एक्ट थाना उत्तर में पंजीकृत है। थाना पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 8 जुआरी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 08 जुआरियों को 21500 सहित गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ओम नगर रसगुल्ले वाली गली में खाली पडी बाउन्ड्री थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से जुआ खेल रहे 08 अभियुक्तगण को मौके से 21500 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की है।

## तमंचा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रोहित गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी पुरानी मंडी छोटा चौराहा थाना दक्षिण फिरोजाबाद को भोजपुरा फैक्ट्री के पास से एक अवैध तमंचा मय एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## आधी रात को तीन मोबाइल चोरी

**वृंदावन।** बुधवार देर रात गोपाल कर स्थित भागवत मंदिरम में एक अज्ञात चोर ने घुसकर कई लोगों के मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। आश्रम संचालकों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भागवत मंडराम के महंत आचार्य बद्रीश ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 12:02 बजे एक अज्ञात चोर आश्रम में दाखिल हो गया। जिसने अगले 6 मिनट के बीच तीन मोबाइल आश्रम से चोरी कर लिए। वहीं आश्रम में मौजूद लोगों के कपड़ों को भी टटोला। इस वारदात को अंजाम देकर वह वहां से फरार हो गया। जब आश्रम द्वारा इस संबंध में खोजबीन की गई तो सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि एक अज्ञात युवक ने इस घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी गई लेकिन वहां कार्रवाई के नाम पर कोई भी आश्रम में नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि उन्होंने सुबह कोतवाली पुलिस को भी सूचित किया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## युवती ने खाया जहर, मौत

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र अंतर्गत पिछले दो वर्ष से घर से भागी युवती ने बीतीरात विषाक्त खा लिया। जिसे गंभीर अवस्था में उसकी सहेली द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को तब लगी जब जिला अस्पताल का मेमो पुलिस को मिला। पुलिस का कहना है कि मृतका के परिवारीजन उसका शव लेने को तैयार नहीं है और न ही अंतिम संस्कार में भाग लेना चाहते हैं। प्राप्त जाकारी के अनुसार फरह थाना क्षेत्र की रिपोर्टिंग पुलिस चैकी ओल के सेरसा गांव निवासी नारायण सिंह की 21 वर्षीय बेटी सुधा ने कल देर शाम विषाक्त खा लिया। जिससे उसकी दशा बिगड़ गई। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए फरह कस्बे में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली नीलम निवासी पटवा वाली गली फरह द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। बताया गया कि यह युवती दो वर्ष पूर्व अपना घर छोड़ आई थी और नीलम से दोस्ती थी। लगभग एक वर्ष पूर्व तक उसकी मृतका शहजादपुर गांव में किराये के मकान में रहती थी। नीलम के बेरी गांव में रहने वाले भाई को वह राखी बांधा करती थी और स्वयं को दिल्ली के ब्यूटी पार्लर में काम करना बताती थी। पुलिस द्वारा जब इस मामले में सिरसा गांव मृतका के परिजनों से संपर्क किया गया तो उन्होंने इससे अपने आप को अलग रखने का अनुरोध किया। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराने वाली नीलम को इसके पंचनामे और अंतिम संस्कार की व्यवस्था को राजी किया है।

# ब्रजलोक कला संग्रहालय पहुंचीं सांसद हेमामालिनी, की सराहना



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृन्दावन-छटीकरा राधाकुण्ड रोड, बहुलावन में स्थित ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय को देखने पहुंची मथरा जनपद की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने संग्रहालय में रखी वस्तुओं को देखा व यहां रखी गयी ब्रज संस्कृति की वस्तुओं के संग्रह में कितना समय व परिश्रम लगा है, जिसे युवा पीढ़ी को समझना चाहिए व इसे वर्षों तक संरक्षित रखा जाना चाहिए। यहां आकर ही ब्रज संस्कृति को सही से जाना व समझा जा सकता है।

सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के संग्रहालय पहुंचने पर उनका स्वागत डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा व कपिल उपाध्याय ने किया। सांसद ने संग्रहालय के मुख्यद्वार पर रखे विशाल बम्ब को बजाया। सात अलग-अलग वीथिकाओं में रखी हर वस्तु को उन्होंने देखा व उनके विषय में जानकारी की। ग्वाल संस्कृति का एकमात्र व अनूठा संग्रहालय जिसमें ब्रज संस्कृति की प्राचीन वस्तुओं का संकलन किया गया है तथा आमजन के अवलोकनार्थ इन्हें यहां संरक्षित किया गया है।

सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि प्राचीन संस्कृति से आज की युवा पीढी. को परिचय करना चाहिए यहां संरक्षित कर सुरक्षित रखी गयी, प्राचीन वस्तुओं के संग्रह में कितना समय लगा होगा तथा इसके पीछे कितना परिश्रम लगा होगा यह यहां आने पर ही समझा जा सकता है। उन्होंने संग्रहालय की पुस्तिका में अपने विचार लिखते हुए लिखा है कि ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय, मथुरा में आकर मैं इस खूबसूरत संग्रहालय को देखकर बहुत प्रभावित हुई हूँ। हमारी प्राचीन कला और संस्कृति के विभिन्न रूप को बहुत अच्छी तरह से यहां संरक्षित किया गया है। आने वाली पीढ़ी के लिए इसे वर्षों तक बनाए रखना चाहिए। ताकि वह इसे देख सकें और प्राचीन संस्कृति को समझ सकें। मेरी सभी को शुभकामनाएँ तथा प्यार, आप सभी यहां आकर देखें व आनंद लें। इस अवसर पर अनूप शर्मा, सुनील शर्मा, अमित शर्मा, मानसिंह, पोहप सिंह आदि की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही।

# इस देश में वक्फ बोर्ड है तो सनातन बोर्ड बनाना ही पड़ेगा : देवकीनंदन

- 16 नवम्बर को दिल्ली में सनातन धर्म संसद, सभी धर्मगुरूओं तक पहुंचा रहे संदेश

**मथुरा।** सनातन बोर्ड की माँग के साथ देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज के द्वारा दिल्ली में आयोजित की जा रही ह्यसनातन धर्म संसदह्ल के लिये सभी राष्ट्रीय संत-कथाकारों एवं धमार्चार्यों तक संदेश पहुँचाया जा रहा है । देवकीनंदन महाराज ने ह्यसनातन बोर्डह्ल के लिये देश भर के साधु-संतों, शंकराचार्यों और अन्य धर्मगुरुओं से भेंट भी की है। आयोजन के लिये ह्यबहुत सह लिया, अब न सहेगें, हिन्दु हक लेकर रहेंगे...ह्ल का नारा दिया गया है । सनातन न्यास फाउंडेशन के तत्वाधान में 16 नवंबर को दिल्ली के यमुना खादर, चैथा-पाँचवा पुस्ता, करतार नगर के सामने, पश्चिमी घोंडा में ह्लसनातन धर्म संसदह्व के आयोजन की तैयारियाँ तेज हो गयी हैं । बुधवार को देवकीनंदन महाराज ने उन्नाव कथा में जाने से पूर्व शाहदरा स्थित ब्लैसिंग बैंकेट हॉल में आयोजन समिति एवं सनातन धर्म अनुयायियों के साथ एक बैठक कर आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। दिल्ली एवं अन्य स्थानों के श्रद्धालुओं से इस धर्म संसद में शामिल का आव्हान करते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि सनातनी बहुत सहते आ रहे हैं, अब नहीं सहेगें। हमारी भूमि पर ही हमारा दमन हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे देवी-देवताओं, बहन-बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। 16 नवम्बर को सभी सनातनी अपने हक के लिये लड़ाई की शुरूआत करेंगे । ह्यबहुत सह लिया, अब न सहेगें, हिन्दु हक लेकर रहेंगे...ह्ल का नारा देते हुये उन्होने कहा कि इस देश में वक्फ बोर्ड मौजूद है, हमें भी हमारा सनातन बोर्ड चाहिये । अगर वक्फ बोर्ड सदन ने बनाया है तो सनातन बोर्ड भी संसद को बनाना पड़ेगा। जो सनातनी चाहते हैं कि सनातन बोर्ड का गठन हो, श्रीकृष्ण जन्मभूमि का निर्माण हो, वे सभी सनातन के सम्मान के लिये 16 नवम्बर को दिल्ली में हो रही ह्यसनातन धर्म संसदह्ल में अपनी आवाज उठाने पहुँचें। कहा कि जागना जरूरी है नही 'तो कभी भारत में सनातनियों को ह्यसेव हिंदुह्ल न कहना पड़े। आयोजन समिति सचिव विजय शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म संसद में वक्फ बोर्ड की तरह ह्यसनातन बोर्डह्ल के गठन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण जैसे विषयों के साथ सनातन धर्म पर हो रहे कुठारघातों पर संत समाज द्वारा सनातन एकता की रणनीति तय की जायेगी । आयोजन में देशभर से सनातनी दिल्ली आयेंगे।

# मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत किया जा रहा जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। जिसके दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है ।मिशन शक्तिह्व फेज-05 के विशेष अभियान क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना जसराना के ठाकुर अजब सिंह इंटर कॉलेज थाना दक्षिण के एनडी मेमोरियल हाईस्कूल थाना नारखी के आरआरएम इंटर कॉलेज थाना नगला खंगर के ग्राम शरनामपुर थाना फरिहा के ग्राम दबारा थाना रजावली के गौथुआ , थाना नगला सिंघी के ग्राम पंचायत कुतुबपुर थाना खैरगढ के ग्राम वैरनी , थाना नसीरपुर के आरआरडी पब्लिक स्कूल करनपुर थाना लाइनपार के लेबर कॉलोनी थाना रामगढ के लोर्ड कृष्णा स्कूल थाना शिकोहाबाद के टिकमान्य इंटर कॉलेज रुकनपुरा थाना बसईमौ0पुर के गौरी इंग्लिश मीडियम स्कूल नगला चूरा , थाना उत्तर के जानकी बाजार थाना पचोखरा के ग्राम पंचायत गढी थाना एका के शिव आदर्श महाविद्यालय पैडत थाना सिरसागंज के कस्बा सिरसागंज थाना रसूलपुर के रेलवे रोड आसफाबाद थाना मटसैना के जनता इंटर कॉलेज आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरूक किया गया।

## खबर का असर, श्यामों की टूटी पुलिया का निर्माण शुरू



**श्यामों(आगरा)।** आगरा शमसाबाद मार्ग स्थित थाना ताजगंज के ग्राम श्यामों के मुख्य मार्ग पर पंचायत सचिव कार्यालय के सामने पुलिया पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त थी ।जिससे वाहन चालकों को आने जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था जिसे लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग संघ के अध्यक्ष समाजसेवी विजय सिंह लोधी, सुरेश चंद, अनिल कुमार आदि ग्रामीणों ने शिकायत की जिसको सभी अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था इस खबर पर संज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान पति श्यामबाबू, पंचायत सचिव हेमंत कुमार ने पुलिया निर्माण कार्य को शुरू करवा दिया है ।समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

## किन्नर से दिलवाता है झूठे प्रार्थना पत्र

**आगरा।** यमुना पार में कथित का बोलबाला है ।यह कथित इतना शातिर है ।किन्नर को आगे करके यह अनिल चौधरी झूठे प्रार्थना पत्र सोनिया किन्नर से दिलवाता है ।खुद अनिल चौधरी पर आधा दर्जन से ऊपर मुकदमे दर्ज है। यहां तक कि यह अनिल चौधरी दो घरवाली रखता है ।एक से इसने लव मेरिज की है तो दूसरी किन्नर है ।जिसके साथ इस करवाचौथ पर अपने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे ।क्या हिंदू विवाह अधिनयम के अंतर्गत दो दो घरवाली रखना जायज है ।पहली घर बाली इसकी थाना बरहन की है। जिससे इसने लव मैरिज की है ।उसके इसके बच्चे भी हैं ।तो दूसरी किन्नर है ।क्या ऐसे कथित पर कोई कानून लागू नहीं होता ।अगर यह कानून लागू नहीं होता तो क्यों अन्य को इस कानून के तहत सजा दी जाती है ।सूत्रों की माने तो यह किन्नर से आगरा से मथुरा तक ट्रेन में अवैध वसूली करवाता है ।सूत्रो की माने तो यह ट्रेन में कई जुर्म भी करवाता है ।जैसे कि फोन चुनौति और किसी का बैग पार करना सूत्रों की माने तो यह भी कैंट पर रहता है ।जब तक वो बसूली करके वापस नहीं आ जाती ।सूत्रों की माने किन्नर पहले भी चोरी की आरोप में जेल जा चुकी है ।ओर यह कथित अनिल चौधरी अपने आप को पत्रकार बताकर यह सारे कारनामे को अंजाम दे रहा है ।अब देखना यह होगा कि जीआरपी इन लोगो के खिलाफ क्या कार्यवाही करती है

# श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के दर्शन कर अभिभूत भाजपा नेत्री उमा भारती



**मथुरा।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुश्री उमा भारती के अपनी ब्रजयात्रा के क्रम में बृहस्पतिवार की दोपहर में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान के दर्शन किये। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने सुश्री उमा भारती स्वागत पटुका प्रसादी-माला भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने भगवान श्रीकेशवदेव, श्रीगिरिराजजी, भगवती माँ योगमायाजी एवं श्रीगर्भ-गृह के दर्शन-पूजन के उपरान्त भागवत-भवन में पुष्पार्चन किया तदोपरान्त पूजाचार्यों द्वारा सुश्री भारती को प्रसादी स्वरूप चुनरी एवं प्रसाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान की पूर्ण मुक्ति की कामना की। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान के दर्शन से अभिभूत सुश्री उमा भारती ने जन्मस्थान की स्वच्छता, मंदिर की व्यवस्थाओं एवं रख-रखाव की प्रशंसा की।

# कमजोर वर्गों को न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने का महा अभियान विधिक सेवा दिवस

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस भव्य रूप से मनाने के लिए गुरुवार को जनपद के समस्त तहसीलदारों और परा विधिक स्वयं सेवकों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस दिन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर और पिछड़े वर्गों को न्यायिक सहायता और उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।



प्राधिकरण के सचिव पीयूष सिद्धार्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि विधिक सेवा दिवस का मूल उद्देश्य न्याय सबके लिए की भावना को साकार करना है। यह दिन न केवल कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है, बल्कि उन लोगों तक न्याय पहुंचाने का माध्यम भी है, जो अपने अधिकारों से बंचित हैं। इसके तहत अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांगजन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों के लिए विधिक सेवायें उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक तहसील स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शिविर एवं रैलियाँ आयोजित की जायेंगी। इन कार्यक्रमों के तहत लोगों को उनके विधिक अधिकार, सरकारी योजनाएं और निःशुल्क कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उपस्थित सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में विधिक सेवा दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाएं। इसके तहत वे सुनिश्चित करेंगे कि हर व्यक्ति को न केवल अपने अधिकारों के बारे में जानकारी मिले, बल्कि न्याय तक उनकी पहुंच भी सुलभ हो। विशेष शिविरों में मुकदमों के त्वरित निपटारे, कानूनी सलाह, और आवश्यक सहायता की व्यवस्था होगी एवं परा विधिक स्वयं सेवक इस अभियान की रीढ़ होंगे। वे कानूनी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करायेंगे। विधिक जागरूकता रैली लोगों को विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित की जायेंगी।

# लिव इन रिलेशन में रह कर दिया शादी का झांसा

- शारीरिक संबंध बना कर युवती को किया गर्भवती, शादी से इनकार
- पीड़िता पहुंची युवक के घर, किया हंगामा, थाने में दी तहरीर

**शिकोहाबाद।** जनपद एटा की रहने वाली एक युवती आगरा में एसएससी की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान उसकी जानकारी थाना शिकोहाबाद के एक गांव निवासी युवक से हो गई। इस बीच दोनों एक दूसरे के नजदीक हो गये। आरोप है कि विगत दो वर्ष से दोनों एक ही रूम में लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। युवक ने युवती से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। ज्यादा कहने पर युवती ने शादी को रजिस्टर भी करा दिया। इस दौरान युवती दो माह की गर्भवती भी हो गई। जब युवक के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने शादी मानने से इंकार कर दिया। बुधवार को युवती युवक के घर गांव में पहुंच गई। पूरी रात दरवाजे के बाहर बैठी रही, लेकिन युवक के घरवालों ने उसे घर में नहीं घुसने दिया। पीड़िता ने डीआईजी से मामले की शिकायत की है।

दो माह की गर्भवती युवती बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव नगला सुंदर में पहुंची। उसने अपने पति के घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसके परिजनों ने दरवाजा नहीं खोला। इस पर युवती पूरी रात घर के बाहर दरवाजे पर बैठी रही। लेकिन किसी भी व्यक्ति का दिल नहीं पसीजा। इसके बाद बृहस्पतिवार को युवती थाने पहुंची और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पीड़िता का आरोप है कि उसने युवक से कोर्ट में शादी कर ली है। विगत दो साल से वह पति-पत्नी के रूप में रह रहे हैं। वह दो माह की गर्भवती है। जब उसने पति को इसकी जानकारी दी तो उसके परिवार के लोग उसे घर में रखने के लिए तैयार नहीं है। इस मामले में युवती डीआईजी से भी मिल चुकी है और उन्होंने उसे न्याय कराने का आश्वासन दिया है। पीड़िता का आरोप है कि युवक का चाचा एक राजनीतिक पार्टी में प्रदेश स्तर का पदाधिकारी है। जिसकी बजह से वह उसे पति के साथ नहीं रहने दे रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उसका जाजा उससे दहेज में पिता की संपत्ति में से आधा हिस्सा मांग रहा है। जबकि उसका पति उसे रखने के लिए तैयार है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति के चाचा ने उसके पति को प्रताड़ित किया है, जिसकी बजह से वह उसे साथ नहीं रख रहा है। पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि एक एटा की लड़की जो आगरा में तैयारी कर रही थी। उसके नगला सुंदर निवासी युवक से संबंध हो गये। दोनों ने कोर्ट में शादी कर ली है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों को बैठा कर समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में एटा में सुलह समझौता केंद्र में भी मामला विचाराधीन है।

# महिलाओं ने निर्जला व्रत रख सूर्य को दिया अर्घ्य

**मथुरा।** वृन्दावन तीर्थनगरी में छठ पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। छठ पूजा पर गुरुवार की शाम यमुना किनारे जुगलघाट, चीरघाट से लेकर केशीघाट तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। छठी मैया का व्रत कर रहीं महिलाओं ने केशीघाट स्थित यमुना की धार में खड़े होकर अस्त होते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने पति एवं संतान की मंगल कामना के साथ घर की सुख समृद्धि की कामना की। चार दिन मनाए जाने वाले पर्व के तीसरे दिन सौभाग्यवती महिलाओं ने विधि विधान पूर्वक डूबते हुए सूर्य अर्घ्य देकर व छठी मैया की पूजा कर संतान प्राप्ति के साथ परिवार में सुख शांति की प्रार्थना की। जिसके चलते संपूर्ण घाट भगवान सूर्य देवता व छठी मैया के जयकारों से गुंजायमान हो गया। यहां बताते चले कि इस महापर्व का समापन अगले दिन शुक्रवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर होगा। परम्परानुसार छठ महापर्व के पहले दिन नहाय खाय, दूसरे खरना, तीसरे दिन सूर्यास्त के समय सूर्यदेव को अर्घ्य और छठी माता की पूजा करने के बाद आखिरी दिन सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होता है।



# फोटोग्राफर एसो. की बैठक में विभिन्न समस्याओं का निदान कर बांटे प्रमाण पत्र



**टूंडला।** फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को असन रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस में हुई। जिसमें फोटोग्राफरों की विभिन्न समस्याओं का निदान करने के साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अध्यक्ष अरुण रावत ने कहा कि संगठन के दम पर किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। कोई भी फोटोग्राफर बिना रसीद के किसी का कार्य बुक न करे। उन्होंने सभी फोटोग्राफरों को नियमानुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अवगत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि संगठन विषम परिस्थितियों में सभी पदाधिकारियों की मदद के लिए खड़ा है। सचिव देवेंद्र कुमार ने कहा कि टूंडला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा सभी फोटोग्राफरों को प्रमाण पत्र वितरित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को जानकारी हो सके कि वह रजिस्टर्ड एसोसिएशन के सदस्य हैं। उनके कार्य करने की गुणवत्ता भी अच्छी होगी। संचालन कर रहे पीपी सिंह ने कहा कि शीघ्र ही एसोसिएशन का विस्तार कर जिले भर के फोटोग्राफरों को जोड़ने का काम किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजू यादव, कोषाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, उमेश कुमार, रविंद्र गौतम, जेपी सिंह, वंशी सिंह, सचिन उपाध्याय, अजय कुमार, संजय गुप्ता, लाल सिंह, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## लाठियों से पीटा गया हाथी का पुतला

**मथुरा।** कुबलियापीड़ हाथी वध महोत्सव समिति द्वारा कुबलियापीड़ हाथी वध मेला व कृष्ण-बलदेव शोभायात्रा का आयोजन किया। भगवान श्रीकृष्ण-बलदेव की कुबलियापीड़ हाथी और कलात्मक झांकियों संग शोभायात्रा आरती के साथ स्वामीघाट से शुरू हुई। बैंडबाजों की धुन पर भगवान श्रीकृष्ण-बलदेव के भजन वातावरण में भक्ति की मिठास घोल रहे थे। शोभायात्रा चैक बाजार, मंडी रामदास, डीगगेट होती हुई पोतराकुंड, श्रीकृष्ण जन्मस्थान के निकट पहुंची। प्राचीन हाथी वध स्थल पर हाथी वध लीला का मंचन किया गया। हाथीवध लीला होते ही वातावरण भगवान श्रीकृष्ण-बलदेव की जयघोष से गूंज उठा। शोभायात्रा का पग-पग पर स्वागत होता रहा। कागज का हाथी, गणेशजी, काली की सवारी, चीरहरण, महारास, कंसवध, कृष्ण-बलराम स्वरूप आदि की झांकियां शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहीं थीं ।हाथीवध लीला के बाद शोभायात्रा प्राचीन केशवदेव मंदिर होती हुई मंदिर पर समाप्त हुई। वहीं समिति के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया द्वापर युग में कंस का सबसे प्रिय हाथी था कुबलिया पीड़। कुबलियापीड़ हाथी में दस हजार हाथियों की ताकत थी। वहीं उन्होंने कहा कुबलिया हाथी जरासंध ने कंस को भेंट स्वरूप दिया था। इस अवसर पर समिति के मार्गदर्शक राजनारायण गौड़, राजीव शर्मा, अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, महामंत्री अभिषेक शर्मा आशु, मेला संयोजक अजय कुमार सैनी उपाध्यक्ष पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कृपा हो गई राम की बन गए तुलसीदास...

- प्रख्यात भजन और गजल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन की प्रस्तुतियों ने बांधा समां
- धौलीप्याऊ स्थित रेलवे मैदान पर अब ब्रज रज उत्सव का चढ़ने लगा है रंग

**मथुरा।** धौलीप्याऊ स्थित रेलवे मैदान पर अब ब्रज रज उत्सव का रंग चढ़ने लगा है। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी उत्सव को खूबसूरत बना रही है। विद्युत रोशनी की चकाचैंध के बीच गीत संगीत की गूंजती धुन सभी को आनंदित कर रही हैं। इस खुशनुमा माहौल के बीच बुधवार देरशाम को देश के प्रख्यात भजन और गजल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन की प्रस्तुतियों ने शमां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सांसद हेमा मालिनी ने दोनों पद्मश्री गायक का सम्मान करते हुए की। पहली प्रस्तुति भजन तुलसी तुलसी सब कहे, तुलसी बन की घास, कृपा हो गई राम की बन गए तुलसीदास के रूप में दी। कृष्ण की भूमि पर राधे राधे करते हुए उन्होंने अपनी प्रस्तुति के रूप में मोरे श्याम घन श्याम राधे श्याम, अब राधे राधे होई ,श्रीराधे रानी दे डारो बाँसुरी मोरी सहित भजन और गजल पर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा ब्रज रज उत्सव का बुधवार को दूसरा दिन था। भले ही उत्सव की खूबसूरती रात के वक्त निखर कर आती हो लेकिन दिन में भी लोगों की मौजूदगी ने यहां आए दुकानदारों में जोश भर दिया है। जयपुर की जूती, राजस्थान का घाघरा, हाथ के कड़े , हिमाचल की टोपी, बनारस की साड़ी , कांच और मिट्टी के वर्तन , लकड़ी का सामान भी लोगों को



लुभा रहा हैं। इस दौरान न केवल लोग खरीदारी कर रहे हैं बल्कि विभिन्न स्टॉल पर खड़े होकर सेल्फी ले रहे हैं। इस तरह ब्रज रज उत्सव का रंग मथुरावासियों पर चढ़ रहा रहे। यहां परिजनों के साथ पहुंच रहे बच्चे सर्वाधिक आनंदित हैं। खानपान के साथ उन्हें झूला आदि मनोरंजन का मौका भी मिल रहा है। उत्सव स्थल की सजावट भी बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव पैदा कर रही है। एफिल टॉवर और राधाकृष्ण की पिक्चर सेल्फी प्वाइंट बने हुए हैं।

ब्रज रज उत्सव में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति लोगों को रिझा रही हैं। उत्सव स्थल पर प्रवेश द्वार पर ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते कलाकार आकर्षण का केंद्र है। लोग इनकी न केवल फोटो खींच रहे हैं बल्कि वीडियो भी बना रहे हैं। स्थानीय कलाकारों कई दल ब्रज की कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा बुधवार को बड़े मंच पर दामोदर शर्मा की टीम ने लावनी ओर भजन प्रस्तुत किए, जबकि शालिनी शर्मा ने अपने भजन से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कलाकारों को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र, वित्ताधिकारी विनय सिंह, समन्वयक आरपी यादव, अनूप शर्मा ने सम्मानित किया।

सिने अभिनेत्री सांसद हेमा मालिनी ब्रज रज उत्सव के दूसरे दिन भी धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पहुंची। यहां उन्होंने विभिन्न जनपद और राज्यों से आए हस्तशिल्प के सामन देखे। दुकानदारों से बातचीत की। स्टॉल में मौजूद समान के बारे में पूछा। लोगों के साथ फोटो भी खिंचाए। सासंद हेमा मालिनी को देखने और उनके साथ फोटो खींचने के लिए भीड़ जुटी रही। गौरतलब रहे कि गत दिवस सांसद हेमामलिनी ने ब्रजरज उत्सव का शुभारंभ किया था।

संक्षेप

## भारत के स्मार्टफोन बाजार में पहले स्थान पर सैमसंग

नई दिल्ली। सैमसंग 2024 की तीसरी तिमाही में भारत में वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़ा स्मार्टफोन ब्रांड रहा। यह जानकारी काउंटरपॉइंट रिसर्च के द्वारा दी गई है। रिसर्च एजेंसी के अनुसार, इस तिमाही में सैमसंग के नेतृत्व में भारत के स्मार्टफोन बाजार ने सबसे ज्यादा वैल्यू प्राप्त की, और सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी 23 फीसद रही। बाजार में अब कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ बिक्री में भी वृद्धि हो रही है। ईएमआई के आसान विकल्प और पुराने फोन बदलने की सुविधा इसका प्रमुख कारण हैं। सैमसंग फिलहाल 23 फीसद की हिस्सेदारी के साथ बाजार में पहले नंबर पर है। इसने अपनी प्रमुख गैलेक्सी एस सीरीज पर ध्यान देकर और अपने मूल्य-आधारित पोर्टफोलियो को बेहतर बनाकर अपनी स्थिति बनाए रखा है। अपनी बाजार उपस्थिति मजबूत करने के लिए, सैमसंग ने ए सीरीज में अपने मिड-रेंज और किफायती प्रीमियम मॉडलों में गैलेक्सी एआई फीचर्स को शामिल किया है। काउंटरप्वाइंट ने कहा कि, जुलाई से सितंबर 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान, स्मार्टफोन बाजार का कुल मूल्य पिछले साल की तुलना में 12 फीसद बढ़ गया, जो तिमाही में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। वहीं, इस दौरान स्मार्टफोन की बिक्री की संख्या में 3 फीसद की सालाना बढ़ोतरी हुई है।

## हजरतगंज सोशल बना जाना-माना स्थल

लखनऊ। सितंबर में अपनी शुरूआत के बाद से, हजरतगंज सोशल ने हजारों मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया है, और जल्द ही लखनऊ का पसंदीदा मिलन स्थल बन गया है। खूबसूरती से बहाल की गई हवेली में बसा, हजरतगंज सोशल विरासत और आधुनिक स्वभाव का एक अनूठा मिश्रण लाता है, जो हजरतगंज की जीवंत ह्लगंजिंगह्व संस्कृति को दशार्ता है, जहाँ स्थानीय लोग टहलते हैं, खरीदारी करते हैं और मिलते-जुलते हैं। अतिथियों ने अबरा कबाब रा प्लेटर, पनीर टिक्का और भीड़ को लुभाने वाले संस्कारी मोजिटो जैसे बेस्टसेलर के साथ रोमांचक मेनू का आनंद लिया है। बेल पेपर पिज्जा भी शाकाहारी भोजन करने वालों के बीच पसंदीदा बन गया है, जो हर स्वाद के लिए कुछ न कुछ पेश करने की सोशल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रत्येक व्यंजन लखनऊ के पाक सार को दशार्ने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें बोल्ड और आरामदायक स्वाद हैं जो शहर के भोजन-प्रेमी लोगों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं।

## नेटफ्लिक्स की सिकंदर का मुकद्दर का प्रसारण 29 को

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स का क्राईम ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाईल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकी:बिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राईम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है।

## जुलाई-सितंबर तिमाही में ग्रामीण खपत शहरी बाजार की तुलना में दोगुनी बढ़ी

नयी दिल्ली। शहरी तथा ग्रामीण बाजारों में उपभोक्ता मांग में क्रमिक सुधार देखा गया और भारत के अधिकतर क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र मात्रा वृद्धि के मामले में शहरी क्षेत्रों से आगे निकल रहे हैं। डेटा एनालिटिक्स फर्म नीलसनआईक्यू की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय एफएमसीजी उद्योग में जुलाई-सितंबर तिमाही में 1.5 प्रतिशत कीमत वृद्धि पर 5.7 प्रतिशत मूल्य-आधारित वृद्धि और 4.1 प्रतिशत मात्रा वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया, 2024 की तीसरी तिमाही में शहरी उपभोग वृद्धि 2.8 प्रतिशत रही, जबकि ग्रामीण वृद्धि पिछली तिमाही के 5.2 प्रतिशत से बढ़कर छह प्रतिशत हो गई जो शहरी वृद्धि की तुलना में दो गुना है। छोटी तथा मध्यम एफएमसीजी कंपनियों ने कुछ तिमाहियों में गिरावट का सामना करने के बाद वापसी की है।

# सेंसेक्स में 836 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी का रुख बृहस्पतिवार को थम गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत दर संबंधी निर्णय के पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे सेंसेक्स 836 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 285 अंक नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होने को लेकर बना उत्साह फीका पड़ जाने से भी घरेलू बाजार की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 836.34 अंक यानी 1.04 प्रतिशत फिसलकर 79,541.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 958.79 अंक गिरकर 79,419.34 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 284.70 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,199.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर ही लाभ के साथ बंद हुआ। घरेलू बाजार पिछले दिन हासिल बढ़त को गंवा बैठा। कंपनियों के दूसरी तिमाही के निराशाजनक नतीजों और विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। ट्रंप की चुनावी जीत को लेकर पैदा हुआ उत्साह धीमा पड़ गया। इसके अलावा अब निवेशकों की नजर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक के नतीजे पर टिक गई है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.67 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.44 प्रतिशत का नुकसान दर्ज किया गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली रही और सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की गिरावट धातु खंड में रही जबकि जिंस खंड में 1.65 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। अमेरिकी चुनाव के बाद नजरें अब फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों और उसकी टिप्पणियों पर लगी हैं। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत से पिछले कारोबारी दिवस पर दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी का माहौल रहा था। ट्रंप डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को करारी शिकस्त देकर चार साल के अंतराल के बाद एक बार फिर राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी रहने से बाजार पर दबाव बना हुआ है।

# रुपया छह पैसे और टूटकर 84.37 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे टूटकर 84.37 (अस्थायी) के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। कमजोर घरेलू शेयर बाजार और विदेशी कोषों की सतत निकासी ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों से पहले भी निवेशक सतर्क है। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक में गिरावट से रुपये को मदद मिली और इसका नुकसान सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 84.26 के उच्चस्तर और 84.38 के निचले स्तर के बीच रहने के बाद अंत में छह पैसे की गिरावट के साथ 84.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे की गिरावट के साथ 84.31 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। आशंका है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी के कारण अमेरिकी डॉलर में समग्र मजबूती के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, भू-राजनीतिक जोखिम कम होने पर जिंस कीमतों में नरमी से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 104.86 पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत गिरकर 74.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# ट्राई अधिनियम से अधिक प्रभावी होगा आईबीसी : एनसीएलटी

नयी दिल्ली। दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने कहा कि दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) भारतीय दूरसंचार सेवा नियामक प्राधिकरण (ट्राई) अधिनियम के प्रावधानों पर प्रभावी होगी। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) ने बंद हो चुकी सेवा प्रदाता कंपनी आरकॉम की दिवाला कार्यवाही में समाधान पेशेवर द्वारा कंपनी के ग्राहकों के शेष परिचालन ऋण के रूप में वर्गीकृत करने के खिलाफ दूरसंचार नियामक ट्राई की याचिका को खारिज कर दिया।

एनसीएलएटी ने ट्राई द्वारा दायर उस दूसरी याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उसने आरकॉम के समाधान पेशेवर को 85.10 लाख रुपये के वैधानिक बकाये के भुगतान के लिए निर्देश देने की मांग की थी। एनसीएलएटी की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि अपीलकर्ता (ट्राई) का यह तर्क कि अधिनियम एक विशेष कानून होने के कारण आईबीसी के प्रावधानों पर प्रभावी होगा, स्वीकार नहीं किया जा सकता। उसने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पहले ही माना है कि आईबीसी की धारा 238 का किसी भी अन्य कानून से अधिक असर है। इसलिए, आईबीसी ट्राई अधिनियम के प्रावधानों पर प्रभावी रहेगा।

# भारत को आरसीईपी का हिस्सा होना चाहिए




नयी दिल्ली। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को क्षेत्रीय वृहद आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) और प्रशांत-पारीय साझेदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते (सीपीटीपीपी) का हिस्सा होना चाहिए। भारत 2013 में वार्ता में शामिल होने के बाद 2019 में आरसीईपी से बाहर निकल गया था।

आरसीईपी में 10 आसियान समूह के सदस्य (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाइलैंड, फिलिपीन, लाओस और वियतनाम) और उनके छह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार - चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत को आरसीईपी (क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी) और सीपीटीपीपी (प्रशांत पारीय भागीदारी के लिए व्यापक तथा प्रगतिशील समझौता) का हिस्सा होना चाहिए और इसका सदस्य बनना चाहिए। सीपीटीपीपी पांच महाद्वीपों में फैला एक मुक्त व्यापार संघ है, जो प्रशांत क्षेत्र के देशों कनाडा, मेक्सिको, पेरू, चिली, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और जापान से मिलकर बना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमने चीन प्लस वन अवसर का उतना लाभ उठाया है, जितना हम उठा सकते थे। सुब्रह्मण्यम ने साथ ही कहा कि वियतनाम, इंडोनेशिया, मलेशिया, तुर्किये और मेक्सिको जैसे देशों को संभवतः भारत की तुलना में चीन प्लस वन से अधिक लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक क्षितिज पर चमकते सितारों में से एक है। नीतिगत स्थिरता और सुधारों ने शानदार वृद्धि पथ की नींव रखी है।

# भूटान के पीएम ने भारतीय निवेशकों को उद्यम लगाने का दिया निमंत्रण

दांगा (असम)। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने भारतीय निवेशकों को अपने देश में निजी उद्यम लगाने के अलावा संयुक्त उपक्रम लगाने के लिए बृहस्पतिवार को आमंत्रित किया।

इसके साथ ही तोबगे ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पूर्वी भूटान और पूर्वोत्तर भारत को बाहरी दुनिया के सामने एक साथ दिखाने पर भी जोर दिया। तोबने ने असम के दांगा में भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत चेक पोस्ट के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि भूटान के लोगों को असम से होकर जाने के लिए पासपोर्ट की जरूरत नहीं होती थी लेकिन अन्य देशों के पर्यटकों को इसकी जरूरत पड़ती थी। इस चेक पोस्ट की शुरुआत से यह सुनिश्चित हो सकेगा कि दूसरे देशों के पर्यटक अब भारत में निर्बाध रूप से प्रवेश कर सकें। भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा कि हम भारत के साथ मिलकर समृद्ध होना चाहते हैं। हम बांग्लादेश को बोल्डर निर्यात करते हैं। हम कुछ निर्मित सामान भी निर्यात कर रहे हैं और हम इस संख्या में बढ़ोतरी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भूटान को भारत से सामान और सेवाएं दोनों मिल रही हैं, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है। मैं भूटान के निवेशकों को अपने देश के पूर्वी हिस्से में अधिक सार्थक निवेश के लिए आमंत्रित करता हूं।

# जेट एयरवेज की संपत्तियों को बेचने का आदेश



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अपनी विशेष संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, बंद पड़ी विमानन कंपनी जेट एयरवेज की परिसंपत्तियों को बेचने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जेट एयरवेज की समाधान योजना को बरकरार रखने और इसके स्वामित्व को जालान कलरॉक कंसोर्टियम को हस्तांतरित करने को मंजूरी देने के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण के फैसले को खारिज कर दिया।

पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति पारदीवाला ने एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ एसबीआई तथा अन्य ज णदाताओं की याचिका को स्वीकार कर लिया। याचिका में जेकेसी के पक्ष में जेट एयरवेज की समाधान योजना को बरकरार रखने के फैसले का विरोध किया गया है। न्यायालय ने कहा कि विमानन कंपनी का परिसमापन लेनदारों, श्रमिकों और अन्य हितधारकों के हित में है। परिसमापन की प्रक्रिया में कंपनी की संपत्तियों को बेचकर प्राप्त धन से ज णों का भुगतान किया जाता है। पीठ ने एनसीएलएटी को, उसके फैसले के लिए फटकार भी लगाई। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल किया, जो उसे अपने समक्ष लंबित किसी भी मामले या मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए आदेश तथा डिक्री जारी करने का अधिकार देता है। एनसीएलएटी ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी की समाधान योजना को 12 मार्च को बरकरार रखा था और इसके स्वामित्व को जेकेसी को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी थी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और जेसी फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया था।उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ठप खड़ी एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के परिसमापन का आदेश दिया। न्यायालय ने इसके साथ ही सफल बोलीदाता जालान कलरॉक गठजोड़ द्वारा कंपनी में डाले गए 200 करोड़ रुपये जब्त करने तथा भारतीय स्टेट बैंक की अगुवाई वाले ऋणदाताओं के समूह को 150 करोड़ रुपये की प्रदर्शन बैंक गारंटी भुनाने की भी अनुमति दे दी।

# सिंधिया ने किया साफ, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी नहीं होगी



नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसका आवंटन किया जाएगा।

भारतीय अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल इसकी नीलामी किए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने इसके आवंटन की वकालत की है। सिंधिया ने साक्षात्कार में कहा कि हालांकि, सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम मुफ्त नहीं दिया जाएगा तथा भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इसके लिए कीमत तय करेगा। सिंधिया ने कहा कि हर देश को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का पालन करना होता है, जो अंतरिक्ष या उपग्रहों में स्पेक्ट्रम के लिए नीति निर्धारित करने वाला संगठन है। आईटीयू असाइनमेंट के आधार पर स्पेक्ट्रम दिए जाने के मामले में बेहद स्पष्ट रहा है। इसके अलावा, अगर आप आज दुनियाभर में देखें, तो मुझे एक भी ऐसा देश नहीं दिखता जो उपग्रह के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो। भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का सदस्य है। मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धियों ने प्रशासनिक आवंटन का समर्थन किया है। अंबानी की रिलायंस जियो नीलामी के जरिये ऐसे स्पेक्ट्रम के आवंटन पर जोर दे रही है, ताकि उन पुराने परिचालकों को समान अवसर उपलब्ध कराया जा सके जो स्पेक्ट्रम खरीदते हैं, टेलीकॉम टावर जैसे बुनियादी ढांचे की स्थापना करते हैं। वहीं मित्तल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पिछले महीने उद्योग जगत के एक समारोह में ऐसे आवंटन के लिए बोली लगाने की जरूरत पर जोर दिया था।

## पेज एक का शेष

### जाति-मजहब

पर संसद से मुहर लगी और संविधान से जम्मू-कश्मीर की यह विशेष धारा खत्म हो गई। तब दुनिया ने भारत की ताकत का एहसास किया, दुनिया ने देखा ये नया भारत है, ये किसी को नुकसान नहीं पहुंचाएगा, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेगा भी नहीं। हम अपने राष्ट्र के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए सब कुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार हैं। भारत की अखंडता और एकता के लिए जो भी कदम उठाने की जरूरत पड़ेगी, भारत वो कदम उठाने से हिचकेगा नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बाबा साहब आंबेडकर की आपत्ति के बावजूद कांग्रेस ने कश्मीर के साथ धारा-370 जोड़कर आतंकवाद का गढ़ बनाने की कुचेष्ठा की थी। कश्मीर में हिंसा होती थी, कश्मीरी पंडितों का कत्ल होता था, जो भी भारत के पक्ष में बोलता था उसका सामूहिक नरसंहार होता था। तब कांग्रेस ने कहा था ये अस्थाई प्रावधान है, लेकिन कोई भी इसे हटा नहीं पाया, लेकिन पीएम मोदी ने इस धारा को हटाने का काम किया। आज कश्मीर विकास की नई राह पर है। आज यहां प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के कई संस्थान हैं, अस्पताल है, कई तरह के उद्योग धंधे लगे हैं। जिस कश्मीर से लाखों की संख्या में लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा था, वहां पीएम मोदी ने आज सुरक्षा की गारंटी दी और धारा 370 को समाप्त किया। योगी ने कहा कि आज जब कश्मीर विकास की नई राह पर है तब वहां की कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर की नेशनल कांफ्रेंस की सरकार ने धारा-370 और 35 ए को बहाल करने के लिए विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर दिया। ये कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की विघटनकारी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। ये बताता है कि राष्ट्रीय एकता के साथ खिलवाड़ कर देश को फिर आतंकवाद की आग में झोकना चाहते हैं। पूरा देश कांग्रेस के इस विघटनकारी कृत्य को देख रहा है। कांग्रेस को देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने से बाज आना चाहिए, हम सभी इसकी निंदा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा 370 समाप्त हो चुकी है, वो अब फिर से लागू नहीं हो सकती। यह घाटी में कत्लेआम की जड़ है, आतंकवाद की जड़ है, हिंसा की जड़ है और लाखों निर्दोष लोगों के नरसंहार का कारण है। यह कश्मीरी पंडितों के खून से सनी धारा है। इसने कश्मीर के सुगंध और धरती के स्वर्ग को मजहबी उन्माद में बदलने का काम किया और सामाजिक सद्भाव को तहस-नहस करने का काम किया। यह धारा 370 और 35ए कश्मीर में आतंकवाद का वेयर हाउस बन गया था। योगी ने कहा कि हम कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस से कहना चाहते हैं कि कश्मीर में जो इस तरह का दुस्साहस आपकी सरकार कर रही है, उससे एक बार फिर विघटन की बू आ रही है और देश उसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 140 करोड़ भारतवासी हर हाल में देश की एकता और अखंडता के पक्षधर हैं और जो इससे खिलवाड़ करेगा उसको मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार भी हैं। येगी ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर मैं कांग्रेस से कहूंगा कि वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित इस प्रस्ताव के खिलाफ स्वंय बोले, अन्यथा कांग्रेस की वही दशा हो जाएगी जो कश्मीर में धारा 370 और 35 ए की हुई है। मुख्यमंत्री ने भोजपुरी में बोलते हुए सभी श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और माताओं-बहनों को कठिन व्रत रखने के लिए सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति का दुनिया में एक अनोखा स्थान है, और इसमें भोजपुरी समाज ने एक अलग पहचान बनाई है। योगी ने छठ को अखिल भारतीय पर्व बताते हुए कहा कि यह देश और दुनिया में भारतीय संस्कृति की विरासत को सशक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि छठ जैसे पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करने का अवसर प्रदान करते हैं। योगी ने कहा कि यह पर्व सूर्य देव की उपासना का अवसर है और हमारी संस्कृति में सूर्य को जीवन का प्रतीक माना गया है। सूर्य के बिना इस चराचर जगत में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ महापर्व के माध्यम से हम सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और इस पर्व की पवित्रता को देशप्रेम से जोड़ने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आतंकवाद के

हैं। गृह मंत्री ने कहा कि अब पूरी दुनिया ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की प्रधानमंत्री मोदी की नीति को स्वीकार कर लिया है। वर्ष 2014 से आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शाह ने पिछले दशकों की तुलना में आतंकी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा पर काफी हद तक नियंत्रण किया गया है। शाह ने सम्मेलन में राज्य पुलिस बलों के प्रतिनिधियों, जिनमें से अधिकतर डीजीपी रैंक के अधिकारी हैं, से कहा कि जहां भी आवश्यक हो, वहां वे गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम लागू करें। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की आतंकवाद-निरोधी जांच एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण सभी आतंकी मामलों में यूएपीए का इस्तेमाल करती है और इसके परिणामस्वरूप अब तक इसके द्वारा दर्ज 632 मामलों में से 498 मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया गया है और लगभग 95 प्रतिशत मामलों में सजा हुई है। बृहस्पतिवार को यहां शुरू हुए दो दिवसीय आतंकवाद-निरोधक सम्मेलन से भारत के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए एजेंसियों के बीच समन्वय को और बढ़ाने की उम्मीद है। यह वार्षिक सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों में परिचालन बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों और आतंकवाद से निपटने में लगी एजेंसियों के लिए एक बैठक स्थल के रूप में उभरा है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

### सरकारी नौकरियों

वैधानिक शक्ति वाले मौजूदा नियम प्रक्रिया और पात्रता दोनों के संदर्भ में भर्ती निकायों पर बाध्यकारी हैं। पीठ ने कहा चयन सूची में स्थान मिलने से नियुक्ति का कोई अपरिहार्य अधिकार नहीं मिल जाता। राज्य या उसकी संस्थाएं वास्तविक कारणों से रिक्त पद को न भरने का विकल्प चुन सकती हैं। हालांकि पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि रिक्तियां मौजूद हैं, तो राज्य या उसकी संस्थाएं मनमाने ढंग से उन व्यक्तियों को नियुक्ति देने से इनकार नहीं कर सकती जो चयन सूची में विचाराधीन हैं। शीर्ष अदालत ने सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति मानदंड से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर दिया, जिसे मार्च 2013 में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उसे सौंपा था।

### अब पराली

में एक से 15 नवंबर तक प्रदूषण चरम पर होता है जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय ने भी कड़ा रुख जाहिर किया था। वहीं पंजाब में किसान संगठनों ने पराली जलाने पर जुर्माना बढ़ाने के केंद्र के कदम की बृहस्पतिवार को कड़ी निंदा की और सवाल किया कि सरकार उन्हें फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी क्यों नहीं मुहैया करा रही है। केंद्र ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर पराली जलाने वाले किसानों के लिए जुर्माना दोगुना कर दिया है, जिसके तहत पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों के लिए जुर्माना 30,000 रुपये तक हो गया है। इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के सख्त रुख के बाद बुधवार को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब 2,500 रुपये की जगह 5,000 रुपये का पर्यावरण मुआवजा देना होगा। वहीं, दो से पांच एकड़ के बीच भूमि वाले किसानों पर 5,000 रुपये के बजाय 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। केंद्र सरकार के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसान संगठनों ने कहा कि किसान कभी भी पराली को जलाना नहीं चाहते, लेकिन जरूरी उपकरणों के अभाव में उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण के लिए हमेशा किसानों को ही क्यों निशाना बनाया जाता है। उन्होंने सरकार से पूछा कि पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले उद्योगों के खिलाफ क्या कार्वाई की गई है।

### निमार्णाधीन ब्रिज

रहा है। गुरूवार की सुबह लगभग साढे नौ बजे एक क्रेन ट्राला पर से भारी भरकम अल्मुनियम गार्डर उतार रहा था। इसी दौरान क्रेन के चेन का हुक टूट गया और नीच बाइक से साथी के साथ गुजर रहे एसएसबी इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह (45) की मौत हो गई। तो वही बाइक पर बैठा साथी इंस्पेक्टर मनये कुंडू (42) गंभीर रूप से घायल हैं।

### जम्मू कश्मीर

अनुरोध किया गया था। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा जब प्रस्ताव पर बोल रहे थे तो अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता और विधायक लंगेट शेख खुर्शीद एक बैनर दिखाते हुए आसन के समक्ष आ गए, जिस पर लिखा था कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल किया जाए। इस पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। वे भी आसन के समक्ष आ गए तथा बैनर छीनकर उसे फाड़ दिया। हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। हालांकि, सदन स्थगित होने के बाद भी भाजपा सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर भी भाजपा सदस्यों ने विरोध जारी रखा, जबकि अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष ने शर्मा से कहा, आप नेता प्रतिपक्ष हैं, हम आपको सुनेंगे। हालांकि, विरोध जारी रहने पर अध्यक्ष ने कहा आप नियम से ऊपर नहीं हैं। आप नियम देखें। मैं कुछ सदस्यों की गतिविधियों को बहुत करीब से देख रहा हूं। मुझे वह करने के लिए बाध्य नहीं करें जो मैं नहीं चाहता। शर्मा ने हालांकि कहा, मैं चाहता हूं कि विशेष दर्जे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) का नाटक खत्म हो। हंगामे के बीच लगभग सभी विधायक अपनी सीट से उठ गए। भाजपा सदस्यों ने बलिदान हुए जहां (श्यामा प्रसाद) मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है के नारे लगाए, जबकि नेकां विधायकों ने जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है के नारे लगाए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ (वर्तमान भाजपा) के संस्थापक थे।

### महाकुम्भ में

प्राप्त लोगों को पर्यटन विभाग की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें किसी प्रकार की कोई सालाना शुल्क या कर भरने की कोई बाध्यता नहीं है और पेइंग गेस्ट की सुविधा प्रदान करने का किराया भी मकान मालिक द्वारा ही निर्धारित किया जाएगा, जिसमें पर्यटन विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अबतक 50 मकानों का पंजीकरण कराया जा चुका है और कई मकानों के पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है।

### हाईकोर्ट ने

तबादला शिक्षक-छात्र अनुपात को बनाए रखने के लिए किया जाता है। कहा गया कि स्थानांतरण के पश्चात ऐसा अध्यापक जब किसी नए प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त किया जाता है तो वहां भी उसकी सेवा काल सबसे कम होने के कारण, यदि पुनः उपरोक्त अनुपात को बनाए रखने के लिए किसी अध्यापक के स्थानांतरण की आवश्यकता होती है तो नए आए उक्त अध्यापक का ही स्थानांतरण किया जाता है। दलील दी गई कि इस प्रकार इस नीति के तहत जूनियर अध्यापकों का ही स्थानांतरण होता है जबकि जो वरिष्ठ हैं अथवा पुराने हैं, वे अपने विद्यालय में ही बने रहते हैं।




# भारत खराब टीम नहीं बनी, वे चीजें बदल देंगे : टॉम लैथम



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम हाल ही में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बावजूद विनम्र बने हुए हैं और उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम जल्द से जल्द शानदार वापसी करने की क्षमता रखती है।

लैथम के नेतृत्व में कीवी टीम बेंगलुरु, पुणे और मुंबई टेस्ट जीतकर भारत के खिलाफ उसकी धरती पर तीन या इससे अधिक मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने वाली पहली मेहमान टीम बन गई। लैथम ने भारत से यहां पहुंचने के बाद कहा, भारतीय क्रिकेट वास्तव में खास है। हमने उनके खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल में उनके साथ खेलते हैं। वे इस हार से निश्चित तौर पर निराश थे लेकिन उनकी टीम अब भी बहुत अच्छी है।

उन्होंने कहा,एक श्रृंखला में हार से वह रातों-रात खराब टीम नहीं बन जाती। मुझे पूरा विश्वास है कि वे चीजों को बदलने में सफल रहेंगे। लैथम ने कहा कि श्रृंखला में जीत इसलिए भी विशेष बन गई क्योंकि भारत आने से पहले न्यूजीलैंड को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, जब हम श्रीलंका दौरे पर थे तब परिस्थितियां हमारे अनुकूल नहीं चल रही थी और इसलिए इस श्रृंखला में जीत विशेष बन जाती है क्योंकि आप ऐसा कुछ हासिल करते हैं जो पहले हासिल नहीं किया गया हो। हमने इस जीत का मिलकर जश्न मनाया। न्यूजीलैंड अब घरेलू मैदान पर तीन मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड से भिड़ेगा और लैथम ने कहा कि क्रिकेट के बैज़बॉल ब्रांड का सामना करना उनकी टीम के लिए अलग तरह की चुनौती होगी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह रोमांचक श्रृंखला होगी। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर हो या बाहर टेस्ट मैच हमेशा रोमांचक रहे हैं। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि यह श्रृंखला भी रोमांचक होगी।

# हरमनप्रीत दशक की डब्ल्यूबीबीएल टीम के लिए 50 खिलाड़ियों की सूची में



मेलबर्न। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की दशक की टीम के लिए 50 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है।

इस सूची को गुरुवार को जारी किया गया जिसमें जगह बनाने वाली हरमनप्रीत एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं। इस सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह दी गई है जिन्होंने वर्तमान सत्र से पहले डब्ल्यूबीबीएल में कम से कम 60 मैच खेले हैं।

सार्वजनिक मतदान के बाद विशेषज्ञों का एक विशेष चैनल इस सूची में से अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन करेगा। सार्वजनिक मतदान 11 से 24 नवंबर के बीच किया जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक क्ली स्मिथ चयन पैनल के अध्यक्ष हैं।

इसमें मेल जोन्स, लिसा स्टालेकर, मैथ्यू मॉट, क्वेंटिन हल, लौरा जॉली और एलिस्टेयर डॉब्सन भी शामिल हैं। टीम की घोषणा एक दिसंबर को की जाएगी जिसमें अधिकतम तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिलेगी।

## संक्षेप

### एटीपी फाइनल्स में सिनर व अल्काराज अलग ग्रुप में

तूरिन (इटली)। यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज को बृहस्पतिवार को हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के ड्रॉ में अलग-अलग ग्रुप में जगह मिली। सिनर और अल्काराज की भिड़ंत सेमीफाइनल से पहले नहीं होगी। इली नास्तासे ग्रुप में सिनर के अलावा दानिल मेदवेदेव, टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डि मिनोर को जगह मिली है जबकि जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में अल्काराज, एलेक्जेंडर ज्वेरेव, कास्पर रूड और आंद्रे रूबलेव शामिल हैं। साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार को शुरू होगा और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे। सिनर ने 2024 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन का खिताब जीता जबकि अल्काराज ने दो अन्य ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन और विंबलडन का खिताब अपने नाम किया।

### शोरे का शतक, विदर्भ मजबूत स्कोर की ओर

नागपुर। हिमाचल प्रदेश को पहली पारी में 307 रन पर समेटने के बाद पूर्व चैम्पियन विदर्भ बृहस्पतिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के शतक से स्टंप तक दो विकेट पर 283 रन बनाकर मजबूत स्थिति में है। दिल्ली के लिए 10 साल खेलने के बाद 2023-24 सत्र से पहले विदर्भ से जुड़े शोरे दिन का खेल खत्म होने तक 108 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पिछले सत्र में कर्नाटक छोड़कर विदर्भ से जुड़े करूण नायर 76 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 142 रन बनाकर विदर्भ को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया क्योंकि टीम अब हिमाचल से महज 24 रन पीछे है। विदर्भ के लिए शोरे और अथर्व तायडे (33 रन) ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की। तायडे के मुकुल नेगी की गेंद पर आउट होने के बाद शोरे ने दानिश मालेवार के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की भागीदारी निभाकर विदर्भ के अच्छे स्कोर की नींव रखी। पर मालेवार 72 गेंद में 10 चौके से 59 रन बनाकर मध्यम गति के गेंदबाज वैभव अरोडा का शिकार हो गये। पर हिमाचल की खुशी ज्यादा देर नहीं रह सकी क्योंकि शोरे और नायर ने बिना किसी परेशानी के उसके गेंदबाजों का सामना करना जारी रखा तथा स्टंप तक अपनी टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। शोरे ने 192 गेंद का सामना करते हुए सिर्फ छह चौके लगाये जबकि बाकी रन एक और दो रन लेकर बनाये। इससे पहले हिमाचल ने सुबह छह विकेट पर 263 रन से खेलना शुरू किया और टीम ने चार विकेट 44 रन जोड़कर गंवा दिये।

### टेस्ट रैंकिंग में कोहली व रोहित टॉप-20 से बाहर

नयी दिल्ली। आईसीसी टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में भारत के विराट कोहली टॉप-20 और रोहित शर्मा टॉप-25 से बाहर हो गए हैं। बुधवार को जारी हुई लेटेस्ट रैंकिंग में ऋषभ पंत और शुभमन गिल को फायदा हुआ। वहीं बॉलर्स रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन पांचवें नंबर पर पहुंच गए। टेस्ट टीम रैंकिंग में न्यूजीलैंड एक स्थान की छलांग लगाकर 5वें नंबर पर पहुंच गया। टीम ने श्रीलंका को पीछे धकेला। ऑस्ट्रेलिया पहले और भारत दूसरे नंबर पर मौजूद है। रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर की लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर आर. अश्विन हैं। विराट 22वें नंबर पर बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में विराट कोहली एक ही फिफ्टी लगा सके। उन्होंने 10 पारियों में 21.33 की औसत से 192 रन बनाए। लगातार 5 टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन के कारण विराट को 8 स्थान का नुकसान हुआ और वह 22वें नंबर पर पहुंच गए। विराट 10 साल बाद टॉप-20 टेस्ट रैंकिंग से बाहर हुए।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत ए को 161 पर किया आउट

## जुरेल चमके पर नहीं चले राहुल, उछाल लेती पिच पर भारत ए रहा नाकाम





एजेंसी

**मेलबर्न।** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने अपनी शानदार तकनीक और संयम के साथ खेलने के कौशल का अच्छा नमूना पेश किया लेकिन भारत ए के अन्य बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को यहां उछाल लेती पिच पर संघर्ष करते नजर आए। भारत ए की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57.1 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। इनमें लगभग आधे रन तीसरे ओवर में बल्लेबाजी करने आए जुरेल (186 गेंदों पर 80 रन) ने बनाए। उनके अलावा 20 रन का आंकड़ा पार करने वाले अन्य बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल (26) थे। जुरेल की तरह इस मैच में खेलने के लिए विशेष रूप से यहां पहुंचे केएल राहुल फिर से असफल रहे और केवल चार रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक माइकल नेसर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए।

उन्होंने पहले ओवर में ही भारत को करारा झटका दिया जिससे भारतीय टीम आखिर तक नहीं उबर पाई। स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया ए ने जवाब में दो विकेट पर 53 रन बना लिए थे। भारतीय गेंदबाजों में मुकेश कुमार फिर से सर्वश्रेष्ठ नजर आए। पहले दिन का आकर्षण जुरेल की पारी रही। उन्होंने उछाल लेती पिच पर न सिर्फ धैर्य से बल्लेबाजी की बल्कि लेंथ का भी सही आकलन किया। बोलैंड पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था। भारतीय टीम में ऋषभ पंत पहली पसंद के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, लेकिन जुरेल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में अपना दावा ठोक दिया है। उन्हें सरफराज खान की जगह अंतिम एकादश में लिया जा सकता है। राहुल भले ही नहीं चल पाए लेकिन अगर रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो टीम प्रबंधन सलामी बल्लेबाज के रूप में उन पर भरोसा दिखा सकता है क्योंकि इस स्थान के एक अन्य दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन यहां की परिस्थितियों में फिर से असफल रहे और खाता खोले बिना पवेलियन लौटे।

**सूर्यकुमार ने रोहित से सीखा: जब आप हारते हैं तो जीवन में संतुलन महत्वपूर्ण हो जाता है**

डरबन। रोहित शर्मा की नेतृत्व क्षमता के मुरीद सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि वह उनकी कप्तानी के तरीके का अनुसरण करते हैं और अपनी टीम के साथ मैदान के बाहर काफी समय बिताते हैं जिसका असर उनके मैदानी प्रदर्शन पर दिखता है।

रोहित की तरह ही सूर्यकुमार अपने खिलाड़ियों की मानसिकता को समझकर उन्हें एकजुट रखने और मुश्किल समय में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं। टी20 विश्व कप में विजयी अभियान के बाद भारत के सबसे छोटे प्रारूप के कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने वाले सूर्यकुमार ने निश्चित रूप से अपनी कप्तानी की जरूरतों के अनुसार इसमें बदलाव किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर सूर्यकुमार से जब न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-3 की हार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जीतना और हारना खेल का अहम हिस्सा है। सभी ने कड़ी मेहनत की है। कभी आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं और कभी नहीं। उन्होंने कहा, मैंने उनसे (रोहित) सीखा है कि जिंदगी में संतुलन बहुत जरूरी है। अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भले ही आप हार जायें लेकिन आपका जज्बा नहीं बदलना चाहिए।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड से जीती शृंखला




**ब्रिजटाउन** (बारबाडोस)। कीसी कार्टी और ब्रैंडन किंग के शतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को सात ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीती। सलामी बल्लेबाज किंग ने 117 गेंद पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 102 रन बनाए जबकि कार्टी ने 114 गेंद पर नाबाद 128 रन बनाए जिसमें 15 चौके और दो छक्के शामिल हैं। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 43 ओवर में दो विकेट पर 267 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट 24 रन पर गंवाने के बावजूद अच्छी वापसी करके आठ विकेट पर 263 रन बनाए थे। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (74) और डैन मूसली (57) ने अर्धशतक जमाये। सैम कुरेन ने 40 रन का योगदान दिया जबकि जेमी

❍ कार्टी और किंग ने जड़े शतक

ओवरटन ने 21 गेंदों में 32 और जोफ्रा आर्चर ने 17 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। इससे इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में 100 रन जोड़े।

**आईपीएल के जरिये खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं जेम्स एंडरसन**

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। एंडरसन (42 वर्ष) ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त किया था।

उन्होंने आखिरी बार 2014 में अपना अंतिम टी20 मैच खेला था। वह आईपीएल में कभी नहीं खेले हैं। उन्होंने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत किया और अपना आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये रखा है। एंडरसन ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया और इंग्लैंड के लिए 188 मैच में 704 विकेट लिए। इससे वह श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर शेन वार्न (708) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

# द. अफ्रीका के खिलाफ चमक बिखेरने उतरेंगे भारत के दूसरी श्रेणी के स्टार

एजेंसी

डरबन। भारतीय क्रिकेट जब बदलाव के दौर से गुजर रहा है तब संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे दूसरी श्रेणी के स्टार खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी चमक दिखेर कर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

सैमसन को हाल में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में पारी का आगाज करने का मौका मिला था और उन्होंने 47 गेंद पर 111 रन की पारी खेल कर टीम प्रबंधन के फैसले को सही साबित किया था। रोहित शर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और ऐसे में सैमसन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ अच्छी पारियां खेल कर इस प्रारूप में भारतीय शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा के लिए भी यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि जिंबॉब्वे के खिलाफ जुलाई में



हरारे में आकर्षक शतक बनाने के बाद वह रन बनाने के लिए जूझते रहे हैं।

उन्हें अपनी जगह पक्की करने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। वह बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज के रूप में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसी तरह की स्थिति तिलक वर्मा की है।

# चैंपियंस लीग : बार्सिलोना और इंटर मिलान फिर जीते

एजेंसी

**पेरिस।** बार्सिलोना और इंटर मिलान ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और जीत दर्ज की लेकिन पेनल्टी के अजीबोगरीब फैसले के कारण एस्टन विला का विजय अभियान थम गया। एस्टन विला ने सप्ताह की शुरुआत 36-टीमों की तालिका में शीर्ष पर की थी, लेकिन

❍ एस्टन विला का विजय अभियान थमा

उसकी जीत का सिलसिला बुधवार को क्लब ब्रुग से 1-0 की हार के साथ थम गया।

एस्टन विला के डिफेंडर टायरोन मिंग्स ने क्लब ब्रुग के क्षेत्र में गेंद उठाई। रेफरी ने इस फाउल करार देकर विरोधी टीम को पेनल्टी दे दी। ब्रुग के कप्तान हंस वानाकेन ने 52वें मिनट में इस पर गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। एस्टन विला इस हार से तालिका में आठवें स्थान पर लुढ़क गया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के बिना अपना पहला सत्र खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन को एटलेटिको मैड्रिड ने 2-1 से हराया।



इस पराजय से फ्रांस का क्लब तालिका में 25वें स्थान पर खिसक गया। एटलेटिको मैड्रिड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में निर्णायक गोल किया। बार्सिलोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से रेड स्टार बेलग्रेड पर 5-2 की बड़ी जीत दर्ज की।

इससे बार्सिलोना तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है। इंटर मिलान ने सैन सिरो में आर्सेनल को 1-0 से हराया। उसकी तरफ से हाकन अलहानोग्लू ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया। इंटर मिलन के 10 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है। चैंपियंस लीग में पहली बार खेल रहे फ्रांस के क्लब ब्रेस्ट ने स्पार्टा प्राग को 2-1 से पराजित करके अपना अजेय अभियान जारी रखा। ब्रेस्ट की टीम अभी चौथे स्थान पर है और उसका नॉकआउट चरण में पहुंचना तय है। अन्य मैचों में अटलांटा ने स्टटगार्ट को 2-0 से, साल्ज़बर्ग ने फेनोर्ड को 3-1 से और बायर्न म्यूनिख ने बेनफिका को 1-0 से हराया।

# अय्यर के दोहरे शतक से मुंबई ने ओडिशा पर कसा शिकंजा

एजेंसी

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां 233 रन बनाए जिससे मुंबई ने ओडिशा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए क्रिकेट मैच में दूसरे दिन चार विकेट पर 602 रन बनाकर पारी घोषित की। अय्यर ने लगातार दूसरा रणजी शतक जड़ा जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी है। उन्होंने इस दौरान लगभग 103 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।



अय्यर को वापसी कर रहे सिद्धेश लाड का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 337 गेंद में 17 चौकों की मदद से नाबाद 169 रन बनाए। मुंबई की टीम कल के स्कोर तीन विकेट पर 385 रन से आगे खेलने उतरी और टीम ने 217 रन और जोड़े। अय्यर और लाड ने चौथे विकेट के लिए 354 रन की साझेदारी की जो 42 बार के चैंपियन मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी में रिकॉर्ड है। मेजबान टीम के स्पिनरों हिमांशु सिंह (22 रन पर दो विकेट) और शम्स मुलानी (52 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद दो-दो विकेट चटकाकर ओडिशा का स्कोर पांच विकेट पर 146 रन कर दिया। ओडिशा की टीम अब भी पहली पारी के आधार पर 456 रन से पीछे है। दिन का खेल खत्म होने पर संदीप पटनायक 73 जबकि देबब्रत प्रधान सात रन बनाकर खेल रहे थे। पुणे के सेना के पहली पारी के 293 रन के जवाब में महाराष्ट्र की टीम 185 रन पर ढेर हो गई जिससे मेहमान टीम ने 108 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। सेना ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 15 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 123 रन तक पहुंचाई।

# किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी

इकसान सिटी (कोरिया)। भारत के किरण जॉर्ज ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां तीसरे वरीय चीनी ताइपे के ची यू जेन को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौबीस वर्षीय भारतीय किरण ने चीनी ताइपे के दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी को दूसरे दौर के मुकाबले में एक घंटे और 15 मिनट में 21-17 19-21 21-17 से हराया।

दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण क्वार्टर फाइनल में जापान के पांचवें वरीय ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। किरण ने इससे पहले इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को 15-21 21-12 21-15 से हराया था। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय किरण ने मुकाबले में बेहतर शुरुआत की और पहले गेम में चीनी ताइपे के खिलाड़ी के खिलाफ बढ़त बरकरार रखते हुए इसे जीता। दूसरे गेम में भी किरण ने अच्छी शुरुआत करते हुए बढ़त बनाई लेकिन जेन ने वापसी करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में किरण ने 8-2 की मजबूत बढ़त बनाई लेकिन जेन ने वापसी करते हुए 14-14 और फिर 17-17 पर स्कोर बराबर किया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद धैर्य बरकरार रखते हुए गेम और मैच जीत लिया।

**विशाखापट्टनम में बैडमिंटन अकादमी स्थापित करेगी पीवी सिंधु**

विशाखापट्टनम। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु की स्वप्निल परियोजना बैडमिंटन और खेल उत्कृष्टता के लिए पीवी सिंधु केंद्र विशाखापट्टनम में स्थापित किया जाएगा।



# डब्ल्यूपीएल की फ्रेंचाइजी ने बड़े नामों को रिटेन किया

नयी दिल्ली। स्मृति मंधाना, एलिस पैरी, शेफाली वर्मा, मेग लेनिंग और हरमनप्रीत कौर कुछ बड़े नाम है जिन्हें उनकी फ्रेंचाइजी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र के लिए रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को 14 खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की जिसमें छह विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। कप्तान स्मृति, स्टार बल्लेबाज पैरी और विकेटकीपर रिचा घोष को डब्ल्यूपीएल चैंपियन टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी जैसी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखा है। विदेशी खिलाड़ियों में लेनिंग, दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी और एनाबेल सदरलैंड को टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। डब्ल्यूपीएल 2025 से पहले मुंबई इंडियन्स ने 14 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है। मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत, नैट स्किवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, सजना सजीवन, सेइका इशाक जैसी खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

# मनोहर का अर्धशतक, कर्नाटक के पांच विकेट पर 155 रन



एजेंसी

बेंगलुरु। अभिनव मनोहर ने नाबाद अर्धशतक की बदौलत कर्नाटक शीर्ष क्रम के चरमराने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन स्टंप तक बंगाल के खिलाफ पांच विकेट पर 155 रन बनाने में सफल रही। मनोहर ने 73 गेंद में नाबाद 50 रन (छह चौके, एक छक्का) बनाये और श्रेयस गोपाल (नाबाद 23 रन) के साथ अभी तक 58 रन की भागीदारी निभा ली है जिससे कर्नाटक की टीम को पांच विकेट पर 97 रन के स्कोर से उबरने में मदद मिली। कर्नाटक की टीम अब भी 146 रन से पीछे है। बंगाल ने सुबह पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 301 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक (38 रन देकर पांच विकेट) और लेग स्पिनर श्रेयस (87 रन देकर तीन विकेट) ने बचे हुए पांच विकेट 52 रन के अंदर झटक लिये।

लेकिन कर्नाटक की यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी क्योंकि बंगाल के गेंदबाज सूरज सिंधु जायसवाल (53 रन देकर दो विकेट) और आर विवेक (44 रन देकर दो विकेट) ने कर्नाटक के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। बल्कि घरेलू टीम ने अपने सबसे अनुभवी बल्लेबाज कप्तान मयंक अग्रवाल (17) और मनीष पांडे (0) के विकेट छह गेंद के अंदर गंवा दिये। पर कर्नाटक ने सफेद गेंद के विशेषज्ञ मनोहर और श्रेयस की बल्लेबाजी से 18 ओवर तक कोई विकेट नहीं गंवाया। थुम्बा में उत्तर प्रदेश के 162 रन के जवाब में केरल ने सचिन बेबी (83 रन) और सलमान निजार (नाबाद 74 रन) के अर्धशतकों से स्टंप तक सात विकेट गंवाकर 340 रन बनाकर पहली पारी में 178 रन की बढ़त हासिल की।

उत्तर प्रदेश के लिए शिवम मावी और शिवम शर्मा ने दो दो विकेट झटके। पटना में ग्रुप के एक अन्य मैच में मध्य प्रदेश ने बिहार के खिलाफ अपनी पहली पारी 616 रन पर समाप्त की जिसमें उसके लिए शुभम शर्मा (240 रन) ने दोहरा शतक जबकि वेंकटेश अय्यर (174 रन) ने शतक जड़ा। बिहार के हिमांशु सिंह ने पांच और सचिन कुमार सिंह ने चार विकेट हासिल किये। बिहार ने स्टंप तक चार विकेट गंवाकर 131 रन बना लिये थे और वह 485 रन से पीछे थी। रोहतक में पहली पारी में 114 रन बनाने वाली हरियाणा की टीम हिमांशु राणा (68 रन) के अर्धशतक के बावजूद दूसरी पारी में 243 रन पर सिमट गई जिससे पंजाब को जीत के लिए 217 रन का लक्ष्य मिला। निशांत सिंधू के 47 रन देकर छह विकेट झटकने से पंजाब की टीम पहली पारी में 141 रन पर ढेर हो गई थी।

